You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-263 ❒ मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं बल्कि रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने का माध्यमः राजनाथ 11

लोकआस्था का पर्व छठ की धूम



# एसआईआर का दूसरा चरण में आज से

## 12 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों की नयी मतदाता सूचियां होंगी तैयार

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी समेत 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम मंगलवार से शुरू करने की घोषणा की है जो सात फरवरी तक संपन्न कर लिया जायेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में एसआईआर के दूसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए विश्वास जताया कि इस संवैधानिक कार्य में आयोग को सभी राज्यों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। श्री ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में दूसरे चरण में एसआईआर कराया जाना है, उनमें अंडमान-निकोबार, चंडीगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुड्डुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों की मतदाता सूचियों में आज आधी रात के बाद तब तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा जब तक कि एसआईआर का काम संपन्न नहीं हो जाता। इसके साथ ही इस कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले आयोग की अनुमति से ही किये जा सकेंगे। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एसआईआर के दूसरे चरण में तीन नवंबर तक फार्मों की छपाई और कर्मचारियों का प्रशिक्षण होगा, चार नवंबर से चार दिसंबर तक बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ), प्रशासन के वालंटियर और राजनीतक दलों के एजेंटों के माध्यम से घर-घर जाकर छपे हुए निर्वाचक गणना फार्मों का वितरण और उन्हें वापस जुटाकर मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के पास जमा करवाने की प्रक्रिया चलेगी। कार्यक्रम के अनुसार गणना फार्मों की प्राप्ति के आधार पर संबंधित राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों की नयी मतदाता सूची का मसौदा नौ दिसंबर को प्रकाशित कर दिया जायेगा और उसी दिन से आठ जनवरी 2026 तक उन पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। नौ से 31 जनवरी तक नोटिस और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी और पक्की मतदाता सूची सात फरवरी को जारी कर दी जायेगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एसआईआर के पहले चरण में पूरे उत्साह से भाग लेने के लिए बिहार के साढ़े सात करोड़ मतदाताओं की पूर्ण भागीदारी को लेकर उनके प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार की पक्की सूची पर दावे और आपत्तियां शून्य के बराबर हैं, जो दर्शाती हैं कि राज्य की मतदाता सूची 'अधिकतम' रूप से शुद्ध है। उन्होंने बताया कि बिहार के एसआईआर के अनुभवों के बाद दूसरे चरण के एसआईआर में मतदाताओं को मतदाता गणना फॉर्म के साथ विनिर्दिष्ट 11 दस्तावेजों में से किसी दस्तावेज को जमा कराने की जरूरत नहीं है लेकिन सत्यापन के दौर में कागजात मांगे जा सकते हैं। उन्होंने इन राज्यों के मतदाताओं को कानून के अनुसार केवल एक ही 'मतदाता गणना फॉर्म ' जमा कराने की सलाह देते हुए कहा, हो सकता है कि किसी का नाम दो क्षेत्रों की सूची में रह गया हो और ऐसे में उसे दो जगह से यह फॉर्म प्राप्त हो सकता है लेकिन यदि वह मानसिक रूप से कानूनी अपराध की इच्छा नहीं रखता हो तो, उसे मात्र एक ही गणना फार्म जमा कराना चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार की ही तरह एसआईआर के दूसरे चरण में भी 2002 से लेकर 2004 के बीच में करायी गयी पिछली एसआईआर के बाद तैयार सूचियों को मिलान का आधार बनाया जायेगा। इन राज्यों और क्षेत्रों की वर्तमान सूचियों के मिलान का कार्य इनके मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने कर लिया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल और केरल को लेकर संवाददाताओं द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि सभी संवैधानिक संस्थाओं के लिए ● शेष पेज 11 पर




### एसआईआर के चार प्रमुख कारण

**लोगों का माइग्रेशन (प्रवासन):** भारत की विकास गाथा के साथ लोगों का बड़ी संख्या में एक जगह से दूसरी जगह जाना।

**दोहरी/एकाधिक प्रविष्टि:** माइग्रेशन के कारण मतदाताओं का नाम पुरानी जगह के साथ-साथ नई जगह भी रजिस्टर हो जाता है, जिससे एक से ज़्यादा जगह पंजीकृत होने वाले वोटर की समस्या पैदा होती है।

**मृत्यु के बावजूद नाम का रहना:** मतदाता की मृत्यु होने के बावजूद भी उसका नाम सूची में रह जाना।

**विदेशी नागरिकों का नाम:** गलती से किसी भी विदेशी नागरिक का नाम मतदाता सूची में आ जाना।

### दायरे में आएंगे 51 करोड़ मतदाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत बारह राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने की घोषणा की है जिसके तहत करीब 51 करोड़ मतदाताओं के पहचान की गहन जांच की जायेगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि एसआईआर के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वर्तमान सूचियों का सत्यापन किया जाएगा जिनमेंकरीब 51 करोड़ मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इसमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश के 15.44 करोड़ मतदाता हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल में 7.66 करोड़ मतदाता हैं। मंगलवार से

# डूबते सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य


छठ के मौके पर गोमती पूजन करते मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में पुत्र प्राप्ति, समृद्धि एवं मंगलकामना के पर्व छठ पर सोमवार की शाम आदि गंगा गोमती तट पर पर डूबते सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया। भगवान सूर्य की आराधना के लिए बहने वाली नदियों के घाटों और तालाबो पर लाखों व्रतधारियों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। श्रद्वालु आज सुबह उगते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब व जलाशयों में भी सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया। दोपहर से ही छठ व्रतियों एवं दर्शनार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में छठव्रती अपने पूरे परिवार एवं गाजे-बाजे के साथघाटों पर पहुंच कर शाम को पूरे विधि-विधान से सूर्य देव की आराधना की गई। छठव्रतियों ने डूबते सूर्य एवं छठमाता की आराधना की। इस दौरान आतिशबाजियां और गाजे-बाजे से माहौल रंगीन रहा, घाटों पर भीड़ कुछ ज्यादा ही दिखी। प्रसाद की वस्तुओं से भरे बांस से बने सूप और टोकरियों को घाट पर ले जाया जाता है जहां सूर्य देव और छठी मैय्या को संध्या अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन भक्त न कुछ खाते हैं और न ही जल पीते हैं। निर्जला व्रत छठ के चौथे या अंतिम दिन के सूर्योदय तक जारी रहता है जब सूर्य भगवान और छठी मैय्या को उषा अर्घ्य दिया जाता है।

छठ के अंतिम दिन अर्घ्य के बाद, बांस की टोकरियों से प्रसाद पहले व्रतियों द्वारा खाया जाता है और फिर परिवार के सभी सदस्यों और व्रतियों के साथ वितरित किया जाता है। छठ पूजा के चार दिवसीय त्योहार के तीसरे दिन, डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और इसे संध्या अर्घ्य या पहला अर्घ्य के रूप में जाना ● शेष पेज 11 पर

> " जगतात्मा भगवान भास्कर के उदयीमान और अस्ताचलगामी दर्शन से आलोकित, मातृशक्ति की अखण्ड आस्था और लोकमानस की शाश्वत श्रद्धा के प्रतीक पावन छठ महापर्व की समस्त श्रद्धालुओं व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
>
> **योगी आदित्यनाथ**

## संक्षेप

### अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण संबंधी सभी कार्य पूर्ण हुए : ट्रस्ट

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य मंदिर समेत परकोटे के छह मंदिरों शिव, गणेश, हनुमान, सूर्य, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। साथ ही इन सभी पर ध्वजदंड और कलश भी स्थापित कर दिया गया है। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने दी। इसके अलावा सप्त मंडप (महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, शबरी, ऋषि पत्नी अहिल्या) का निर्माण भी पूरा हो गया है। संत तुलसीदास का मंदिर भी पूरा हो गया है। गिद्ध राज जटायु और गिलहरी भी स्थापित हो गई है। इसके साथ ही दर्शनार्थियों की सुविधा और व्यवस्था से सीधे जुड़े सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। इस बारे में सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़कें और फ्लोरिंग पर पत्थर लगाने, भूमि सौंदर्य, हरियाली और 10 एकड़ में पंचवटी का कार्य तीव्रता से चल रहा है। इसके अलावा साढ़े तीन किलोमीटर घेराव की चारदीवारी (बाउंड्रीवॉल), ट्रस्ट कार्यालय, अतिथि गृह और सभागार का निर्माण भी चल रहा है।

### सरकार की अर्थी निकालने की बात करने वाले सीएमएस निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हे अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डॉ भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमे अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियाँ करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयाँ दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डॉ. भास्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा। उन्हें इस अवधि में किसी अन्य विभागीय या व्यावसायिक कार्य में शामिल नहीं होने के निर्देश दिए।

# उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के युवाओं को जोड़ रहा था अदनान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ अदनान खान व मो. अदनान के नेटवर्क को पता करने में लगी एटीएस
- ❒ राम मंदिर के साथ कई धार्मिक स्थल पर धमाके करने की साजिश पहले से थी

लखनऊ। दिल्ली स्पेशल सेल के हत्थे चढ़े अदनान खान और मो. अदनान दोनों ने खतरनाक मंसूबे पाल रखे थे। ये लोग धार्मिक स्थलों और बड़े शहरों में धमाका करने की साजिश के लिए उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के युवाओं को अपने साथ जोड़ने में लगे थे। भोपाल निवासी अदनान खान जमानत पर बाहर आने के बाद से ही सक्रिय हो गया था। एटीएस को उसके बारे में भनक लगती, इससे पहले ही दिल्ली की स्पेशल ने उसे पकड़ लिया। आत्मघाती हमला करने की साजिश रच रहे थे दिल्ली पुलिस ने भोपाल से करौंद निवासी अदनान खान उर्फ अबु मोहम्मद (20) और सादिक नगर दिल्ली निवासी मो. अदनान (19) को पकड़ा।

इन लोगों ने कुबूला कि वह लोग आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े वीडियो देखकर आत्मघाती हमला बनाने की योजना बनाने में लगे थे। उनका मकसद देश के कई हिस्सों में धमाका करना था।

अदनान खान इससे पहले जब पकड़ वाराणसी में ज्ञानव्यापारी मामले की सुनवाई करने वाले जज को धमकी देने के मामले में पकड़ा गया था, तब भी कई सनसनीखेज राज उगले थे। 25 सितम्बर, 2024 को जमानत पर बाहर आने के बाद वह फिर तेजी से सक्रिय हो गया था। अदनान के पिता से भी पूछताछ करेगी एटीएस यूपी एटीएस अदनान की गिरफ्तारी होते ही अलर्ट हो गई। अदनान मूल रूप से एटा का रहने वाला है। उसके पिता सलीम खान दूरदर्शन में ड्राइवर है। वह वर्ष 2023 में ट्रांसफर होने पर परिवार सहित दिल्ली आ गए ● शेष पेज 11 पर

# डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों से जुड़ी प्राथमिकियों का कोर्ट ने मांगा ब्यौरा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ''डिजिटल गिरफ्तारी'' घोटालों में दर्ज प्राथमिकियों का ब्यौरा देने का निर्देश दिया।

यह साइबर धोखाधड़ी का एक बढ़ता हुआ रूप है जहाँ जालसाज़ खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर पीड़ितों को पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमालया बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय इस मामले की जाँच केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने पर विचार कर सकता है बशर्ते एजेंसी के पास देश भर में ऐसे बढ़ते मामलों को संभालने के लिए पर्याप्त संसाधन हों। न्यायालय का यह निर्देश 17 अक्टूबर को स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किये गये एक मामले की सुनवाई के दौरान आया जो नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर किये जा रहे व्यापक डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की खबरों के बाद शुरू किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि सीबीआई पहले से ही ऐसे कुछ मामलों की जाँच कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, कृपया पता करें कि क्या सीबीआई के पास सभी मामलों को संभालने के लिए संसाधन हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''अगर उन्हें साइबर अपराध विशेषज्ञों की ज़रूरत है, तो वे हमें बता सकते हैं।'' सॉलिसिटर जनरल ने इस मामले में स्पष्ट करते हुये कहा कि सीबीआई इन मामलों में गृह मंत्रालय के साइबर अपराध ● शेष पेज 11 पर



### अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए सूर्यकांत के नाम की अनुशंसा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने वरिष्ठता की स्थापित परंपरा का पालन करते हुए अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की औपचारिक रूप से अनुशंसा की है। न्यायमूर्ति गवई ने इस सप्ताह की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय को लिखे एक पत्र में यह अनुशंसा की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत वर्तमान में न्यायमूर्ति गवई के बाद उच्चतम न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत नवंबर 2025 में श्री गवई की सेवानिवृत्ति के बाद भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। केंद्र सरकार ने हाल ही में अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है।

# रेलवे हॉस्पिटल में लगी आग, सीसीयू में फंसे 22 मरीजों का रेस्क्यू

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और स्टाफ का दम घुटने लगा। हादसे के दौरान क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती 22 मरीज फंस गए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना सुबह 5:38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीमें 5:48 बजे मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच के अनुसार, आग अस्पताल के भूतल पर बने सीसीटीवी सर्वर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। कुछ ही मिनटों में लपटें उठीं और धुआं पूरे ग्राउंड फ्लोर में फैल गया। इससे फर्स्ट फ्लोर स्थित सीसीयू यूनिट धुएं से भर गई, जहां मरीज भर्ती थे। धुआं बढ़ते ही अस्पताल में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। फायर अलार्म बजने लगे। अस्पताल के स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने मिलकर जैसे-तैसे ● शेष पेज 11 पर

## खीरी जिले के मुस्तफाबाद का नाम होगा 'कबीरधाम'

# हमारी गुलामी का कारण रही छुआछूत : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले के मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया गया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। विपक्ष यह सब सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मुस्तफाबाद स्थित विश्व कल्याण आश्रम पहुंचे और 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला-2025' में भाग लेकर पूज्य संतों को नमन किया। कबीरधाम आश्रम में आयोजित इस आयोजन में मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीरदास जी की वाणी आज भी समाज का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने निर्गुण भक्ति की वह धारा प्रवाहित की जो समाज की विसंगतियों को तोड़कर आत्मा और परमात्मा का संबंध सरल शब्दों में आमजन को समझाने में सफल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागूं पांव...' यह दोहा आज भी हमें गुरु के महत्व का स्मरण कराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सैकड़ों वर्ष पूर्व थी। उन्होंने कहा कि 'कबीरदासजी ने उस दौर में समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर कहा था, 'जाति पाति पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।' यह वाणी हमारे समाज की एकता और अखंडता की आधारशिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। पहले यही पैसा कब्रिस्तान की चहारदीवारी बनाने में लगता था। पिछली सरकारों में अयोध्या को फैजाबाद, प्रयागराज को इलाहाबाद और कबीरधाम को मुस्तफाबाद बनाया था। हमने इन स्थलों की पहचान वापस लौटाने का कार्य किया है। विपक्ष यह सब सेक्युलरिज्म के नाम पर करता था, जबकि यह पाखंड है। अब मुस्तफाबाद का नाम कबीरधाम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की एकता को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज भी समाज विरोधी ताकतें आस्था पर प्रहार करने और जाति के नाम पर विभाजन करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम समय रहते अपनी कमजोरियों ● शेष पेज 11 पर



### युवाओं के अनुशासन, सेवा भावना के संकल्प को सशक्त करेगा जंबूरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 61 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिलना राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह अवसर युवा शक्ति के अनुशासन, राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त रूप में प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को आगामी भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान ये बातें कहीं। यह प्रतिष्ठित आयोजन 23 से 29 नवम्बर 2025 तक लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-15, वृंदावन योजना में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश की दक्षता, व्यवस्था, सुरक्षा और आतिथ्य क्षमता का परिचायक बने। महाकुंभ की तर्ज पर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आवास, खानपान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी व्यवस्थाएं पूरे समन्वय के साथ की जाएं। 19वें राष्ट्रीय जंबूरी की थीम 'आत्मनिर्भर स्वदेशी भारत, स्वच्छ एवं विकसित भारत, ग्रीन एवं सस्टेनेबल भारत' हर स्तर पर प्रतिबिंबित होना चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की डायमंड जुबिली का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 28,000 से 29,000 स्काउट्स एवं गाइड्स, विदेशों से लगभग 1,000 से 2,000 प्रतिभागी तथा करीब 5,000 स्वयंसेवक एवं स्टाफ सदस्य सम्मिलित होंगे। आयोजन स्थल लगभग 300 एकड़ क्षेत्रफल में फैला होगा, जिसकी परिधि 7 किलोमीटर से अधिक होगी। योजना के अनुसार, 3,500 टेंट, 2,200 शौचालय, 1,700 बाथरूम, 100 रसोई और 4 सेंट्रल किचन की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 लाख वर्गफुट क्षेत्रफल वाले मुख्य एरीना स्टेडियम में 30,000 दर्शकों के बैठने की सुविधा होगी, जिसमें 12 प्रवेश द्वार, 11 एलईडी स्क्रीन और 5 जर्मन हैंगरयुक्त वीवीआईपी गैलरी बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर उत्तर प्रदेश को अपनी परंपराओं, संस्कृति और नवाचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि एक्सपो ग्राउंड में प्रदर्शनी स्टॉल स्थापित किए जाएं, जिनमें राज्यवार प्रदर्शनियों के साथ ग्लोबल ● शेष पेज 11 पर

# छठ पूजा की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

**जिलाधिकारी ने त्योहार को देखते हुए सोमवार को संगम नोज, गऊघाट, बलुआघाट, दशाश्वमेघ घाट सहित विभिन्न घाटों का बारीकी से निरीक्षण किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में सूर्य षष्ठी (छठ पूजा) के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को संगम नोज, गऊघाट, बलुआघाट, दशाश्वमेघ घाट सहित विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया।

उन्होंने घाटों पर की गई तैयारियों जैसे प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, गोताखोरों की तैनाती, बैरिकेटिंग, चेंजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट और चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक, पार्किंग तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए तथा गहरे पानी वाले क्षेत्रों में चेतावनी संकेत और बैरिकेटिंग उचित स्थानों पर लगाई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि आयोजन स्थलों पर एम्बुलेंस और सुरक्षा बलों की तैनाती रहे ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इससे पूर्व विभागीय अधिकारियों ने उक्त पूजा स्थलों पर विभिन्न कार्य कराये गये जिसे लेकर आज जिलाधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण कर सभी तैयारियों का जायजा लिया है।

## एसपी ने मां गंगा की आरती कर लगाए छठ मईया के जयकारे



शाहजहांपुर। जनपद में हर्षोल्लास के साथ छठ पर्व मनाया गया। इस दौरान जिला गंगा समिति के बैनर तले गंगा समग्र एवं पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में गर्रा नदी राजघाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मां गंगा की आरती कर शुभारम्भ किया। साथ ही समाजसेवी मुकेश परिहार, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, पुष्पक श्रीवास्तव, सरदार राजू बग्गा आदि ने भी सपत्नीक मां गंगा की आरती की और छठ मईया और गंगा मईया के जयकारे लगाए। गंगा समग्र की महिला टीम ने मन्दिरों के बचे पुष्पों से भव्य रंगोली बनाई। जोकि आकर्षण का केन्द्र रही। वहीं बालिकाओं और महिलाओं ने जमकर सेल्फी व फोटो ली। जिला परियोजना अधिकारी डा. विनय कुमार सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए घाट व नदी को निर्मल व अविरल बनाने की अपील की।

## प्रयागराज में 29 अक्टूबर को आयोजित होगी संयुक्त मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । कानपुर मण्डल की संयुक्त रबी उत्पादकता गोष्ठी 2025 प्रयागराज एवं कानपुर मण्डल की संयुक्त मण्डलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2025 का आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे से जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में किया जाएगा।

इस गोष्ठी की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर दोनों मंडलों के जिलों में रबी फसलों की उत्पादकता तैयारी और रणनीति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में किसानों से फीडबैक प्राप्त कर कृषि योजनाओं की प्रभावशीलता पर भी चर्चा होगी। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और प्रगतिशील कृषकों की सहभागिता के साथ तकनीकी सत्र का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें रबी 2025-26 की फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में नवाचारों पर विचार-विमर्श होगा। कार्यक्रम में रबी कार्यक्रम 2025-26 से जुड़ी तैयारियाँ—बीज, उर्वरक, जिंक सल्फ़ेट, कृषि रक्षा रसायन, बायोपेस्टीसाइड्स, फसली ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड की उपलब्धता, कृषि यंत्रीकरण, पीएम कुसुम योजना, विद्युत, नलकूप व नहरों के संचालनपर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती, एफपीओ के गठन, तथा ई-खसरा पड़ताल (डिजिटल क्रॉप सर्वे) की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंडलों में रबी उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु समस्या-ग्रस्त क्षेत्रों में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप रणनीति एवं कार्ययोजना पर विचार होगा। जिलों से प्राप्त प्रमुख समस्याओं एवं जनप्रतिनिधियों, कृषकों व विभागीय अधिकारियों द्वारा सुझाए गए बिंदुओं पर भी समीक्षा की जाएगी। यह गोष्ठी आगामी रबी सत्र की तैयारियों को मजबूत बनाने तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए ठोस दिशा प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी।

## विवादित भूमि पर बढ़ते अवैध कब्जों को लेकर जनता में आक्रोश, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

प्रयागराज। जनपद में बीते दिनों से विवादित एवं बेशकीमती भूमियों पर हो रहे कथित अवैध कब्जों को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। जनता का कहना है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों जैसे भाजपा के सहयोग से भूमाफिया सक्रिय हैं और प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद कई स्थानों पर निर्माण कार्य जारी हैं।सूत्रों के अनुसार, प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की कुछ भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे की शिकायतें सामने आई हैं, जिन पर जांच की मांग उठी है। नागरिक संगठनों का कहना है कि प्रदेश सरकार की अपराध व भूमाफियामुक्त अभियान की मंशा को कुछ तत्व कमजोर कर रहे हैं, जिससे आम लोगों में असंतोष बढ़ा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की गई है कि किसी भी भूमि विवाद या अतिक्रमण में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जिले में सभी विवादित स्थलों का सर्वेक्षण कर अवैध कब्जों को चिह्नित करने की प्रक्रिया चल रही है और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रयागराज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला शानदार अवार्ड

प्रयागराज। जिले के शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उत्कृष्ट कार्य के लिए शानदार अवार्ड से सम्मानित किया गया है। केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक सिंह को यह सम्मान उनके बेहतरीन प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए दिया गया। सीडीओ हर्षिका सिंह और सीएमओ ने डॉक्टर अभिषेक सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि से जिले के स्वास्थ्य विभाग में उत्साह का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने भी डॉक्टर अभिषेक सिंह और उनकी टीम को बधाई दी, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## प्रयागराज में रावेंद्र पासी हत्याकांड का आरोपी कामरान गिरफ्तार


प्रयागराज। जनपद के चर्चित रावेंद्र पासी हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मुठभेड़ के दौरान फरार चल रहा आरोपी कामरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, कामरान के अलावा अभी पांच नामजद आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। फरार पांच अभियुक्तों पर इनाम बढ़ाकर 25 हजार से 50 हजार रुपये कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

## अडानी को दे दिया गया एलआईसी का 33 हजार करोड़ : संजय सिंह




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था, बीजेपी के नेताओं के आपत्तिजनक बयान, स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और एलआईसी द्वारा अडानी समूह में निवेश जैसे कई गंभीर मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि एलआईसी जिसमें लगभग 25 करोड़ भारतीयों का पैसा जमा है, उस एलआईसी का 33 हजार करोड़ रुपया अडानी को दे दिया गया। सांसद संजय सिंह ने बताया कि आप 12 नवंबर से 24 नवंबर तक सरयू से संगम तक एक पदयात्रा निकालेगी, जिसके दो प्रमुख मुद्दे हैं– 'रोज़गार दो' और 'सामाजिक न्याय दो'। उन्होंने बताया कि प्रांत अध्यक्षों द्वारा पूरे प्रदेश में बैठकों का आयोजन, पर्चा, पोस्टर, होर्डिंग लगाने और सभाओं की तैयारी ज़ोर-शोर से चल रही है।?जारी किए गए मिस्ड कॉल नंबर पर अब तक करीब 3,000 मिस्ड कॉल आ चुकी हैं, जिनमें लोग पदयात्रा को किसी न किसी रूप में समर्थन देना चाहते हैं। ?सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई कई घटनाओं का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि ?पासी समाज के एक बुज़ुर्ग को मंदिर में पेशाब चटवाने की घटना,? उन्नाव में 14 साल के किशोर ऋतिक यादव को पीट-पीट कर मार डालना।?एक कुर्मी जाति के ग्राम प्रधान के घर पर हमला और जातिसूचक गालियाँ देना। वहीं, सरकार स्थितियों में बदलाव लाने के बजाय, नाम बदलने, बुलडोजर चलाने और जुमलेबाजी में व्यस्त है। सांसद संजय सिंह ने बीजेपी के डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के एक वीडियो को दिखाया और उस पर कड़ी आपत्ति जताई बताया कि विधायक ने भीड़ के सामने कहा, ''कम से कम 10 मुसलमान लड़कियों को भगाओ शादी कराएँगे और जो भगाकर लाएगा उसको खाने-पीने भर का नौकरी भी दिलाएंगे, रोज़ी-रोटी भी दिलाएँगे।'' कड़ी निंदा करते हुए संजय सिंह ने इस बयान को ''हिंदू धर्म का अपमान'' और ''हिंदू युवाओं के मानस में नफ़रत भरना'' बताया। उन्होंने पूछा कि क्या कोई हिंदू माँ-बाप अपने बेटे को छिछोरा बनाना चाहेगा? ?संजय सिंह ने आगे कहा कि एसआईआर एक बड़ा फर्जीवाड़ा है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को भारतीय जनता पार्टी का एजेंट बताया और उन पर बिहार में लगभग 80 लाख वोट घटाने का आरोप लगाया।

## लेसा में 5600 पद समाप्त करने के विरोध में बिजली कर्मियों में उबाल



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर राजधानी की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। समिति ने आरोप लगाया कि निजीकरण की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए लेसा में कुल 5606 पद एक झटके में समाप्त किए जा रहे हैं, जिससे बिजली कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।संघर्ष समिति के अनुसार, नई व्यवस्था में 3305 संविदा और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद खत्म हो रहे हैं। सबसे बड़ी मार संविदा कर्मियों पर पड़ने जा रही है। 15 मई 2017 के आदेश के अनुसार जहां 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, वहीं रिस्ट्रक्चरिंग के बाद मात्र 2239 कर्मी ही कार्यरत रह जाएंगे। समिति ने बताया कि अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर और टीजी-2 सहित कुल 2301 नियमित पद भी समाप्त किए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने चेताया कि बिजली कर्मचारी सुधार के पक्षधर हैं, परंतु किसी भी सूरत में निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे। यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रांतव्यापी आंदोलन जारी रहेगा।

## त्योहारों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिये प्रयागराज मंडल में विशेष भीड़ प्रबंधन व निगरानी व्यवस्था लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने सभी प्रमुख स्टेशनों पर विशेष भीड़ प्रबंधन एवं निगरानी व्यवस्था लागू की है। इसका उद्देश्य त्योहारों के दौरान यात्रियों की आवाजाही को सुचारु, सुरक्षित और आरामदायक बनाए रखना है।

अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार के निर्देशन में रेलवे अधिकारियों तथा रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने प्रयागराज जंक्शन पर इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया। इस दौरान स्टेशन निदेशक वी.के. द्विवेदी एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंडल प्रशासन ने 02417 प्रयागराज , नई दिल्ली त्योहार विशेष गाड़ी का सफल संचालन किया। यात्रियों को रेलवे कर्मियों द्वारा उचित मार्गदर्शन देते हुए सुव्यवस्थित रूप से ट्रेन में बैठाया गया। यात्रियों ने इस बेहतर प्रबंधन पर प्रसन्नता व्यक्त की। स्टेशन निदेशक वी.के. द्विवेदी ने बताया कि प्रयागराज मंडल यात्रियों की सुरक्षित, आरामदायक और समयबद्ध यात्रा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान रेलवे प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए हर स्तर पर प्रयासरत है। त्योहारों के दौरान प्रयागराज एक्सप्रेस के सामान्य कोचों में और वाणिज्य विभाग की टीमों द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध कर व्यवस्थित रूप से बैठाया गया। प्लेटफॉर्म पर अनुशासन बनाए रखने और यात्रियों को सही दिशा-निर्देश देने हेतु अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया गया है। साथ ही, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से लगातार सूचनाएँ प्रसारित की जा रही हैं और द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## डूबते सूर्य को अर्घ्य दे कर्मचारियों ने मांगा पुरानी पेंशन

**सभी की मनोंकामनाएं पूर्ण करती हैं छठी मईयाः रूपेश**

**कर्मचारी पेंशन रूपी पुत्र के लिए कर रहे हैं आराधनाः मदन मुरारी शुक्ल**



गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर की टीम ने राजघाट स्थित गुरू श्री गोरक्षनाथ घाट पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य नारायण और छठी मईया से पुरानी पेंशन बहाली हेतु प्रार्थना किया।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि छठी मईया सभी की मनोंकामनाएं पूरी करती हैं इसलिए आज हम देश के लाखों लाख कर्मचारियों की मनोकामना की मनौती लेकर मईया से अर्ज करने आए हैं कि आप सरकार को सद्बुद्धि देकर हम सभी कर्मचारीयों की भी मनोकामना पूरी करें।उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हम सभी साथी गण प्रयास रत है और यह प्रयास तब तक चलता रहेगा जब तक पुरानी पेंशन बहाली लागू नहीं हो जाती है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल ने छठी मईया से विनती करते हुए कहा कि पेंशन कर्मचारियों को बुढ़ापे में पुत्र की ख्याल रखती है इसलिए हम सभी आपसे यह विनती करते हैं कि आप हमे हमारे पेंशन रूपी पुत्र को चिरंजीवी कर दीजिए।उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा और अनूप कुमार ने कहा कि छठ मइया जगत का कल्याण करती हैं इसलिए हम कर्मचारियों का भी माता जी कल्याण करेंगीइस अवसर पर रूपेश कुमार श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ल पंडित श्याम नारायण शुक्ल राजेश मिश्रा अनूप कुमार बंटी श्रीवास्तव इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव इजहार अली सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सांसद रवि किशन शुक्ला छठ महापर्व पर पहुंचे महायोगी गुरु गोरखनाथ मंदिर

**सूर्यदेव को अर्घ्य देकर प्रदेश और देशवासियों के लिए मांगी खुशहाली की दुआ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर गोरखपुर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में सदर सांसद रवि किशन शुक्ला आज शाम महायोगी गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद महायोगी गुरु गोरखनाथ घाट पर जाकर सूर्य देव को सायंकालीन अर्घ्य अर्पित किया।सांसद रवि किशन शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, तप, संयम और परिवारिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति, जल और पर्यावरण के प्रति हमारी कृतज्ञता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छठ मईया की कृपा से हर घर में सुख, शांति, समृद्धि और आनंद बना रहे ।

यही कामना है।सांसद ने गोरखपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश और देशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लोक परंपरा से जुड़ा यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक है, जो समाज को एकजुट करने का कार्य करता है।गोरखनाथ मंदिर और घाट परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। छठ मैया के गीतों और भजनों से वातावरण गुंजायमान था। श्रद्धालुओं ने सांसद के साथ सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हुए छठ मैया से मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।इस दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला ने श्रद्धालुओं से संवाद भी किया और स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधा के जो इंतज़ाम किए हैं, वे सराहनीय हैं।सांसद के आगमन से घाट परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ फोटो भी खिंचवाए।

## विकास एवं शिक्षा कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**सीडीओ ने दिए समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में संगम सभागार में विकास कार्यक्रमों एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीडीओ ने आवास, पेयजल, स्वच्छता तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार से संबंधित बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए।बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति की सतत निगरानी पर बल देते हुए सीडीओ ने कहा कि ग्रामीण एवं शैक्षिक विकास से जुड़े सभी कार्यों को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंच सके।

## महापौर ने नगर निगम मुख्यालय में सुनीं जनता की जन समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने जनता दरबार लगाकर शहर के विभिन्न इलाकों से आए नागरिकों की शिकायतें सुनीं। सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सीवर, स्ट्रीट लाइट, आवारा पशुओं और संपत्ति कर से जुड़ी 30 से अधिक समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहर में सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए फील्ड लेवल पर लगातार निगरानी की जाए। उन्होंने घोषणा की कि अब से हर सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय में नियमित जनता दरबार आयोजित किया जाएगा, जहां नागरिक सीधे अपनी समस्याएं रख सकेंगे। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

## लखनऊ में जॉगर्स पार्क बनेगा राजधानी का पहला 'ग्लो गार्डेन'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के जॉगर्स पार्क को नया स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। एलडीए ने यहां राजधानी का पहला हाईटेक 'ग्लो गार्डे न' विकसित करने की योजना को हरी झंडी दे दी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पार्क का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्ययोजना बनाने के निर्देश जारी किए। लगभग 17.5 एकड़ में फैले इस लोकप्रिय पार्क को 10 करोड़ रुपये की लागत से चमकदार और आधुनिक थीम पर संवारा जाएगा। पार्क में पेड़, पक्षी, फूल व जानवरों के मॉडल विशेष लाइटिंग इफ़ेक्ट के साथ लगाए जाएंगे, जो रात में रंग-बिरंगी रोशनी में जगमगाते नजर आएंगे। साथ ही लाइटिंग कटआउट पैनलों के जरिए 'गोबो इफ़ेक्ट' से आकर्षक आकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। पार्क के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ संरचनात्मक कार्य भी किए जाएंगे। 5 वॉटर बॉडी में नए फाउंटेन स्थापित होंगे, वहीं ओपन जिम, योगा हट सहित योग मुद्रा वाले 12 स्कल्पचर्स भी लगाए जाएंगे। बच्चों के लिए अलग से अत्याधुनिक किड्स प्ले एरिया तैयार होगा जिसमें आकर्षक डिजाइन वाले झूले व खेल उपकरण होंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्क का 800 मीटर लंबा जॉगिंग ट्रैक जलभराव के कारण क्षति?ग्रस्त हो रहा था, जिसे अब पूरी तरह मरम्मत कर मजबूत बनाया जाएगा और ट्रैक की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी ताकि बारिश में पानी न रुके। पार्क के इंट्रेंस प्लाजा को अपग्रेड करने तथा उत्तर दिशा में नया प्रवेश द्वार बनाने की भी तैयारी है। एलडीए का दावा है कि तैयार होने के बाद यह ग्लो गार्डे न लखनऊ का एक नया नाइट टूरिस्ट स्पॉट बनकर उभरेगा और स्थानीय नागरिकों से लेकर बाहरी पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित करेगा।

# अस्ताचल सूर्य को छठ व्रती महिलाओं ने दिया अर्घ्य

**उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सम्पन्न होगा व्रत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब में छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।व्रतियों ने खरना कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया और सोमवार शाम को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया।वही बख्शी का तालाब को विशेष रूप से पेंटिंग व रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया।बाजार में सुबह से ही छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए भारी भीड़ देखने को मिली तथा बात अगर सुरक्षा व्यवस्था की देखी जाए तो बीकेटी थाना से एसएसआई अरुण कुमार हल्का प्रभारी शेषमणि मिश्रा,महिला थाना द्वितीय लखनऊ का महिला स्टॉफ सहित बीकेटी थाना का अन्य स्टॉफ सुरक्षा को लेकर तैनात रहा।सोमवार शाम को तकरीबन साढ़े पांच बजे बीकेटी के छठ घाट से अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देकर संतान के सुखी जीवन की छठ व्रती महिलाओं ने कामना की।मंगलवार को अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत संपन्न कर प्रसाद वितरित किया जाएगा।मंगलवार को सूर्योदय का समय छह बजकर 29 मिनट पर रहेगा।आचार्य सुरेन्द्र अवस्थी के मुताबिक कई जगह घाटों में जल्दी सूर्यास्त,सूर्योदय होता है अथवा मौसम खराब रहने की स्थिति से पता नहीं चल पाता।ऐसे में लोग संशय में ना रहें।मन में सूर्य देव की आराधना कर समयानुसार अर्घ्य दे सकते हैं।धार्मिक मान्यता है कि व्रत को सच्चे मन से करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।वही सोमवार को बख्शी का तालाब की साप्ताहिक बाजार होने के कारण मौक़े पर काफ़ी भीड़ थी और सीतापुर रोड़ हाइवे पर भी ज़ाम की जैसी स्थिति काफ़ी देर तक बनी रही हालांकि पुलिस मौक़े पर मुस्तैद रही और इस आयोजन में बीकेटी नगर पंचायत का भी विशेष सहयोग देखने को मिला।

# सत्य शिव रिसार्ट में बूथ अध्यक्ष बैठक संपन्न

**प्रदेश महामंत्री धर्मपाल जी का ऊर्जावान मार्गदर्शन, कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर सोमवार को सत्य शिव रिसॉर्ट, मोहनलालगंज में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष बैठक भव्य रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मपाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और बूथ सशक्तिकरण का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ल्लभाजपा की ताकत उसके बूथ कार्यकर्ता हैं, और संगठन की सफलता का मूल मंत्र है – टीम भावना और सतत जनसंपर्क।ङ्क धर्मपाल जी के ऊर्जावान संबोधन ने कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भर दिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला सहकारी बैंक चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष धीरू पांडे, ब्लाक प्रमुख व सुंदरलाल धीमान, निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा कई? बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक में पहुंचे , निगोहा नगराम अमेठी मोहनलालगंज चार मंडल अध्यक्ष एवं जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री राजकुमार पटेल एवं रामलाल ने किया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि आगामी चुनावों में भाजपा को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाकर पुनः प्रचंड विजय दिलाई जाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर, धर्मपाल के मार्गदर्शन से संगठन को मिली नई दिशा।

# गोसाईंगंज में 25 बीघे में हो रही 5 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को गोसाईंगंज क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने लगभग 25 बीघा जमीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि मलखान सिंह, लेखराज यादव, नितिन मौर्या, सुखदीन रावत और मुन्ना सिंह सहित अन्य लोगों द्वारा सिठौली खुर्द व पच्छे गांव में बिना एलडीए से ले-आउट स्वीकृति लिए पांच अलग-अलग स्थानों पर प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से बनाई गई सड़क, नाली और बाउंड्रीवॉल को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। एलडीए ने साफ किया है कि बिना स्वीकृति के कराई जा रही किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनी अथवा प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी।

# प्रत्येक कार्यकर्ता का समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी पूँजी है :धर्मपाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में बख्शी का तालाब,सरोजनीनगर एवं मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठकों को संबोधित किया।उन्होंने कहा किल्लबूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता ही संगठन की असली शक्ति और भाजपा की जीत का आधार है।ङ्कश्री सिंह ने कहा कि पार्टी की विजय का मंत्र ल्लबूथ जीता तो चुनाव जीताङ्क है,और इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के पास अपने क्षेत्र के सभी वरिष्ठ,वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों तथा मोर्चा-प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों की सूची होनी चाहिए,ताकि संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पार्टी के चल रहे अभियानों की समीक्षा की और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की।उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका जमीनी कार्यकर्ता है,जो बूथ स्तर पर पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का काम करता है।धर्मपाल सिंह ने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से बूथ समितियों, पन्ना प्रमुखों और स्थानीय जनता से संवाद बनाए रखें, ताकि संगठन और जनता के बीच समन्वय और मजबूत हो।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गांव,गरीब,किसान,वंचित,दलित और पिछड़ों सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं।उन्होंने कहा कि ल्लहमारे पास उपलब्धियों का भंडार है,आवश्यकता है तो केवल उन्हें जनता तक पहुँचाने की।कार्यकर्ता सक्रिय रहकर इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें, ताकि जनता महसूस करे कि भाजपा सरकार ने उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन किया है।ङ्कबैठक में धर्मपाल सिंह ने पार्टी द्वारा भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित ल्लसरदारअ150 यूनिटी मार्च अभियानङ्क की रूपरेखा पर भी चर्चा की।उन्होंने कहा कि यह अभियान युवाओं में राष्ट्रीय एकता,समरसता और देशभक्ति की भावना को सशक्त करेगा।इस अभियान के तहत 31 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे,जिनमें विधानसभा स्तर पर पदयात्राएं,31 अक्टूबर को ल्लरन फॉर यूनिटीङ्क तथा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रतियोगिताएँ शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता की नींव रखी,उनका जीवन आज भी संगठन,समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने सरदार पटेल केल्लएक भारत-श्रेष्ठ भारतङ्क के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए देश को विकास और एकता के मार्ग पर आगे बढ़ाया है।अंत में उन्होंने कहा किल्लभाजपा सरदार पटेल जी के आदर्शों से प्रेरित होकर भारत को एकता,अखंडता और विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है।संगठन की शक्ति ही भाजपा की सफलता की कुंजी है,और प्रत्येक कार्यकर्ता का समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी पूँजी है।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी लखनऊ त्र्यंबक त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य,क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला,पूर्व जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह,श्रीकृष्ण लोधी,रामनिवास यादव,दिनेश तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी गण एवं सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# नगर विकास मंत्री ने किया नगर निगम कर्मचारियों को सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने नगर निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, जोनल सेनेटरी अफसर जितेंद्र गांधी, सहायक अभियन्ता विनोद पाठक तथा सफाई इंस्पेक्टर सत्येन्द्र नाथ शामिल रहे। मंत्री ने स्वच्छता एवं जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मयोगी ही शहर को बेहतर दिशा देते हैं। कार्यक्रम में नगर निगम अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

# सैरपुर थाना अंतर्गत ई-रिक्शा में वैन ने मारी टक्कर पिता-पुत्र की मौत


कैनविज टाइम्स संवाददाता





बीकेटी,लखनऊ । रविवार रात्रि को लखनऊ कमिश्नरेट के सैरपुर थाना अंतर्गत ई-रिक्शा में वैन ने ज़ोरदार टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा में सवार पिता पुत्र की मौत हो गई तथा अन्य कई लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में ईलाज जारी है।वहीं संबंधित थाना पुलिस ने घटना में शामिल वैन व ड्राईवर को अपने कब्जे में लेकर अन्य संबंधित विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।दी गई तहरीर के अनुसार सैरपुर थाना अंतर्गत पश्चिम गांव निवासी ऋषि कुमार पुत्र स्व ओम प्रकाश के अनुसार उसका भाई मिथुन रविवार को घर से ई रिक्शा लेकर निकला था और लगभग शाम को लगभग आठ बजे सूचना मिली कि ई रिक्शा में सामने से वैन ने ज़ोरदार टक्कर मार दिया है,जिसमें सुख लाल पुत्र स्व रामसरन (40)व उनके आठ वर्षीय बेटे आयुष निवासी रेंदुआ पल्हरी थाना देंवा जनपद बाराबंकी की दर्दनाक मौत हो गई वही पुलिस ने मौक़े से वैन चालक को हिरासत में लेकर संबंधित कार्यवाही में जुटी हुई थी।वही ई रिक्शा में सवार घायल मिथुन,अतुल व मृतक की पत्नी पुष्पा देवी,मुस्कान व लाडो का अस्पताल में ईलाज जारी है।

## आग लगने से घर के अंदर रखा हुआ लाखों का सामन जला



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में रविवार की देर रात एक घर में आग लग गई। घर के अंदर रखा हुआ लाखों का सामान जलकर राख हो गया। ओकास गोल्फ व्यू सेक्टर बी एच 4 सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले धर्मेंद्र द्विवेदी के अनुसार वह उन्नाव जनपद में बैंक ऑफ इंडिया में सीनियर ब्रांच मैनेजर के पद पर तैनात है।औऱ परिवार के साथ यहां रहते हैं।वह रविवार की रात दूसरे फ्लोर पर सो रहे थे तभी रात लगभग साढ़े बारह बजे अचानक फर्स्ट फ्लोर से तेज धुआं उठने व बदबु आने पर उन्हें आग लगने की जानकारी हुई।वह कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।यह देख पड़ोसी रविन्द्र कुमार सिंह ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी।जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।धर्मेंद्र द्विवेदी के अनुसार आग लगने से घर का लगभग 5 से 6 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

## आलमबाग में किन्नर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना आलमबाग क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी स्थित किराये के मकान में सोमवार को एक किन्नर का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान दीपांशू उर्फ कमोलिका (23 वर्ष) पुत्र बब्लू के रूप में हुई है जो किराए के मकान में अकेला रह रहा था।जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे कॉलोनी स्थित मकान में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाज़ा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो कमोलिका कमरे में लगे पाइप से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला।मामले की सूचना मिलते ही फील्ड यूनिट को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की। पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु केजीएमयू मॉर्च्यूरी भेज दिया गया।मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। परिजनों और परिचितों से पूछताछ की जा रही है।

## एसीपी विकास पाण्डेय ने नगराम थाने का किया निरीक्षण, कस्बे में पैदल गश्त

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज एसीपी विकास पाण्डेय ने सोमवार को नगराम थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एसीपी ने नगराम कस्बे में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। गश्त के दौरान एसीपी ने दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और पुलिस की जनसहभागिता पर बल दिया।उन्होंने थाना प्रभारी विवेक चौधरी को निर्देशित करते हुए कहा कि लगातार रात्रि गश्त में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर तुरंत नियंत्रण रखा जा सके। एसीपी का यह निरीक्षण स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा और पुलिस पर विश्वास मजबूत करने वाला रहा।

## अलीगंज थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात पूर्व ख्रङ्क कर्नाटक के घर को बनाया निशाना

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । अलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-जी में उस समय हड़कंप मच गया जब चोरों ने पूर्व डीजीपी (कर्नाटक) महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर को निशाना बना डाला। घर में रह रही उनकी ममिया ससुर की बहू डॉ. ऋषिका राज पत्नी डॉ. नितिन कुमार श्रीवास्तव की अनुपस्थिति में चोरों ने ताला तोड़कर लाखों के कीमती जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, डॉ. ऋषिका अपने पति से मिलने लखनऊ से सलाला गई हुई थीं। इसी बीच अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के ताले तोड़े और अलमारियों को खंगाल डाला। चोरी की वारदात में लगभग दो लाख रुपये नगद के साथ-साथ कीमती स्वर्ण आभूषण, हीरे के टॉप्स, झुमके, ब्रेसलेट और सोने के सिक्के चोरी हुए हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरों की तलाश में जुटी है।

# बीकेटी में कही प्रेम प्रसंग में तो नहीं की गई प्रदीप की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । बीकेटी थाना क्षेत्र में शनिवार रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे किसान पथ आउटर रिंगरोड के किनारे अपने किसी परिचित के साथ शराब पी रहे संविदाकर्मी मामपुर बाना निवासी प्रदीप गौतम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन से ड्यूटी के बाद वह अपने घर पहुचा था।कुछ देर बाद कोई परिचित उसे आउटर रिंग रोड तक बुलाकर ले गया था।मौके पर शराब पीने के प्लास्टिक ग्लास मिलने से आशंका जताई जा रही है कोई एक और शख्श वहां पहले से मौजूद था,जिसने मिलकर प्रदीप की गोली मारकर हत्या कर दी।घटना के बाद से हत्यारे फरार हैं।वही मृतक की मोटरसाइकिल का ग़ायब हुए अभी तक 48घंटे से ज़्यादा हो चुके है लेकिन अभी तक कुछ अता-पता नहीं चल सका है। माना जा रहा है कि आउटर रिंगरोड तक प्रदीप को लेकर जाने वाला व्यक्ति इस हत्याकांड की अहम कड़ी हो सकता है कि आख़िर प्रदीप वहां तक कैसे पहुंचा और लेने जाने वाले की क्या भूमिका इस घटना में हो सकती है।पुलिस को मोबाइल फोन की काल डिटेल और सर्विलास टीम के जरिये कुछ अहम सुराग मिले हैं।पुलिस ने एक दिन पहले आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया था और लगातार पूछताछ ज़ारी थी लेकिन घटना के खुलासे तक नहीं पहुंच पाए थे।वही पुलिस ने शक के आधार पर मृतक की पत्नी चांदनी को भी हिरासत में लेकर लगातार पूंछतांछ कर रही है। हालांकि सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बीकेटी पुलिस जल्द इस घटना का सफ़ल अनावरण करेगी और आरोपियों को हिरासत में लेकर कठोर कार्यवाही करेगी।

# पटवा खेड़ा में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**महिला की सीने की हड्डी टूटी, मुकदमा दर्ज**

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र पटवा खेड़ा मजरा समेसी गांव में कूड़ा डालने को लेकर परिवार के दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष की महिलाओं ने मिलकर अपनी जेठानी की पिटाई कर दी। पीड़िता रजनी ने सोमवार को नगराम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि बीते 23 अक्टूबर को घूरा (कूड़ा डालने की जगह) में कूड़ा डालने को लेकर उनकी देवरानी निर्मला से कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान निर्मला की दो बहुएं और बेटी अर्चना भी आ गईं और उन्होंने मिलकर रजनी को मारा-पीटा, धक्का देकर गिरा दिया। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान सीने की हड्डी टूट गई। जब पीड़िता के बेटे राम फल ने इलाज कराने की बात की गई तो विपक्षी पक्ष मुकर गया। इस मामले में थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सरदार पटेल जयंती पर सीतापुर में आयोजित होगा एक दिवसीय युवा उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के तहत सीतापुर में प्रतिभाओं का संगम 31 अक्टूबर को

सीतापुर । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव ''विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग'' के अन्तर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव आयोजन हेतु महानिदेशालय द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती दिनांक 31.10.2025 के उपलक्ष्य में, एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 31.10.2025 को हिन्दू कन्या महाविद्यालय सीतापुर में कराने के निर्देश दिए गए है। एक



दिवसीय युवा उत्सव में लोकगीत (समूह), लोकनृत्य (समूह), कहानी लेखन, कविता लेखन, डिक्लमेशन, पेंटिंग तथा साइंस मेला का आयोजन किया जायेगा। प्रतिभागियों की पात्रता शर्तों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की आयु सीमा 01 सितम्बर 2025 को 15-29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है तथा युवा उत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी युवा द्वारा स्वयं को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराए जाने के निर्देश दिए गए।

उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक संस्थाएं/विद्यालय प्रतिभागियों की सूची माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर दिनांक 30-10-2025 को सायं 4:00 बजे तक जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, कक्ष सं0-120 विकास भवन, सीतापुर में अथवा जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी कार्यालय की ईमेल- पर उपलब्ध करा दें।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र, जिला सूचना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कालेज के प्राचार्य, जिला सूचना अधिकारी, प्राचार्य हिन्दू कन्या महाविद्यालय, जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर हादसा: ट्रैक्टर की टक्कर से दो घायल, बाइक चकनाचूर और आटो पलटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा ,खीरी। सिसैया धौरहरा हाईवे पर स्थित विश्वनाथ पेट्रोल पंप के ठीक सामने आज दोपहर लगभग 1 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें दो नव युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंप के सामने बिजली बिल्डिंग हेतु थाना धौरहरा के अंतर्गत नारैना बाबा गांव निवासी एक अज्ञात चालक अपने ट्रैक्टर की मरम्मत करवाने के बाद उसे गियर में डालकर बंद कर चुका था। मरम्मत पूरी होने पर जैसे ही चालक ने ट्रैक्टर स्टार्ट किया, अचानक वह आगे बढ़ गया और सामने से गुजर रही मोटरसाइकिल तथा दूसरी ओर से आ रहे ऑटो में जा टकराया।हादसे में मोटरसाइकिल सवार प्रेमकांत (19) पुत्र गजोधर निवासी नौरंगपुर और ऑटो सवार चांद (25) पुत्र अली अहमद निवासी मोहल्ला सर्वोदय नगर, कस्बा धौरहरा घटना का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो गए।



टक्कर की इतनी तेज गति थी कि बाइक ट्रैक्टर के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गई और ऑटो सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।सूचना पाकर धौरहरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को धौरहरा सीएससी में भर्ती कराया और बाइक को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक ट्रैक्टर के नीचे फंसने से वाहन रुक गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। लोगों का कहना है कि अगर बाइक न फंसती तो और भी गंभीर हादसा हो सकता था।

# राठौरपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें, पंचायत में खुली लूट का खेल जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राठौरपुर में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहराई तक फैल चुकी हैं कि उन्हें समाप्त करना अब मुश्किल ही नहीं, लगभग असंभव प्रतीत होता है। पंचायत के जिम्मेदार पदाधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन की खुली लूट मची हुई है, और विकास कार्य केवल कागज़ों तक सीमित रह गए हैं। जहां एक ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए निरंतर सख्त कदम उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राठौरपुर ग्राम पंचायत में उनके आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में पंचायत में व्हील चेयर वितरण, तालाब भराई, साफ-सफाई, दवा छिड़काव, हैंडपम्प मरम्मत, राबिस डालने, विभिन्न स्थानों पर बजरी व मिट्टी कार्य और प्रशासनिक व्यय जैसे मदों में बिना कार्य किए ही भुगतान करा लिया गया




है। ग्रामीणों के अनुसार इन योजनाओं में भारी बंदरबांट की गई है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने अपनी चहेती फर्मों को भुगतान कर सरकारी धन का मनमाना दुरुपयोग किया है। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा – ‌ह्ययदि यह बंदरबांट नहीं है, तो फिर और क्या है ।

इतना ही नहीं पूर्व में मनरेगा योजना के तहत कराये गए कार्यो में भी भारी अनियमितताएँ पाई गई हैं। मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में महिलाएँ दिखाई नहीं देतीं, जबकि महिलाओं की

**पंचायत में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, सरकारी योजनाओं पर जिम्मेदारों की मिलीभगत से बंदरबाँट**

**योगी सरकार के भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान को ठेंगा दिखा रही ग्राम पंचायत राठौरपुर चहेती फर्मो को भुगतान कर, जमकर किया जा रहा बंदरबाँट**

हाजिरी जमकर लगाई गई है। इसके बावजूद अब तक किसी भी स्तर पर जांच या कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम पंचायत राठौरपुर में इस प्रकार का भ्रष्टाचार ग्रामीणों में भारी आक्रोश और अविश्वास का कारण बन गया है। लोगों का कहना है कि यदि ऐसे ही भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा, तो गाँव का वास्तविक विकास केवल कागज़ों और रिपोर्टों तक ही सीमित रह जाएगा।

अब देखना यह है कि क्या कोई कार्यवाही होती है या ऐसे ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता रहेगा।

# प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की डीएलएड की परीक्षा दो पालियो में प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के 6 परीक्षा केदो में आज दिनांक 27 अक्टूबर 2025 से आगामी 3 नवंबर तक डीएलएड की परीक्षा विधिवत प्रारंभ हो गई जो कि प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से स्वयं कल 4:00 बजे तक प्रतिदिन दो पालियो में आयोजित की जाएगी यह जानकारी डाइट के प्रधानाचार्य डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने दी उन्होंने बताया कि मुख्यालय के आरडी इंटर कॉलेज आरएमपी इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज म्युनिसिपल इंटर कॉलेज तथा कमलापुर के आरबीएसपी इंटर कॉलेज तथा महोली के कृषक इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है परीक्षा प्रतिदिन दो फलियां में प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक आयोजित होगी परीक्षा नकल विहीन



संपन्न हो इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा सचल दल गठित किया गया है जो की औचक निरीक्षण के दौरान इसकी जांच करेगा।

इसी क्रम में आज जनपद के उजागर और इंटर कॉलेज सीतापुर में डिलीट की परीक्षा प्रथम पाली में विधवा संपन्न हो गई विद्यालय के प्रधानाचार्य

**पर्यवेक्षकों की देखरेख में प्रारंभ हुई डीएलएड की परीक्षा**

डॉक्टर देवेंद्र पांडे ने बताया कि उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर में डीएलएड परीक्षा हेतु प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परीक्षार्थी परीक्षा देने आए हैं तथा उनके केंद्र पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री दिवाकर जी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से डॉक्टर रश्मि सिरोही भी केंद्र पर पर्यवेक्षक के रूप में में नियुक्त की गयी है। उन्होंने बताया कि उनके केंद्र पर कुल 300 डीएलएड के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इस अवसर पर कक्ष निरीक्षक हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षको की नियुक्ति की गई है।

# हिन्दी सुरक्षित तो देश सुरक्षित: डॉ. नीरजा माधव

एजेंसी

वाराणसी। हिन्दी भाषा यदि सुरक्षित रहेगी तो देश सुरक्षित रहेगा। यहीं नहीं हिन्दी पत्रकारिता भी जीवंत बनी रहेगी। यह बात हिन्दी की सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नीरजा माधव ने कहीं। वे पराड़कर स्मृति भवन में पराड़कर जयंती पर स्वातंत्र्यपूर्व हिंदी पत्रकारिता के युगपुरुष संपादकाचार्य बाबूराव विष्णु पराड़कर की जयंती पर सोमवार को 'पराड़कर युग से डिजिटल युग तकः पत्रकारिता के मूल्य और बदलाव' विषयक संगोष्ठी को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा को बचाए जाने के साथ ही उसके साथ किये जा रहे खिलवाड़ के प्रति सजग रहना जरुरी है। इसके लिए आवश्यक है कि पत्रकार अपने भाषाई अधिकारों का कर्तव्यबोध के साथ प्रयोग करें, ताकि हिन्दी को बचाया जा सके। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा नहीं बची तो पत्रकारिता भी समाप्त हो जायेगी। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि महामना मदन मोहन मालवीय हिन्दी पत्रकारिता संस्थान, काशी विद्यापीठ के निदेशक डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मौजूदा दौर में हिन्दी पत्रकारिता चिंता की नहीं चिंतन का विषय है। हिन्दी पत्रकारिता को शीर्ष स्थान प्रदान करने वाले बाबू विष्णु राव पराड़कर के सन्दर्भ में नयी पीढ़ी को जानकारी युक्त करने की आवश्यकता है। यह अचरज भरा है कि पराड़कर जी के नाम पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अथवा काशी विद्यापीठ में कोई पीठ अभी तक स्थापित नहीं है। इसके लिए पहल की आवश्यकता है। समाजवादी चिंतक व पत्रकार विजय नारायण सिंह ने भी हिन्दी भाषा की वकालत की। अंग्रेजी के बढ़ते वर्चस्व से सावधान रहने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. कवीन्द्र नारायण ने कहा कि पत्रकारिता में हो रहे क्षरण की दिशा में सकारात्मक चिंतन की जरूरत है। सम्पादकाचार्य पराड़कर का स्मरण करते हुए डा. अत्रि भारद्वाज, योगेश कुमार गुप्त, राजनाथ तिवारी, डा. बेनी माधव मिश्र, एके लारी ने अपने विचार व्यक्त किये।

# काव्योत्सव में कवि कमलेश मौर्य ‘मृदु’ को मिला तुलसी साहित्य साधना सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । जनपद के लब्धप्रतिष्ठ कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को तुलसी साहित्य साधना सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्य साधक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान एवं अवध भारतीय सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित काव्योत्सव के अवसर पर प्रदान किया गया। ग्राम कमलाबाद बढ़ौली स्थित दूधेश्वरनाथ शिवमन्दिर प्रांगण में एस एस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रवीण सिंह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित काव्योत्सव राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन का संचालन आशुतोष आशु ने किया। संयोजक ओज कवि योगेश चौहान व सहसंयोजक संध्या त्रिपाठी ने उपस्थित अतिथियों व कवियों का स्वागत किया तथा संस्थान के अध्यक्ष हिमांशु सक्सेना अर्श ने आभार प्रकट किया। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए कमलेश मौर्य मृदु ने आई लव मोहम्मद के नाम पर गुमराह किये जा रहे मुस्लिम समुदाय से निवेदन करते हुए कहा तेंतीस कोटि देवताओं का उपासक हूं ,वैर नहीं किंचित मुहम्मद कुरान से। देश और संस्कृति से जिनको पवित्र प्यार ऐसे सब बंधुगण प्यारे हमें प्रान से। गजवाये हिंद का जो सपना हैं देख रहे, ऐसे सब धूर्त चले जांय हिंदुस्तान से। भारत रहना अगर है तो स्वागत है बनकर रहिए रहीम रसखान से। श्री मृदु ने कहा हमारे देश की सनातन संस्कृति सबका सम्मान करती है हमारे लिए कोई पराया नहीं है आयतें कुरान की हों उद्धरण बाइबल के या वेदवाक्य का सवाल नहीं चाहिए। पूजा करे कोई या नमाज पढे चर्च जाये किंतु ''मृदु'' मन में मलाल नहीं चाहिए। देश है हमारा इस देश का सपूत मैं हूं इसमें तो फ़र्क एक बाल नहीं चाहिए। सारे भेदभाव भिन्नताएं भूल गले मिलें , भाइयों में झगड़ा बवाल नहीं चाहिए। इस काव्योत्सव में जयपुर राजस्थान से पधारीं कवयित्री डा रानी तंवर, गया विहार की कवयित्री नीतू गुप्ता गयावी, प्रयागराज से पधारीं कवयित्री हुमा आक्सीर, संस्थान के संरक्षक अखिल श्रीवास्तव व्यथित,शाहजहांपुर से व्यंग्यकार विजय तन्हा, मनिकापुर से इशरत सुल्ताना , हास्य कवि संदीप अनुरागी, मधु पाठक, स्वाती पांडे ,ओज कवि जमुना बख्स सिंह निर्भय सहित तीन दर्जन कवियों ने काव्य पाठ कर काव्योत्सव को ऊंचाइयां प्रदान कीं।

## छठ पर्व पर लखीमपुर में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू!

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छठ पूजा पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने 27 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से 28 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक विशेष यातायात व पार्किंग व्यवस्था लागू की है। सेठ घाट, मेला मैदान और झमीली तिराहा क्षेत्र में डायवर्जन रहेगा। साधारण वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, केवल श्रद्धालुओं व अनुमति प्राप्त वाहनों को ही छठ घाट तक जाने की अनुमति होगी। शहर में 4 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं और दो बैरियर लगाकर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। यातायात नियंत्रण के लिए सिविल पुलिस, पीएसी, एलआईयू व महिला पुलिस की टीमें तैनात रहेंगी।

## खमरिया में सरकारी संपत्ति की अवैध कटान का मामला सामने आया

लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना खमरिया क्षेत्र धौरहरा रेंज के अंतर्गत खमरिया थाना क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खमरिया में सरकारी संपत्ति की अवैध कटान का मामला सामने आया है। आरोप है कि सीएचसी परिसर में लाखों रुपए मूल्य के गुलर के पेड़ों को बिना किसी विभागीय अनुमति के ठेकेदार द्वारा कटवाया जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में पेड़ों की कटान की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कई बड़े गुलर के पेड़ पहले ही काटे जा चुके थे, जबकि कुछ पेड़ों की कटान का काम जारी था। वन विभाग की टीम ने मौके से लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना खमरिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया। टीम ने मौके पर मौजूद ठेकेदार से पूछताछ भी की। ठेकेदार ने पूछताछ में बताया कि पेड़ों की कटान सीएचसी अधीक्षक के निर्देश पर की जा रही थी। हालांकि, इस संबंध में न तो स्वास्थ्य विभाग से और न ही वन विभाग से कोई आधिकारिक अनुमति प्राप्त की गई थी। वन विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह मामला सरकारी संपत्ति की अवैध कटान और दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और इसमें शामिल सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी संपत्ति के ऐसे दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों को उचित दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल धौरहरा रेंजर नृपेंद्र चतुर्वेदी ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्य वाही शुरू कर दी है ।

## अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक में समाज की एकजुटता पर जोर

औरैया । अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की आवश्यक बैठक सोमवार को गोपाल वाटिका, औरैया में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमन्त गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज की राजनैतिक भागीदारी और संगठन को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष विष्णु गहोई ने पगड़ी पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। डॉ. सुमन्त गुप्ता ने कहा कि समाज के उत्थान और संरक्षण के लिए एकजुटता आवश्यक है, तभी राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने संगठन को गतिशील बनाने के लिए औरैया जनपद की विभिन्न कमेटियों का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की। जिला महिला शाखा में एकता गुप्ता को जिला प्रभारी, आरती पोरवाल को उपाध्यक्ष, नीलम पोरवाल को उप मंत्री, बबीता गुप्ता को सह संयोजक, चारुल पुरवार को नगर संयोजक तथा सरिता गुप्ता और संयोगिता (जूली) को सदस्य मनोनीत किया गया। वहीं, दिबियापुर टीम में डॉ. सपना गुप्ता नगर अध्यक्ष, नीता बिश्नोई उपाध्यक्ष, अर्चना पोरवाल महामंत्री, शिखा अग्रवाल कोषाध्यक्ष और बीना गुप्ता संरक्षक बनाई गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 8-9 नवंबर को हरिद्वार (कनखल) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सभी पदाधिकारियों को आमंत्रण पत्र भेंट किए गए हैं। अधिवेशन में कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अनूप गुप्ता द्वारा हरिद्वार यात्रा हेतु निःशुल्क बस की व्यवस्था कराने पर आभार व्यक्त किया गया। बैठक में रमन पोरवाल, आशा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मनोज गुप्ता एडवोकेट, पूनम पुरवार, पायल पोरवाल, देव मुनि पोरवाल, राधा आर्या, एलएन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## छात्र -छात्राओं ने किया विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

फिरोजाबाद। विकसित भारत एवं आत्म निर्भर भारत के थीम पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार को श्री आर के इंटर कॉलेज कोटला में हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय स्तरीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी का विधायक मनीष असीजा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों का उत्साहवर्धन कर विद्यालय परिसर में प्रदर्शित विभिन्न विज्ञान प्रोजेक्ट अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडल्स, प्रयोगों एवं विज्ञान के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में निरंतर सीखने, प्रयोग करने और नई खोजों के प्रति उत्साही बने रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया, साथ ही शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में सृजनशीलता, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास होता है।

# श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के सदस्यों ने 29 अक्टूबर को होने वाले श्याम संकीर्तन की तैयारियों को लेकर की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला खीरी। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति( रजि. ) गोला के पदाधिकारियों द्वारा श्याम संकीर्तन की भव्य तैयारियों को लेकर सेवादारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया,जिसमे समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा श्री खाटू श्याम जी का भव्य एवं विशाल संकीर्तन आयोजन किया जाये। समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया विगत वर्षों की भांति इस बर्ष भी होने वाला संकीर्तन बाबा खाटू श्याम जी के भक्तों की आस्था का केंद्र बनने जा रहा है।जानकारी देते हुए कहा पब्लिक इंटर कॉलेज के राजेन्द्र गिरि स्टेडियम के मैदान में पंचम विशाल श्री श्याम संकीर्तन 29 अक्टूबर की सायं 7 बजे से शुरू होगा। समिति के महामंत्री अजय गुप्ता ने बताया इस संकीर्तन महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकार म्यूजिक



कश्यप ब्रदर्स कानपुर व भजन गायिका साक्षी अग्रवाल जयपुर (राजस्थान) द्वारा अपनी मधुर आवाज से खाटू श्याम बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुतियों से बाबा की महिमा का बखान करेंगी। समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों व क्षेत्रवासियों से विनम्र निवेदन कर श्याम प्रमियों को श्रीश्याम संकीर्तन में आने का आह्वान किया है।समिति द्वारा अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीश्याम बाबा के भजनों का रसपान करें। इस बैठक में अध्यक्ष दीपक राजपूत( बोझिया

**जयपुर राजस्थान की मशहूर भजन गायिका साक्षी अग्रवाल अपने स्वर से करेंगी बाबा की महिमा का बखान**

वाले ),महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा,अनिरुद्ध गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी,बबलू जायसवाल,संतोष गुप्ता,अनुराग गुप्ता,सुधीर गुप्ता,सुमित राठौर,प्रवीण रस्तोगी,चन्दन वर्मा,रमेश वर्मा,संजय गुप्ता( बद्री स्वीट),संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत,जितेंद्र गुप्ता,रिशू महेश्वरी, मयंक महेश्वरी, दिनेश गुप्ता, विवेक कुमार,सौरभ जायसवाल,आयुष गुप्ता, रजत कुमार ,मुकेश राठौर सहित सभी सेवादार मौजूद रहे।

## एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता तीन बेटियों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजशौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रोलर डर्बी स्पर्धा में रजत (सिल्वर) पदक अर्जित करने वाली जनपद की तीन खिलाड़ी कुमारी वैष्णवी शर्मा, कुमारी श्रेया एवं आकृति सोरियान को जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति, बिजनौर की ओर से 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि इन्हें पूर्व में भी इसी प्रतियोगिता के लिए समान प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी।ग जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कुमारी वैष्णवी शर्मा, कुमारी श्रेया और आकृति सोरियान ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से बिजनौर जनपद का नाम ऊँचा किया है। जिला प्रशासन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा, ताकि वे भविष्य में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि खेल भावना और समर्पण के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं और प्रशासन उनके सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध है।

# मुनीर उर्फ छोटा का अपहरण करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**आरोपियों के पास से एक इनोवा कार, घटना मे प्रयुक्त एक एन्ड्रोइड मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा भी थाना अलापुर पुलिस ने बरामद किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता में बताया कि थाना अलापुर पुलिस द्वारा अपहृत मुनीर उर्फ छोटा का अपहरण करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

वही उनके पास से एक इनोवा कार, घटना मे प्रयुक्त एक एन्ड्रोइड मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा भी थाना अलापुर पुलिस ने बरामद किया है। आपको बता दें कि जिले के तेजतर्रार पुलिस के मुखिया एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा तत्काल अपहर्त को सकुशल शीघ्र अति शीघ्र बरामदगी करने हेतु टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके अनुपालन में एसपी सिटी नगर विजयेन्द्र द्विवेदी सीओ दातागंज कृष्ण कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में अपहर्त की बरामदगी हेतु टीम गठित की गयी। थाना अलापुर पुलिस टीम द्वारा सर्विलांश टीम की मदद से अपहर्त के मोबाइल की लोकेशन पता की गई तो लोकेशन मुम्बई महाराष्ट्र का आना पाया गया।जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम थाना अलापुर को तत्काल प्रभाव से मुम्बई रवाना किया गया जहाँ अपहर्त को काफी खोजबीन के बाद अपहर्त को शनिवार को मुम्बई सेन्ट्रल स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया। अपहर्त को फ्लाईट से पुलिस सुरक्षा मे सकुशल थाना लाया गया नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनो के सुपुर्द किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि एक टीम अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु लगातार भ्रमणशील रही। पतारसी सुरागरसी, इलेक्ट्रानिक्स व सर्विलांश साक्ष्य के आधार पर दौराने विवेचना अभियुक्तगण जुनैद पुत्र मुन्ने खाँ नि0 ग्राम उरौलिया थाना अलापुर जनपद बदायूँ, इब्ने अली उर्फ शाहरूख पुत्र नामे अली नि0 ग्राम मोहम्मदगंज थाना कादरचौक जनपद बदायूँ, कैश मोहम्मद पुत्र मुकीम नि0 मोहल्ला वीवी सराय थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ हाल पता थाना डोगरी महाराष्ट्र, पुष्पक म्हात्रे पुत्र संतोष म्हात्रे थाना डी0बी0 मार्ग महाराष्ट्र, निगार आलम पुत्र अमजद ग्राम उरौलिया थाना अलापुर जनपद बदायूँ के नाम प्रकाश मे आये। जिनकी तलाश हेतु टीमे रवाना की गयी तथा उनके मिलने के संभावित स्थानो पर दबिश दी।

उन्होंने बताया कि सोमवार को पुलिस टीमों के अथक प्रयास व खोजबीन से उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण उपरोक्त को अलापुर बदायूँ जाने बाले मार्ग पर भट्टे से आगे ककराला की तरफ अमरुद के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद टोयटा इनोवा गाडी, मोबाइल व तमंचा थाना लाकर शेष आवश्यक कार्यवाही की गयी । बरामदगी व विवेचना के क्रम मे मुकदमा उपरोक्त मे धारा की बढोतरी की गई। वहीं एसएसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि सभी आरोपियों से कड़ी से पूछताछ में मुख्य अभियुक्त जुनैद ने पूछने पर बताया कि वह कई सालो से मुम्बई मे रहकर प्राईवेट जाब करता था इसने अपने सगे खालू शमशाद से पैसे ऐठने तथा उसको बदनाम करने के लिए अपहरण की योजना बनाई और अपने साथियों शाहरूख, कैश मोहम्मद, पुष्पक म्हात्रे व निगार आलम के साथ टोयटा इनोवा से अलापुर आकर अपने फोन से काल करके लकडी खरीदने के बहाने ग्राम बेहटा डम्बर नगर के खेतो मे बुलाया चूँकि शमशाद लकडी खरीदने का काम करता है इस पर शमशाद ने अपने सहयोगी मुनीर उर्फ छोटा अपहर्त को खेत पर लकडी देखने के लिए भेज दिया और उसके खेत पर आते ही मैने व मेरे साथियों ने मिलकर मुनीर उर्फ छोटा को जबरदस्ती खींचकर डाल लिया और हम सब लोग उसे लेकर अपनी गाड़ी से मुंबई चले गये। अपने खालू शमशाद से पैसे ऐठने के लिये हमने उनसे पैसों की मांग की और मुनीर के घर पर भी उसके फोन से काल कर हमने पैसों की मांग की थी। पुलिस वालों के द्वारा हमारे घर पर लगातार दबिश देने व मुम्बई में भी पुलिस हम लोगों का पीछा कर रही थी जिस कारण हम मुनीर उर्फ छोटा को मुम्बई सेन्ट्रल के पास छोड़कर भाग गये थे। मुम्बई में भी पुलिस के लगातार पीछा करने के कारण हम लोग छिपने के लिये अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे कि पुलिस ने हम सब लोगों को पकड़ लिया। वहीं एसएसपी ने वार्ता में बताया कि आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर सभी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वही गिरफ्तार करने वाली टीम को एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने प्रशंसा की वहीं नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की।

## अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के 9 शातिर अपराधी पुलीस मुठभेड़ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड में अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के 09 शातिर अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है। वही सभी आरोपियों के कब्जे से थाना फैजगंज बेहटा पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित मय माल के कुल सातसौ ग्राम सोने के आभूषण, दो किलो दोसौ ग्राम चाँदी के आभूषण मय चार प्लेट, आठ लाख पैतीस हजार रुपये व तमंचा व चाकू फैजगंज बेहटा पुलिस ने बरामद किया है। आपको बता दें कि एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन व एसपी आरए ह्रदेश कठेरिया एवं क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह थाना फैजगंज बेहटा के नेतृत्व में थाना पर पंजीकृत मुकदमा से सम्बन्धित बाउम्मीद गिरफ्तारी अभियुक्त व बरामदगी माल के सम्बन्ध में मुखबिर द्वारा गनगोली तिराहे से जा रहे कच्चे मार्ग के पास कुएं की कुण्डी में कुछ संदिग्ध व्यक्ति बैठे होने की सूचना पर पुलिस पार्टी द्वारा दबिश दी गयी तो पुलिस को आता देख संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे तथा पुलिस पार्टी की तरफ जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किये गये। पुलिस पार्टी द्वारा नियमानुसार घेराबन्दी करते हुए आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गई जिसमें दो अभियुक्तगण नाजिम पुत्र मौ0 रफी निवासी ग्राम खेडा अपरोला थाना नौगावा सादात जिला अमरोहा व अभियुक्त तैय्यब पुत्र खान मौहम्मद निवासी ग्राम करमल्लीपुर थाना गजरोला जिला अमरोहा घायल हो गये तथा अन्य समेत 09 अभियुक्तगण को पुलिस हिरासत में लेते हुए जामा तलाशी ली गई, तो इनके कब्जे से चोरी किये हुए सोने, चांदी के आभूषण व रुपये व दो तमंचे, चाकू नाजायज बरामद किये गये । घायल दोनों अभियुक्तगण को उपचार हेतु जिला अस्पताल बदायूँ भर्ती कराया गया। वहीं एसएसपी ने वार्ता में बताया कि अभियुक्ततों ने कढाई से पूछने पर बताया कि यह जेवर व रुपया हमने टीना किन्नर के घर से चोरी/डकैती किया था। बरामदगी व साक्ष्यों के आधार मुकदमे में वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि रविवार/सोमवार की रात्रि को हुई पुलिस मुठभेड़ की घटना के संबंध में थाना फैजगंज बैहटा पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार शुदा आरोपियों को न्यायालय पेशकर जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।वही एसएसपी ने घटना का खुलासा करने वाली थाना टीम व सर्विलांस टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की।

## 50वीं अंतर्जनपदीय वार्षिक शूटिंग एवं कार्बाइन पिस्टल एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। 50वीं अंतर्जनपदीय वार्षिक शूटिंग एवं कार्बाइन पिस्टल एवं अलार्म एफिशिएंसी रेस प्रतियोगिता वर्ष 2025 में बरेली जोन की प्रतियोगिता जनपद बदायूं में दिनांक 28.9.2025 से दिनांक 30.9.2025 तक आयोजित हुई।

स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। सम्भल पुलिस द्वारा राइफल शूटिंग पुरानी स्पर्धा एवं राइफल नहीं स्पर्धा में जनपद संभल की पुलिस के खिलाड़ियों में हैराइफल शूटिंग पुरानी स्पर्धा 100 गज- आरक्षी चालक प्रमोद नागर प्रथम स्थान, 200 गज- आरक्षी अंकित कुमार -तृतीय स्थान, 300 गज- मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह प्रथम स्थान, 300 गज स्नैप शूटिंग- मुख्य आरक्षी अमित मलिक -तृतीय स्थान 300 मी 17 वाल- मुख्य आरक्षी शेर सिंह राणा -प्रथम स्थान, राइफल शूटिंग नई स्पर्धा 300 मी -मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह -प्रथम स्थान 300 मी -मुख्य आरक्षी नीरज कुमार -तृतीय स्थान*राइफल्स शूटिंग बिग बर नई स्पर्धा 300 मीटर थ्रीपी- मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह -द्वितीय स्थान मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह सर्वोच्च लक्ष्य भेदक -प्रथम स्थान प्रतिभाग करने खिलाड़ियों के नाम- मुख्य आरक्षी नीरज कुमार मुख्य आरक्षी हरवीर सिंह मुख्य आरक्षी देवेंद्र सिंह मुख्य आरक्षी शेर सिंह राणा मुख्य आरक्षी अमित मलिक मुख्य आरक्षी विकास कुमार मुख्य आरक्षी नीरज कुमार आरक्षी अंकित कुमार आरक्षी राजवीर सिंह आरक्षी चालक प्रमोद नगर शामिल रहे।

### दो दरोगाओं की वायरल वीडियो मामले की जांच एएसपी को सौंपी

मुरादाबाद, शिकारपुर। पहासू थाना क्षेत्र के दो दरोगाओं द्वारा विवेचना किए जाने के दौरान अभद्रता किए जाने के आरोप की वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को जांच सौंपी है। पहासू थाने में तैनात दो दरोगा तुर्कीपुरावास गांव में मुकदमे की विवेचना करने गए थे। इस दौरान नामजद आरोपी की पत्नी व परिजनों और दरोगाओं के बीच कहासुनी हुई। आरोपी परिवार द्वारा पुलिस द्वारा की गई अभद्रता की वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी गई। जो वायरल हो गई। वायरल वीडियो का एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने संज्ञान लिया और मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को सौंपी है।

### हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

मुरादाबाद, शिकारपुर। सलेमपुर थाना पुलिस ने हत्या का षड्यंत्र रचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि चिट्ठा गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र किशन स्वरूप द्वारा दर्ज कराए गए मामले के बाद गांव निवासी सुभाष और लाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### जनकल्याण सेवा समिति ने निर्धन कन्या के विवाह में किया सहयोग

संभल। जन कल्याण सेवा समिति चंदौसी की सदस्यों ने एक निर्धन कन्या के विवाह में सहयोग हेतु श्रीमती रेखा रस्तोगी के सुभाष रोड स्थित आवास पर एकत्रित होकर सहयोग में 11 साड़ी एक बेडशीट, 15 घरेलू उपयोगी बर्तन, ज्वैलरी तथा कुछ गिफ्ट आइटम्स एवं 3100 की नगद धनराशि से सहयोग किया। समिति द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह में सहयोग की कड़ी में यह 27वीं निर्धन कन्या के विवाह में किया गया सहयोग है ।सहयोग करने वाली सदस्यों में अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ,रेखा रस्तोगी आशा गोस्वामी ,भावना गुप्ता, संगीता शर्मा,मनीषा, सारिका, अंशु वार्ष्णेय, सोनी रस्तोगी, कंाता अदलखा, आभा,अनामिका सिंह,पूर्णिमा , रेखा अग्रवाल , आशा रस्तोगी,आदि का सहयोग व सहभागिता रही।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्त हादसे का शिकार, एक की मौत, दूसरा गंभीर

संभल/गुन्नौर। मेरठ-बदायूं हाईवे पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। हादसा तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र में हुआ। मृतक की पहचान 19 वर्षीय सुनील पुत्र जगदीश निवासी ग्राम मेहुआ हसनगंज, थाना बबराला के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक 18 वर्षीय मोहित पुत्र बंटी बताया गया है।परिजनों के अनुसार दोनों युवक जुनाबई थाना क्षेत्र के किसी गाँव में दावत खाने जा रहे थे। तभी थाना जुनावई और गुन्नौर के बीच अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को अलीगढ़ रेफर किया गया, जहां देर रात सुनील की मौत हो गई। सुनील की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है, जबकि मोहित की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। थाना पुलिस ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

मुरादाबाद , अनूपशहर। न्याय पंचायत स्तर पर चल रहे खेलों का शुभारंभ सोरला स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी तथा मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया। सोमवार को न्याय पंचायत मलकपुर के गांव सोरला स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार तथा विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विनोद कुमार, ओमवीर सिंह, गौरव कुमार, भीष्म सिंह आदि ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि खेल मस्तिष्क के विकास में अत्यधिक लाभदायक हैं। विपिन कुमार ने कहा कि खेल हमें हार जीत के माध्यम से सुधारने का मौका देते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अभिमन्यु जयरामपुर प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय मलकपुर विराट द्वितीय,100 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में राधिका कुमारी जयरामपुर, 200 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में विवेक कुमार मलकपुर, 200 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग दीपिका प्रथम, काजल द्वितीय, 400 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक बालक वर्ग जितेश कुमार प्रथम, तरुण कुमार द्वितीय, कबड्डी उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में जयरामपुर विद्यालय प्रथम, कबड्डी उच्च प्राथमिक बालक वर्ग जयरामपुर व मलकपुर संयुक्त रूप से प्रथम, 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग जीतू सोरला प्रथम, शिवम तोमर एंचोरा द्वितीय, लंबी कूद बालक वर्ग पुनीत प्रथम, लंबी कूद बालिका वर्ग दीपिका प्रथम स्थान पर रहे। इस आयोजन में शशिकांत भारती, श्रीनिवास, मोहित कुमार, राहुल भाटी, आदिल, विजय कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, हरि सिंह, हेमंत शर्मा का योगदान रहा।

### झोलाछाप के इलाज से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बदायूं। झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक युवक की मौत हो गई जिससे परिवार में मचा कोहराम मचा हुआ है मामला सीएचसी सहसवान क्षेत्र के ग्राम अलद्पुर धुबाई का है। एक युवक इलाज के लिए झोलाछाप की क्लीनिक पर गया था। परिजनों का आरोप है कि उस दौरान झोलाछाप ने युवक को गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे उसकी मौत हो गई।थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलद्पुर धुबाई निवासी हरि सिंह 45 वर्षीय युवक की झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से देर रात मौत हो गई। यह झोलाछाप डॉक्टर गांव में ही अपनी क्लीनिक चलता है,स्वजनों का आरोप है हरि सिंह झोलाछाप डॉक्टर के पास अपनी सर्दी जुकाम की दवा लेने गए थे।झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से मौत हुई है। सहसवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वजन युवक को लेकर पहुंचे वहां चिकित्सकों ने युवक को मृत्य घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### श्रीमद् भागवत कथा में 24 अवतारों पर चर्चा

अनूपशहर। प्राचीन शक्ति पीठ मां चामुंडा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा में व्यास इंद्रेश कौशिक ने भगवान के 24 अवतारों सती चरित्र, ध्रुव चरित्र का वर्णन किया।सोमवार को नगर के प्राचीन शक्ति पीठ मां चामुंडा देवी मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कामाख्या धाम अयोध्या से पधारे व्यास इंद्रेश कौशिक ने भगवान के 24 अवतारों का वर्णन करते हुए कहा कि आज धर्म ऐसे संकट में है, कि इंसान भगवान को भी बांटकर अपना बंटवारा करने में लगा है। कथा इसलिए नहीं है, कि जीवन परिवर्तित हो जाए। ये कथा सिर्फ प्रभु के आनंद को जीने के लिए है। उन्होंने भगवान के परषु, चार सनत कुमार, वराह, नारद, नर-नारायण, कपिल, दत्तात्रेय, याज्ञ, ऋषभ, पृथु, मतस्य, कच्छप, धनवंतरी, मोहिनी, नृसिंह, हयग्रीव, वामन, परशुराम, व्यास, राम, बलराम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि 24 अवतारों का वर्णन किया। कलियुग के आरंभ में पांडव कुल भूषण राजा परीक्षित के तपस्यारत शमिक ऋषि के गले में सर्प डालने और ऋषि पुत्र के राजा को नाग के डसने पर श्राप दिए जाने की कथा भी सुनाई। श्रद्धालुओं से जैविक खेती करने के साथ गो-माता की रक्षा करने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कथा के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर राकेश कृष्ण शास्त्री समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल ने जिला कारागार एवं राजकीय संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल, प्रशासनिक न्यायमूर्ति संभल, उच्च न्यायालय इलाहबाद द्वारा जिला कारागार संभल स्थित मुरादाबाद एवं राजकीय संप्रेक्षण गृह संभल स्थित मुरादाबाद का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति महोदय द्वारा परिसर की स्वच्छता, बंदियों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, चिकित्सीय सुविधा तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा बंदियों के पुनर्वास एवं सुधार हेतु चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उक्त के संबंध में कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने कहा कि कारागार केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधार गृह है जहाँ बंदियों को समाज में पुनः स्थापित होने का अवसर मिलता है न्यायमूर्ति महोदय ने महिला बंदियों हेतु पौष्टिक भोजन उनके साथ रह रहें बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए तथा जेल लीगल एड क्लिनिक के प्रपत्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि यदि किसी बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है। राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे बालकों से भी माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने संवाद किया एवं उनके रहन-सहन, शिक्षा तथा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बालकों के पुनर्वास एवं मनौवैज्ञानिक परामर्श हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने एवं बच्चों के समग्र विकास हेतु बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## जिला अस्पताल में महिला से दुष्कर्म का आरोपी सफाई कर्मी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज में महिला से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।दरअसल, एक महिला का जेठ जिला अस्पताल में भर्ती था। महिला और उसका पति उसकी देखभाल के लिए अस्पताल में रूके थे। रविवार शाम उसका पति घर से कपड़े व सामान लेने के लिए चला गया। इसके बाद उक्त महिला अजीजगंज में शराब के ठेके पर गई। जहां वह शराब पीकर बेहोश हो गई। किसी ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। सोमवार सुबह महिला को कंाट थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी पूर्वी का रहने वाला जयशंकर पुत्र आसाराम मिला। जयशंकर जिला अस्पताल में सफाई कर्मचारी है। उसने महिला से अच्छी दवाई दिलाने व बेहतर उपचार की बात कही और महिला को जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर ले गया। महिला का आरोप है कि उसने डॉक्टर से मिलवाने की बात कहते हुए शौचालय में जबरन खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी जयशंकर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को बरेली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 29 अक्टूबर को

बहराइच । अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 06:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

## भारतीय युवा चेतना मंच ने पुरानी व खंडित मूर्तियों का किया संग्रह

**नदी में करेंगे विसर्जित- पुरानी व खंडित मूर्तियों को मंदिरों या सार्वजनिक स्थलों पर फेंकने से बचें- नरेन्द्र त्यागी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। दीपावली के बाद पुरानी व खंडित मूर्तियों का संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन मूर्तियों को नदी में विसर्जित किया जाएगा। भारतीय युवा चेतना मंच की ओर से रोजा में स्थित बाबा आदर्श नाथ मंदिर से खंडित, परित्यक्त मूर्तियों का संग्रह शुरू किया गया। उसके बाद निवाजपुर, रेती, हथौड़ा होते हुए शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के पास लाला तेली बजरिया, आवास विकास कॉलोनी, राधा विहार कॉलोनी में स्थित मंदिर व सार्वजनिक स्थलों से मूर्तियों का संग्रह किया गया। इस बीच गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने कहा कि देव मूर्तियों की पूजा करने के बाद सकारात्मक ऊर्जा हमारे जीवन को आलोकित करतीं हैं। श्रीत्यागी ने लोगों को देव प्रतिमाओं के फेंकने से रोकने तथा गली मोहल्ला को स्वयं स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। कहा कि वे पुरानी व खंडित मूर्तियों को मंदिरों या सार्वजनिक स्थलों पर फेंकने से बचें। उन सभी मूर्तियों को नदी में जल प्रवाह या समाधि देना चाहिए। इस मौके पर प्रदीप कुमार मिश्रा, पूर्व सभासद गोपाल दीक्षित, पंडित संगम शास्त्री, भगवान दास सक्सेना, चन्द्रेश बाबू सक्सेना, महावीर प्रसाद, सुखपाल सिंह, अन्नू पंडित, सोनल शर्मा, मुकेश सिंह, लालाराम, योगेन्द्र त्यागी, अनिल सिंह, डॉ नवीन, सर्वेश पाल, प्रणव शेखर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नीति मंच के प्रदेश संगठन महामंत्री बने महेश



शाहजहांपुर। भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संरक्षक व पूर्व राज्यमंत्री एवं मिश्रिक विधायक रामकृष्ण भार्गव के निर्देश पर भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कारी फतेहुद्दीन खान कादरी की सहमति से भाजपा नीति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार के निर्देशन में तिलहर के मोहल्ला दातागंज के रहने वाले महेश चंद्र गुप्ता को भाजपा नीति मंच का प्रदेश संगठन महामंत्री मनोनीत किया गया है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महेश चंद्र गुप्त से अपेक्षा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे। भाजपा नीति मंच का प्रदेश संगठन महामंत्री बनने पर महेश चंद्र गुप्ता को लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## जनपद में पराली जलाने पर कई किसानों पर लगाया जुर्माना व की गई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विभिन्न तहसीलों में कई किसानों पर जुर्माना लगाया गया और कई को जेल भी भेजा गया।एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद के सभी तहसीलों में निगरानी बढ़ा दी गई है। जहां भी पराली जलाने की सूचना मिली, वहां तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। बताया कि तहसील सदर में नरेश पाल, परागू, सोनपाल, सूरजा देवी, द्वारका, मौघू, सुधीर सिंह, कुंवर पाल, प्रताप सिंह और हरि प्रसाद पर पराली जलाने के आरोप में प्रति व्यक्ति पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा ग्राम जमुका और चक भिटारा में पराली जलाने वाले तीन व्यक्तियों को थाना रोजा पुलिस ने चालान वसूल कर जेल भेजा। वहीं, तहसील पुवायां में दो लालमणि इंसान अली पर पांच-पांच हजार रूपए जुर्माना, तहसील तिलहर में ऋषिपाल, हरिप्रसाद और हवलदार पर पांच-पांच हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ग्राम हिन्दू पट्टी बाहर चुंगी और तिलहर कस्बा बाहर चुंगी में पराली जलाने के मामले में कल्लू, जाविर, बच्चू, राजपाल, सियाराम, नन्हे एवं राकेश कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया। इसके अलावा तहसील जलालाबाद में भी दा व्यक्तियों पांच-पांच हजार रूपए का जुर्माना और तहसील कलान में भी दो व्यक्तियों पर पांच-पांच हजार रूपए का जुर्माना अध्यारोपित किया गया। साथ ही एसडीएम कलान ने ग्राम शेरपुर कुर्रिया में पराली न जलाने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। एडीएम ने किसानों से अपील की है कि वे पराली न जलाएं, क्योंकि इससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है और कानूनन यह दंडनीय अपराध है। कहा कि प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है और पराली जलाने की किसी भी घटना पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने महिलाओं की सुनी समस्याएं,दस से ज्यादा शिकायतों का मौके पर किए निस्तारित

**आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। आयुक्त देवीपाटन मण्डल के निर्देशन में सोमवार को ख्मां पाटेश्वरी शक्ति संवादङ्क कार्य क्रम के अंतर्गत महिला जनसुनवाई का आयो जन मंडलायुक्त कार्यालय में किया गया। जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज़ से आई 31 महिला ओं ने उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्याएं आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत कीं।

महिलाओं ने विभिन्न सामाजिक, राजस्व एवं पारिवारिक मामलों से संबंधित शिकायतें रखते हुए त्वरित निस्तारण की अपेक्षा व्यक्त की। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समा धान पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

### चकमार्ग पर कब्जा,आवागमन बाधित

तहसील मनकापुर के ग्राम सैदापुर निवासी एक महिला ने आयुक्त को बताया कि गांव के ही ए क व्यक्ति द्वारा राजस्व अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या-404 चकमार्ग पर पेड़ लगाकर कब्जा कर लिया गया है,जिससे ग्रामीणों का आवाग मन बाधित है।प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल द्वारा विपक्षी पक्ष के पक्ष में झूठी रिपोर्ट लगाई जा रही है।उन्होंने आयुक्त से चकमार्ग से कब्जा हटवाने एवं लेखपाल पर विभागीय कार्रवाई की मांग की।आयुक्त ने तत्काल संबंधित एसडीएम को जांच कर मार्ग बहाली हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

### नाली विवाद से परेशान महिला ने लगाई गुहार

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम हरखापुर निवासी एक महिला ने आयुक्त से गुहार लगाते हुये बता या कि उनके पड़ोसी द्वारा अपने मकान की ना ली जबरन उनके घर की ओर निकाली गई है, जिससे उनके मकान के पीछे गंदा पानी जमा रहता है।प्रार्थिनी ने बताया कि विरोध करने पर पड़ोसी व उनके परिजन धमकी देते हैं।उन्होंने आयुक्त से अनुरोध किया कि जब तक जमीन का विधिवत बंटवारा नहीं हो जाता,तब तक ना ली उनके घर की ओर न निकाली जाए। आयु क्त ने पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के नि र्देश दिए।

### शिक्षिका ने की बीएलओ ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

कम्पोजिट विद्यालय चौदपुर,विकास खंड मन कापुर में तैनात सहायक अध्यापिका आश्रिता सोनी ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर बताया कि उनकी और उनके सहायक अध्यापक पति की विधानसभा चुनाव 2027 हेतु बीएलओ ड्यूटी एक साथ लगी है,जिससे उनके 18 माह के शिशु की देखभाल में कठिनाई हो रही है। उन्होंने मानवीय आधार पर ड्यूटी से मुक्त करने का अनुरोध किया।आयुक्त ने इस प्रकरण पर ए सडीएम मनकापुर को फोन पर वार्ता कर निर्दे शित करते हुए कहा कि महिला शिक्षिका की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए।

### जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित

सम्मानजनक और सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, जहाँ वे अपनी समस्याएं निर्भीक होकर रख सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। आयुक्त ने देवीपाटन मंडल की सभी महिलाओं से अपील की है कि यदि उनके किसी समस्या पर स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है, तो वे प्रत्येक सोमवार को दोपहर के 12 से 2 बजे तक होने वाले मां पाटेश्वरी शक्ति संवादङ्क विशेष महिला जनसुन वाई के दौरान उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकती हैं।उन्होंने कहा कि इस शक्ति संवा द कार्यक्रम में आने वाली सभी महिलाओं की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जनसुनवाई के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या तथा उपा युक्त खाद्य मौजूद रहीं।

# एसएसबी 59वी वाहिनी ने करमोहना गांव में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी नानपारा द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेज करमोहना में एक विशेष निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर (एमसीए) का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. ए. लिंगय्या, द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा), सशस्त्र सीमा बल, नानपारा तथा उनकी चिकित्सा टीम ने ग्रामीणों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर के दौरान कुल 51 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 09 बच्चे, 14 महिलाएँ और 28 पुरुष शामिल थे। सभी का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सा टीम ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों की रोकथाम एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया। 59वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का यह प्रयास न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा, बल्कि यह ग्रामीणों के कल्याण और समाज सेवा के प्रति बल की निरंतर प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के कमांडेंट ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर सीमावर्ती गांवों के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता रहेगा।

# नशे की सामग्री पर लगे रोक, नहीं तो युवा हो जाएंगे बर्बाद: कुलदीप मिश्र

**कभी मौज-मस्ती और दोस्तों की देखा-देखी में शुरू हुआ नशा अब इतनी गहराई तक पैठ बना चुका है कि कई परिवारों का अस्तित्व तक खतरे में पड़ गया है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। समाज में नशा एक ऐसी बुराई बन चुका है जो हर तबके के लोगों को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। तमाम प्रयासों और सरकारी अभियानों के बावजूद युवा पीढ़ी पर नशे का शिकंजा दिन-ब-दिन कसता जा रहा है।

कभी मौज-मस्ती और दोस्तों की देखा-देखी में शुरू हुआ नशा अब इतनी गहराई तक पैठ बना चुका है कि कई परिवारों का अस्तित्व तक खतरे में पड़ गया है। जिले में नशे की वजह से न सिर्फ अपराधों में इजाफा हो रहा है, बल्कि पा रिवारिक ढांचा भी पूरी तरह से चरमरा गया है। मौजूदा हालात पर गौर करें तो आज गांव की गलियों तक शराब की दुकानों का विस्तार हो चुका है,वहीं शहर ही नहीं स्मैक,चरस, गांजा और भांग से लेकर अन्य कई तरह के नशीले पदार्थ गांवों तक अपनी मजबूत पहुंच बना चुके हैं।

इससे पारिवारिक ही नहीं सामाजिक ढांचा तक बिखराव की कगार पर पहुंच चुका है,हालां कि जिले में एक नशा मुक्ति केंद्र काम कर रहा है,लेकिन जिले के फैलाव और आबादी को दे खते हुए नाकाफी है। सभी ने नशा मुक्ति केन्द्र बढ़ाने की मांग भी की है। नशामुक्ति को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभि यान सख्त कानून और पुनर्वास केंद्र आदि सरा हनीय पहल हैं।मगर गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।देश की भविष्य युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा इस नशे के दलदल में फंस रही है।तंबाकू, शराब, गांजा, चरस, स्मैक ही नहीं अब तो सिंथेटिक ड्रग्स भी आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।नशे की लत ने कई परिवरों को बर्बादी के मुहाने पर ला खड़ा कर दिया है। पति-पत्नी के बीच झगड़े नशे में होना तो आम है।वहीं नशे की गिरफ्त में फंसकर किशोर से लेकर नौज वान हिंसक रवैया भी अख्तियार कर रहा है। हालत यह है कि नशे की लत के कारण अपने ही घर में चोरी करने के साथ घर के सामानों को भी बेचने से ऐसे लोग नहीं चूकते।घर से जरूरत न पूरी होने पर नशे के आदी लोग चोरी लूट जैसे अपराध करने से भी नहीं गुरेज करते हैं।जिसका कारण महंगे नशे को लेने के लिए नौजवान कुछ भी करने को तैयार रहते हैं।ऐसे लोगों के कारण परिवार में भय का माहौल बना रहता है।कई परिवार तो पूरी तरह बर्बाद हो चु के हैं।कई बार तो नशा करने वाले घरेलू हिंसा ही नहीं करते बल्कि जान देने से भी गुरेज नहीं करते हैं।लोगों का कहना है कि परिवार का मु खिया अगर नशे का आदी हो जाए,तो पूरा परि वार बिखर जाता है।

### विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

बहराइच । बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को निखारने के लिए जिला विज्ञान क्लब के द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 06 नवंबर 2025 को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता महराज सिंह इंटर कॉलेज बहराइच में सुबह 9 बजे से शुरु होगी। जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ नंद कुमार शुक्ल ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें मंच प्रदान करना है। जिससे वह विज्ञान से संबंधित नवाचार व अपने तैयार मॉडल का प्रदर्शन कर सकें।जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य विषय वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान रखा गया है, जिसके अंतर्गत 22 उपविषय भी निर्धारित किए गए हैं। जिस पर विद्यार्थी अपने-अपने मॉडल को तैयार कर प्रदर्शन करेंगे। किसी भी दशा में थर्माकॉल या प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने मॉडल प्रतियोगिता में शामिल नहीं किए जाएंगे।

# अंकुर अग्रवाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद नहीं हुई गिरफ्तारी

**तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रसूखदार व्यक्ति अंकुर अग्रवाल को पुलिस गिरफ्तार करने से पीछे हट रही**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रह ने वाले भूमिया,जाल साज पैसा हड़पने वालेव्यक्ति व्यक्ति अंकुर अग्रवाल के खिलाफ बका या पैसा न देने व जान से मारने की धमकी देनेके मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो ने के बावजूद तीन महीने से अधिक समय भी जाने के बाद भी अंकुर अग्रवाल की गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

बताते है कि अमित अग्रवाल ने नगर कोतवाली में 11 जुलाई को अंकुर अग्रवा ल चार अज्ञात समेत के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था,अमित अग्रवा ल ने अंकुर अग्रवाल पर आरोप लगाया था कि व्यापारिक लेनदेन के लिए अंकुर अग्रवाल को डेढ़ करोड़ रुपए दिए थे जिसकी पेमेंट पचारि या कंपनी के खाते में की गई थी,उसके कुछ स मय बाद अमित अग्रवाल ने पैसे की वापसी की मांग की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी,आरोप है कि उन्हें रास्ते में रोक कर कु छ के साथ मिल कर उन्हें डराया गया और फा यरिंग भी की गई थी इसकी सूचना अमित अग्र वाल ने तत्काल पुलिस को दी थी,लेकिन पुलि स ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी। हालांकिविभागीय जांच अधिकारी ने माना है कि पचा रिया कंपनी के खाते में लेनदेन से या साफ प्र तीत होता है कि मामला व्यापारिक उधारी से जुड़ा हुआ है।लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि ये वही जाल - साज अंकुर अग्रवाल है जिसपर रेलवे और बंजर भूमि को एग्रीमेंट और प्ला टिंग करने का आरोप लगा था, इस मामले में भी जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर नगर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।इसकेअलवा अंकुर अग्रवाल के खिलाफ कई अन्य मामले भी दर्ज हैं।लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि अंकुर अग्रवाल बेहद रसूखदार व्यक्ति है इनके खिलाफ जीएसटी चोरी जैसे गंभीर माम ले भी दर्ज हैं। लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि अंकुर अग्रवाल एक रसूखदार व्यक्ति है जि ससे कि पुलिस गिरफ्तारी करने से पीछे हट र ही है,वही अंकुर अग्रवाल पर दर्ज मुकदमे की जानकारी जांच कर रहे बड़गांव पुलिस चौकी इंचार्ज विपुल पांडे से तो उन्होंने बताया जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिला फ कार्रवाई की जाएगी।

# 59 वाहिनी एसएसबी में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशानुसार 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में सोमवार से 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' की शुरुआत की गई। यह सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी। सप्ताह के पहले दिन 59वी वाहिनी के मुख्यालय सहित सीमा चौकियों पर अधिकारियों व जवानों ने ईमानदारी और सत्यनिष्ठा बनाए रखने की शपथ ली। इस दौरान वाहिनी के अधिकारियों ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया। अधिकारियों ने बताया कि यह सप्ताह सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय में भी भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। 59वी वाहिनी एसएसबी ने सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी के मूल भाव को आत्मसात करते हुए देशसेवा में उच्चतम नैतिक मूल्यों के पालन का संकल्प दोहराया।

# डायल 112 पुलिस वाहन ने पीछे से मारी कार में टक्कर, महिला से वसूले पांच हजार रुपये

**परशुराम सेना प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष ने लगाई न्याय की गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। परशुराम सेना प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष पयागपुर पंडित नीरज कुमार शुक्ला ने गोण्डा जिले कटरा बाजार थाना के डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है।उन्होंने पुलिस अधीक्षक गोण्डा व मंडला आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा को प्रेषित एक प्रार्थना पत्र में बताया है कि शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2025 को वे अपने परिवार के साथ अपने मारुति कार वाहन संख्या (ठ्घ 32 क्क्ष 6366) से अपने बहन के घर करनैलगंज स्थिति ग्राम पंचायत नगवाकला एक फंक्शन में जा रहे थे। की जैसे ही वे चूंटी चौराहा से आगे पराग चौराहे के बड़ी नहर के पास पहुंचे तो अचानक दो मोटर साइकिलें उनकी गाड़ी के सामने आ गईं और उन्होंने तत्काल ब्रेक लगाया, तभी पीछे से थाना कटरा बाजार की डायल 112 पुलिस गाड़ी (ठ्घ 32 क्क्ष 5654) ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार की डिग्गी टूट गई। श्री शुक्ल का आरोप है कि टक्कर के बाद डायल 112 नंबर पुलिस वाहन में मौजूद सिपाही तुफैल शलमानी व ड्राइवर मुल्कराज यादव (घ्टउ 112) ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें और उनके परिवार को कार से नीचे उतार लिया और डराया-धमकाया।इतना ही नहीं, आरोप है कि उनकी पत्नी नीतू शुक्ला से सिपाही तूफैल सलमानी ने पांच हजार रुपये नकद ले लिए और कहा कि यदि पैसा नहीं किया तो तुम्हारे पति को जेल भेज दूंगा व तुम्हारी गाड़ी सीज कर दूंगा। मेरी पत्नी डर के मारे पैसा दे दिया।और तो और मुझसे ही उल्टा गाड़ी का डेंट पेंट करवाया गया । और 1600 रुपये डायल 112 स्कॉर्पियो गाड़ी की मरम्मत के नाम पर उनसे जबरन वसूले। श्री शुक्ला का कहना है कि जब पुलिस कर्मियों ने उनकी कार पर लिखा अध्यक्ष का बोर्ड देखा, तो आदि बबूला हो गए और संगठन के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कहा कि गाड़ी में अध्यक्ष लिख देने से कोई अध्यक्ष हो जाता है क्या । व संगठन के प्रति गाली गुप्ता भी दी और हमारे छोटे-छोटे बच्चों को डराया धमकाया दो घंटा तक मुझे मेरी पत्नी व बच्चों को प्रताड़ित करते रहे। जिससे प्रार्थी के अत्म सम्मान को काफी ठेस पहुंची है। जिससे प्रार्थी व प्रार्थी का परिवार काफी डरा सहमा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक गोण्डा से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। प्रार्थी पंडित नीरज कुमार शुक्ला ने बताया कि वे परशुराम सेना प्रकोष्ठ, बहराइच के विधानसभा अध्यक्ष पयागपुर के हैं। और इस तरह की घटना पुलिस की छवि को धूमिल करने वाली है। वही परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि यदि मेरे बहराइच पयागपुर विधान सभा अध्यक्ष नीरज शुक्ला के साथ हुई घटना बहुत सर्बनाक है।मैं इसकी निंदा करता हूँ।यदि प्रसासन द्वारा दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई।तो हम लोग आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

### स्वास्थ शिविर में मरीजों ने कराया परीक्षण



गोंडा। श्री हरिनारायण साईं मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित हरिनारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लिनिक एवं दीनबंधु नेत्र अस्पताल अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रूद्रपुर बिसेन में किया गया।अयोध्या से आए डॉक्टरों द्वारा लगभग डेढ़ सौ मरीजों का नेत्र परीक्षण करके निशुल्क दवाइयां एवं चश्मा उपलब्ध कराया गया। मिनी चैरिटेबल क्लिनिक के डॉक्टर अतुल मिश्रा द्वारा लगभग दो सौ मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको निशुल्क दवाइयां दी गई। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल ने बताया की संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लगातार किया जाएगा जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।संस्था द्वारा संचालित मिनी चैरिटेबल क्लीनिक सिविल लाइन पर मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करके निशुल्क दवाइयां प्रतिदिन दी जाती है एवं आंखों से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का इलाज निशुल्क किया जाता है।

# सतीश शाह के निधन से कलाकार है मर्माहत: हरिनाथ भाई

**वे मुझसे कुछ वादा किए थे जो अब अधूरे रह गये। उनके निधन से मेरी व्यक्तिगत क्षति हुई है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । सतीश शाह जी जितानें बड़े हास्य कलाकार थे, उससे भी बड़े, एक नेक दिल इंसान थे। उनके साथ मुझे चार घंटे रहनें का सौभाग्य मिला था। उतनें समय में वे मुझसे सत्रह वर्ष से भी अधिक का प्यारा सम्बन्ध बना डाले। वे मुझसे कुछ वादा किए थे जो अब अधूरे रह गये। उनके निधन से मेरी व्यक्तिगत क्षति हुई है। भगवान उनको, अपने शरण में स्थान दें।

यह विचार गोरखपुर के हरिनाथ भाई के हैं। 25 अक्टूबर को फिल्म हास्य अभिनेता सतीश शाह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि 2008 में मेरी भोजपुरी फिल्म '' चिरकुटवा बनल विधायक'' बन रही थी। मैं लेखक तथा असिस्टेंट डायरेक्टर था। सेनापति जी डायरेक्टर थे। हम लोगों का फ्लैट, अंधेरी में लता मंगेशकर जी की 'स्वरांजलि' भवन के पीछे था।मेरे फिल्म की हिरोईन गुन्जन पंत नें 12अगस्त को मुझे एक निमंत्रण पत्र दिया जो मेरे नाम था। चार बंगला के पास एक होटल में सुप्रसिद्ध गायक श्री महेन्द्र कपूर जी का सम्मान समारोह था। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना जी थे।मैं श्री केएन दूबे जी, अपनें फिल्म के हीरो मनोज द्विवेदी और गुन्जन पंत के साथ पहुंच गया।वहां राजेश खन्ना जी, सतीश शाह जी और फिल्म अभिनेत्री रबीना टण्डन जी के अलावें अन्य कलाकार भी थे। श्री रजा मुराद जी संचालन कर रहे थे।मैं श्री महेन्द्र कपूर जी का फैन हूं और मात्र उनके लिए गया था। वे जब मंच पर आए तो सारे दर्शक खड़े होकर, जोरदार ताली बजाने लगे। पीछे बड़े पर्दे पर फिल्म का गाना चल रहा था --- हे .....नील गगन की तले, धरती का प्यार.....।महेंद्र कपूर जी स्ट्रेचर चेयर पर आए थे। वे न चल पा रहे थे और न ठीक से खड़े हो पा रहे थे। फिर भी थोड़ा सा उठे और हाथ जोड़ कर दर्शकों के प्रति आभार प्रकट किए।कार्यक्रम समाप्त होंने से कुछ मिनट पूर्व ही महेंद्र कपूर जी और राजेश खन्ना जी चले गये। शायद भीड़ से बचनें के लिए ऐसा किया गया। सतीश शाह जी से मेरी मुलाकात हो गयी। मैनें कहा कि सर मैं गोरखपुर से आया हूं और भोजपुरी फिल्म बना रहा हूं। आपसे मिलना चाहता हूं।कब और कहां मिलूं ?उन्होंने तत्काल मुस्कराते हुए पूछा - '' भोजपुरी बोले के आवेला मैंने जबाब दिया --'' आरे मनें कहें ना जब हम भोजपुरिये क्षेत्र के रहे वाला हईं त '' उन्होंने अपनें गनर को इशारा किया और वह मुझे आगे वाली सीट पर बैठा कर,स्वयं पीछे शाह जी के बगल में बैठ गया।गाड़ी लगभग 15 किमी0 चली। एक बड़े कार्यालय पर रुकी। मुझे एक कमरे मैं बिठाया गया। एक जग मैंगो सेक आया। मैं ठंडा हो गया। सतीश शाह जी मुझे अपनें कमरे में बुलाए और सबसे पहले योगी आदित्यनाथ जी महाराज जो उस समय सांसद थे के बारे में पूछ। फिर मेरे फिल्म की संक्षेप में कहानी सुने। कई अच्छे सुझाव दिए ।मैं उनके साथ चार घंटे रहा। अपने साथ डीनर कराए, फिर मेरे फ्लैट पर मुझे छोड़वा दिये।मैं 15 दिन बाद घर पहुंचा तभी फोन से पता चला कि महेन्द्र कपूर जी अब नहीं रहे। मैं बहुत दुखित हुआ था।आज जब पता चला कि इस अक्टूबर माह में महाभारत के कर्ण, पंकज धीर और हास्य अभिनेता असरानी के बाद सतीश शाह जी भी साथ छोड़ दिए तो बहुत दुख हुआ।भगवान,तीनों महान आत्माओं को शांति प्रदान करें।

# ब्राह्मण रेजीमेंट सेमिनार संपन्न फरवरी 2026 में ''ब्राह्मण संसद'' का होगा आयोजन

**ब्राह्मण समाज एकता,राष्ट्रसेवा और विश्व कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक पहल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । सर्व ब्राह्मण युवा समिति द्वारा आयोजित ख्ब्राह्मण रेजीमेंट सेमिनारङ्क भोपाल के आदर्श नव दुर्गा खाटूश्याम मंदिर, अटलपथ, प्लेटिनम प्लाज़ा के सामने, टी.टी. नगर में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्राह्मण युवा, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति, वरिष्ठजन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में संगठन, एकता और जागृति की भावना को पुनर्जीवित करना तथा ख्राष्ट्र एवं धर्म सर्वोपरिङ्क के मंत्र को आत्मसात कर और विश्व कल्याण कामना एवं समाज को नई दिशा देना था।सेमिनार का शुभारंभ वैदिक मंगलाचार एवं दीप प्रज्वलन ब्राह्मण महासभा भारत के राष्ट्रीय महासचिव/संगठन प्रभारी शिव शंकर तिवारी ''सोहगौरा'' सहित और वशिष्ठ अतिथियों ने किया। शिव शंकर तिवारी ''सोहगौरा'' ने अपने उद्बोधन में ब्राह्मण समाज की ऐतिहासिक भूमिका, वर्तमान चुनौतियों और आने वाले समय में संगठित प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण युवा समिति के द्वारा आयोजित ''ब्राह्मण रेजिमेंट सेमिनार'' आगामी फरवरी 2026 में ''ब्राह्मण संसद'' आयोजन को देखते हुए प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की औपचारिक नियुक्ति भी की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने भगवान को साक्षी मानते हुए समाज, राष्ट्र और धर्म के उत्थान हेतु पूर्ण निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता से कार्य करने की शपथ ली।शपथ के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा ख्मैं भगवान को साक्षी मानकर यह संकल्प लेता हूँ कि राष्ट्र एवं धर्म मेरे लिए सर्वोपरि हैं।मैं समाज की एकता, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निःस्वार्थ भाव से सतत प्रयासरत रहूँगा।

सेमिनार के समापन पर यह घोषणा की गई कि आगामी फरवरी माह में ब्राह्मण महासम्मेलन ब्राह्मण संसद का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और सामाजिक संगठन भाग लेंगे। यह आयोजन समाज की दिशा और दशा दोनों को नई ऊँचाइयाँ देने वाला होगा।

# स्कूली वाहन चालकों का चरित्र सत्यापन और मेडिकल परीक्षण अनिवार्य : डीआईओएस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी ।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अमेठी के कार्यालय सभागार में सोमवार को जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेन्द्र बाबू गुप्ता, यात्री सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार सहित जनपद के पचास से अधिक विद्यालयों के संचालक, प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व में हुई जनपदीय बैठक में दिये गये निर्देशों से विद्यालयों को अवगत कराते हुए दो दिवस के भीतर शपथ पत्र सहित अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने निर्देशित किया कि विद्यालय वाहन निर्धारित संख्या से अधिक छात्रों का परिवहन न करें, चालकों का चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए, प्रत्येक वाहन में महिला कार्मिक की तैनाती हो तथा केवल



## दो दिवस में शपथ पत्र सहित अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिया

फिटनेस प्राप्त और पंजीकृत वाहनों का ही प्रयोग किया जाए। साथ ही, वाहनों की जानकारी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने, संबंधित रजिस्टर संधारित करने तथा निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। सभी वाहन चालकों के नाम, पते और मोबाइल नंबर भी विद्यालयों से मांगे गए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने उपस्थित विद्यालय संचालकों को उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली की प्रति प्रदान करते हुए इसके प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने ठंड के मौसम से पूर्व सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर प्लेट लगाने, चालकों का चरित्र सत्यापन पूर्ण कराने तथा अपंजीकृत वाहनों के प्रयोग से बचने की अपील की। यात्री सुरक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ साझा कीं। बैठक के दौरान विद्यालय प्रबन्धकों ने विभिन्न प्रश्न उठाए जिनका समाधान मौके पर किया गया। साथ ही विद्यालय संचालकों ने वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को सरल बनाए जाने की मांग की।

# सर्दियां आते ही चोरों के हौंसले बुलंद, चिकित्सक के घर चोरी की अप्रिय घटना का प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सर्दियों के दस्तक देते ही चोर सक्रिय हो गए हैं चोर अब वाहनों के साथ मकानों व दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं पुलिस की गश्त व होते हुए भी चोर आसानी से चोरी करके निकल जाते हैं और किसी को नजर नहीं आते पुलिस भी चोरी की वारदातों को गंभीरता से नहीं लेती, जिससे चोरों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं चोरी की वारदातों के आंकड़े की बात करें तो हर माह चोरी के कई मुकदमे दर्ज हो जाते हैं, परंतु चोरों को पकड़ने का आंकड़ा बेहद निराशाजनक है। वहीं, चोरों से बरामदगी तो न के बराबर है अब बीती सुबह मोहल्ला चौक के रहने वाले चिकित्सक सुधाकर पाण्डेय के घर चोरो ने दरवाजे का लॉक तोड़ने का प्रयास किया सामने रह रहे व्यक्ति के ललकारने पर चोर वहा से खिसक लिये चोरो का पीछा किये जाने पर चकमा देकर भाग गये सीसीटीवी चैक किया तो तीन व्यक्ति लोहे की रॉड से दरवाजे पर पड़ा ताला तोड़ने का प्रयास करते नजर आये असफल चोरी की घटना के बाद से डॉक्टर सुधाकर पाण्डेय का परिवार सदमे में नजर आया वहीं नजदीक सराफा बाजार होने से व्यापारियों में डर का माहौल है उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने शहर के विख्यात सर्जन डॉक्टर सुधाकर पाण्डेय के यहां हुई चोरी की असफल घटना पर रोष व्यक्त किया और पुलिसिया गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुऐ कहा पुलिस की लापरवाही से चोरी की घटना मे इजाफा हुआ है शीघ्र ही सभी अप्रिय घटना का खुलासा करे वरना व्यापार मण्डल आपात बैठक बुलाकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने को मजबूर होगा

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु किया गया जागरूक

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के थाना घुंघचाई द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अभियान के अंतर्गत एंटीरोमियो टीम द्वारा विद्यालय, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया । इस कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीम ने ग्रामीण क्षेत्र घुंघचाई के विद्यालय मे सवाद सत्र कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी और साथ ही महिलाओं से कहा गया कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं ।

# तेज रफ्तार वाहन ने ली सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भदैया/सुलतानपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल की रविवार देररात सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की खबर से गांव में मातम पसर गया है। सोमवार क़ो पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मूलतःलाखीपुर गांव निवासी रामदास (69) पुत्र रामफ़ेर कामतागंज बाजार के निकट शम्भूगंज मार्ग पर वर्षों से मकान बनवाकर रहते थे। रविवार की देर शाम वे अपने घर के बाहर सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोग और परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले गए, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के दौरान देर रात उन्होंने दम

## रविवार की देरशाम घर के बाहर टहल रहे थे रामदास, परिजनों में मचा कोहराम

तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक रामदास के दो बेटे हैं। राकेश घर पर रह खेती किसानी का कामकाज देखते हैं और राजेश अमेठी जिले के एक इंटर कालेज में प्रवक्ता हैं। देहात कोतवाल अखंड देव मिश्रा ने बताया कि अभी परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है, मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।सड़क हादसे में दिवंगत हुए रामदास के पिता अभी जिन्दा हैं। करीब 90 वर्षीय वृद्ध पिता रामफ़ेर बेटे की मौत की खबर सुनते ही वह बेसुध होकर गिर पड़े। यह कहते हुए फफक पड़े कि जिस बेटे के कंधे पर मुझे जाना था, आज उसी को कंधा देना पड़ रहा है। उनका यह मार्मिक विलाप सुन गांव में सन्नाटा पसर गया। वहीं मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## लकी चिल्ड्रेन स्कूल में 'साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल गिरफ्तारी' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पूरनपुर। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव और सतर्कता की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से लकी चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर में 'साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल गिरफ्तारी' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया यह सत्र कोतवाली पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा संचालित किया गया, जिसका नेतृत्व श्री कपिल सक्सेना ने किया कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों– जैसे ऑनलाइन ठगी, फ़िशिंग, पहचान की चोरी (ऋद्दद्व्ध्ष्भ द्वद्धद्दद्ध) और तथाकथित ऌडिजिटल गिरफ्तारीङ्क जैसे प्रचलित फर्जी संदेशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी सत्र के दौरान टीम ने छात्रों को वास्तविक घटनाओं पर आधारित वीडियो और उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। इन विज़ुअल्स के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करना क्यों आवश्यक है श्री सक्सेना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण या ओटीपी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करे।

# शीशा स्वयं के देखने पर गुरु और दूसरे के दिखाने पर दुश्मन का काम करता है : शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अयोध्या काण्ड की चौपाइयों के गायन के साथ प्रारम्भ किया।कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने शीशा देखने के तात्पर्य को स्पष्ट करते हुये कहा कि सही व्यक्ति का गुरु भी है दुश्मन भी है इसलिए शीशा जरूर देखना चाहिये स्वयं के देखने से गुरु का काम करता है यदि दूसरा दिखाएं तो दुश्मन का काम करता है शीशा देखने का अर्थ आत्मा वलोकन आत्मचिंतन आत्म दर्शन आत्म संवाद से है।जब महाराज को सफ़ेद बाल कान के दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य राम को सौंपने का मन बनाया ऐसे ही संकेत मिलता है चौथा बना जाये तो मनुष्य को धीरे धीरे जिम्मेदारियों से हटकर भजन में मन लगाना चाहिये राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही थी और देवता विघ्न की रचना कर रहे थे सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी है और मंथरा ने पूरा को



सत्यानाश कर दिया। कथा व्यास ने मंथरा के बारे में बताते हुये कहा कि मंथरा कुसंग है और साथ ही दहेज का सामान इन दोनों से बचना ही चाहिये कुसंग का जल बहुत भयानक होता है इसकी अवधि किसी के पास में होते और कुसंग को कभी छोटा नही समझना चाहिये।वरदान के प्रसंग को सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि मां से भगवान ने वनवास का वरदान मांगा इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नहीं कर पाया बहुत उलाहना भी दी है विनती भी की है लेकिन कैकेई ने एक नहीं सुना इसी कारण से कुसंग से बचना ही चाहिये भगवान को वनवास की सूचना प्राप्त हुई और मां कौशल्या से आशीर्वाद लेकर चले राष्ट्र संघ में कहा इस देश की माताओं की छाती में वह शक्ति है और क्षमता है वह पराक्रम है सहनशीलता है जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है कौशल्या माने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत किया है कि मां के प्रति भगवान राम को भड़काया नहीं अपितु मां का दर्ज़ा दिया है और मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा तो तुझे जाना चाहिए लक्ष्मण जी को बहुत समझाने के बाद भी लक्ष्मण जी जब नहीं माने तो लक्ष्मण भगवान और जान की तीनों वन के लिए चले यह है रघुवंश का भ्रातृ प्रेम जिस कारण से आज भी हम सब ऐसे भाइयों को याद करके आनंदित होते हैं। यजमान ने कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्रीराम कथा के आयोजक गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,जिला पंचायत सदस्य रिंकू तिवारी, मनीष सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह विजय सेन सिंह, देवी शरण बाजपेई, आशीष मिश्रा, शैलेंद्र सिंह,राजेश पाण्डेय, बबलू सिंह,ओंकार पाण्डेय, अमन सिंह, हिमांशु सिंह, ।

## खाद बीज एवं कीटनाशक दुकानों का जिला कृषि अधिकारी ने किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार द्वारा सोमवार को तहसील अमेठी क्षेत्र के विभिन्न खाद, बीज एवं पेस्टिसाइड की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एग्रीजंक्शन केंद्र मुंशीगंज, आईएफडीसी केंद्र अमेठी, एग्रीजंक्शन केंद्र जंगल रामनगर, शिवा बीज भंडार टीकरमाफी, चौरसिया बीज भंडार टीकरमाफी एवं मौर्या बीज भंडार अयोध्या नगर का स्थलीय परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु बीज के छह नमूने तथा पेस्टीसाइड (कीटनाशक) के चार नमूने एकत्र किए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि सभी कृषि इनपुट्स की बिक्री नियमानुसार की जाए और अवैध या अप्रमाणित उत्पादों का भंडारण या विक्रय न किया जाए। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रसायन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।

## सीएमएस का निलंबन सरकार की हताशा : वरुण मिश्र

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिरसिंहपुर के प्रभारी सीएमएस के निलंबन पर कांग्रेस नेता ने सरकार को घेरते हुए इसे सरकार की हताशा का सूचक बताया है अपने जारी बयान में कांग्रेस नेता और पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कहा कि सीएमएस ने सही कहा है जब आप बुनियादी सुविधायें अस्पतालों में उपलब्ध नहीं कराएंगे तो क्या डॉक्टर अपने वेतन से अस्पताल चलाएंगे ?? उन्होंने कहा कि इस बयान पर सरकार अपने गिरेबान में झांकने के बजाय सी एम एस का निलंबन कर तानाशाही दिखा रही है उन्होंने कहा कि सी एम एस ने सरकार को आइना दिखाने की कोशिश की सरकार को तो उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए लेकिन वर्तमान सरकार सच्चाई से डरती है और आईने में अपनी बदहाल चिकित्सा ब्यवस्था की भयावह तस्वीर देखने का नैतिक बल उसमे नहीं है उन्होंने कहा कि वह सीएमएस से मिलकर उनकी हौसलाअफजाई करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर उनके लिए सड़क पर भी उतरेंगे।

## आर.आर.आई.सी. बरवारीपुर के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि संकाय पहुँचे

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिन शनिवार को के एन आई कृषि संकाय का रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर कादीपुर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कृषि संकाय के डेयरी फार्म एग्रोनॉमी फार्म हॉर्टिकल्चर फार्म स्वायल साइंस लैब जेनेटिक एंड प्लांट ब्रीडिंग फार्म तथा सभी प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कृषि के व्यावहारिक पहलुओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को जानना रहा। इस अवसर पर संस्थान प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों लिए व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का साधन बताया । वहीं संकाय प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने बताया कि इस मौके पर विद्यार्थियों को कृषि संकाय की गतिविधियों प्रयोगात्मक सुविधाओं एवं अनुसंधान की प्रवृत्तियों की जानकारी दी गई। संकाय मे डॉ. अंशुमान सिंह डॉ. विशाल सिंह डॉ. कुमार अंशुमान डॉ. वेद प्रकाश डॉ. अंकित सिंह डॉ. नवल्दे भारती व डॉ. राहुल कुमार ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के विविध आयामों की जानकारियाँ प्रदान कीं। इनके द्वारा भ्रमण दल को प्रयोगशाला उपकरणों मृदा विश्लेषण तकनीकों पौध प्रजनन प्रक्रिया फसल प्रबंधन पद्धतियों तथा डेयरी उत्पादन प्रणाली के व्यावहारिक प्रदर्शन से अवगत कराया गया। संकाय प्रभारी डॉ नवीन विक्रम सिंह ने कहा कि भ्रमण दल के विद्यार्थी कृषि संकाय मे माइक्रोस्कोप सॉयल टेस्टिंग किट बीज परीक्षण यंत्र पोषक तत्व विश्लेषण उपकरण आदि का अवलोकन कर अति प्रसन्न हुए। भ्रमण में आर.आर.आई.सी. बरवारीपुर के शिक्षकगणों का नेतृत्व अति सराहनीय रहा।

## शूटिंग रेंज में कलीम ने जिले का बढ़ाया मान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चल रही 44वीं नॉर्थ जोन, शार्टगन शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में आज दिनांक 27 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश का नाम रौशन किया। सुल्तानपुर जिले के गंजेहड़ी गाँव निवासी कलीम उल्लाह खान ने निशाना साधते हुए ट्रैप शार्टगन शूटिंग में पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जावेद खान, मेराज खान, परवेज करीम, इमरान आदि ने मुबारकबाद दी है।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी की योजना बना रहा शातिर अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस मुठभेड़ में गोकशी की योजना बना रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोटर साइकिल,चटाई,प्लास्टिक की बोरी, लकड़ी का ठीहा, दो रस्सी, चाकू व चापड़ बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गौहर पुरवा के पीछे, नया का पुरवा के पास नाले की तरफ झाड़ियों की आड़ में दो व्यक्ति गोकशी करने वाले हैं। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर देखा कि दो व्यक्ति अंधेरे में कुछ सामानों को व्यवस्थित कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों की घेराबंदी की गई तो दोनों व्यक्तियों में

## जगदीशपुर पुलिस ने तमंचा बाइक के साथ ही उपकरण किया बरामद

से एक ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर करने पर उक्त बदमाश घायल होकर गिर गया तथा दूसरा बदमाश मौके का फायदा उठाकर भाग गया।पुलिस टीम द्वारा घायल के पास पहुंचकर नाम व पता पूछा गया तो उसने अपना नाम जावेद पुत्र अजीज निवासी पूरे गौहर नया पुरवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा,जिन्दा कारतूस,एक खोखा कारतूस तथा पास में बिछी चटाई पर रखे गोकशी करने के विभिन्न उपकरण बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में शातिर अपराधी ने बताया कि वह अपने साथी (जो मौके का फायदा उठाकर भाग गया है।) के साथ मिलकर छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़कर मार देते हैं तथा उनका मांस बेंच देते हैं।आज भी वह लोग यह सामान व्यस्थित करने के उपरांत नाले की तरफ से पशुओं को पकड़ने की तैयारी कर रहे थे। घटना कारित करने के उपरान्त वहलोग खाई के पास खड़ी मोटरसाइकिल से उनका मांस बोरी में भरकर बेंचने वाले थे। कारोबारी की निशानदेही पर बताये गये स्थान से स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 आर 0028 बरामद की गई।घायल को उपचार हेतु पुलिस बल के साथ अस्पताल भेजा गया।इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के खिलाफ थाना जगदीशपुर पर गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम व पशुक्रूरता अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में कुल ग्यारह अभियोग पंजीकृत है।

# एक तो वजन में कमी और विरोध करने पर नाम कटवाने की धमकी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय क्षेत्र के चक कारी भीट गांव के मो0वसीम कोटेदार की मनमानी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें कम राशन दिया जा रहा है और विरोध करने पर राशन कार्ड से नाम कटवाने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच और कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोटेदार के खिलाफ वजन में कमी की भी शिकायतें दर्ज की गई हैं।शासन के सख्त निर्देशों और इलेक्ट्रिक कंटे जैसी पारदर्शी व्यवस्था के बावजूद सस्ते गल्ले की दुकानों पर कोटेदारों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। सरकार घटतौली रोकने के लिए डाल-डाल चल रही है तो कोटेदार पात-पात चल रहे है। क्षेत्र के आदिल खान,इरशाद,सफीक अहमद,नूर मोहम्मद,का आरोप है कि वे शासन द्वारा आवंटित कंप्यूटराइज्ड कंटे का उपयोग केवल अंगूठा लगवाने के लिए करते है और फिंगर लगवाने के बाद राशन दूसरे काटे पर 1से2 किलो काट कम देने की परंपरा बना चुके हैं।अंगूठा लगवाते समय ई-पास मशीन राशन का पूरा वजन ले ले और प्रक्रिया पूरी हो जाए इसके लिए अलग-अलग यूनिट के हिसाब से अलग-अलग वजन के बोरे पहले से तैयार रखे गए है।

# पवित्र जोड़ा साहिब यात्रा में दिखा श्रद्धा भक्ति और एकता का अनुपम संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सिख समुदाय की पवित्र जोड़ा साहिब का यात्रा का रविवार को असम हाइवे पर आगमन हुआ स्वागत के दौरान श्रद्धा, भक्ति और एकता का अनुपम संगम दिखाई दिया चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और खालसा पंथ की माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़ा साहिब का आगमन हुआ इस अवसर विधायक बाबूराम पासवान,कृषि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश व जिला प्रभारी पीलीभीत बलदेव सिंह औलख, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,विधानपरिषद सदस्य सुधीर गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सरदार परगट सिंह,संत बाबा बलकार सिंह,बलजीत सिंह खैरा, रणजीत सिंह,अमरजीत सिंह,अध्यक्ष राइस मिलर एसोसिएशन बृजेश गुप्ता,सुखदेव सिंह डायरेक्टर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी,अजमेर सिंह छीना, समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, जिलाकार्यकरणी सदस्य ऋतुराज पासवान सहित नगर पूरनपुर व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ों को लेकर दिल्ली से शुरू हुई यात्रा एक नवंबर को गुरुजी के जन्मस्थान तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में जाकर संपन्न होगी यात्रा पूरनपुर से होते हुए पटना पहुंचेगी इस अवसर पर राज्यमंत्री बल्देव सिंह औलख ने कहा कि कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पवित्र यात्रा आज आई है राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि आज जब यह पवित्र जोड़ा साहिब यहां पहुंचा है तो दशमेश पिता का सम्पूर्ण तेज, त्याग और बलिदान हमारे बीच साकार हो उठा है चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि माता साहिब कौर जी को खालसा पंथ की मां होने का गौरव प्राप्त है ऋतुराज पासवान ने यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि गुरु के पवित्र चरण जहां रुकें, वह नगर अपने आप ही तीर्थ बन जाता है।

# मर्यादाहीन टिप्पणी कर फंसे डॉ. भास्कर प्रसाद पर अनुशासन का हंटर, निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जयसिंहपुर /सुल्तानपुर। सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विवादित टिप्पणी करना बिरसिंहपुर स्थित 100 शैय्या संयुक्त अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सीएमएस डॉ. भास्कर प्रसाद को महंगा पड़ गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शोभनाथ यादव निवासी सहिनवा गोसैसिंहपुर की तहरीर पर जयसिंहपुर थाने में उनके खिलाफ देर रात एफआईआर दर्ज की गई। वहीं शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. भास्कर प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शनिवार को आम आदमी पार्टी के तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन के दौरार यह विवाद शुरू हुआ, जब सीएमएस और आप नेताओं के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में आप पदाधिकारी सीएमएस और सीएमओ की अर्थी निकालने की बात कहते दिख रहे हैं, जिस पर सीएमएस ने कथित तौर पर कहा हम दोनों की अर्थी क्यों निकाल रहे हो, निकालनी है तो सरकार और



योगी की निकालो। वीडियो वायरल होते ही राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। रविवार को एडी हेल्थ अयोध्या डॉ. बृजेश कुमार सिंह चौहान बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की करीब तीन घंटे तक जांच की। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, स्ट्रेचर रूम और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डस्टबिन में गंदगी मिलने पर सीएमएस को फटकार लगाई गई। मरीजों से बातचीत में यह भी सामने आया कि कुछ दवाएं बाहर से मंगाई जा रही हैं। जांच के बाद एडी हेल्थ ने कार्रवाई को लेकर पत्रकारों से नो कमेंट्स कहा और वापस लौट गए। एडी हेल्थ की जांच से पहले जयसिंहपुर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने वायरल वीडियो पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से सख्त कार्रवाई की मांग की थी। शासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सीएमएस को निलंबित कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने उनके स्थान पर नए प्रभारी की तैनाती की तैयारी शुरू कर दी है। बता दें शनिवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ता अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर धरने पर डटे थे। उनका आरोप था कि अस्पताल में दवाओं की कमी, लैब सुविधाओं का अभाव और आउटसोर्सिंग कर्मियों का वेतन बकाया है। आरोप था शनिवार को सीएमएस पुलिस बल की मदद से जबरन धरना समाप्त कराने का प्रयास कर रहे थे। सीएमएस डॉ. भास्कर प्रसाद का कहना है कि उन्होंने सरकार या मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की है। उनका कहना है कि वीडियो को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। फिलहाल सीएमएस को निलंबित करके अपर निदेशक स्वास्थ्य अयोध्या के यहां सम्बद्ध कर दिया गया है।

## सम्पादकीय


# तेल प्रतिबंध में अवसर

सत्ता में आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप भारत पर चारों तरफ से जिस तरह से दबाव बनाते रहे हैं, उसके निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। एक ही मुद्दे पर उनकी नीति चीन-पाकिस्तान व भारत को लेकर अलग-अलग होती है। उनके हालिया कदमों से भारतीय विदेश नीति असहजता के दौर से गुजर रही है। ट्रंप की भारत को मुश्किल में डालने की तमाम घोषणाएं, अब चाहे मनमाना टैरिफ थोपना हो या भारतीय प्रतिभाओं व नागरिकों पर तरह-तरह की बंदिशे लगाना हो, भारतीय जनमानस में नाराजगी का सबब बनती रही हैं। जानकार मानते हैं कि ट्रंप ये दबाव अमेरिका की प्राथमिकताओं के साथ व्यापार समझौते पर भारत को झुकाने के लिये बना रहे हैं। पाकिस्तान के साथ दरियादिली को भी इसी कड़ी के रूप में देखा जाता रहा है। अब इसी कड़ी में रूस से आने वाला सस्ता तेल बंद करवाना ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकता बनी है। भारत कहता रहा है कि वह अपने 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा जरूरतों को अपने बजट में लाने हेतु रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है, जिसका रूस-यूक्रेन युद्ध से कोई सरोकार नहीं है। लेकिन भारत की सॉफ्ट विदेश नीति पर दबाव बनाने हेतु ट्रंप प्रशासन कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। इसी कड़ी में रूसी तेल के दो सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं रोसनेफ्ट और लुकोइल, पर अमेरिकी कड़े प्रतिबंध भारत को की जाने वाली रूसी तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकते हैं। संभव है कि भारत के क्रूड ऑयल खरीदने के विकल्प इन प्रतिबंधों से सीमित हो सकते हैं। कुछ राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि यह कदम अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते में एक बड़ी बाधा दूर करने वाला कारक भी साबित हो सकता है। कुछ जानकार राष्ट्रपति ट्रंप की यह घोषणा, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिये रुकी हुई वार्ताओं को लेकर बढ़ती निराशा से उपजी बता रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद, भारत रियायती रूसी कच्चे तेल का दूसरा बड़ा खरीददार रहा है। वहीं दूसरी ओर वाशिंगटन प्रशासन का आरोप रहा है कि तेल कंपनियां क्रेमलिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने में मदद कर रही हैं। ट्रंप और उनके टीम के सदस्य कई बार भारत पर रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद करने के बेतुके आरोप भी लगाते रहे हैं। जिसके चलते ट्रंप प्रशासन ने रूसी कच्चे तेल का आयात करने पर प्रतिशोध के चलते भारत से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी का दंडात्मक शुल्क भी लगाया था। भारत सरकार के लिये यह श्रेय की बात है कि वह रूसी तेल खरीद रोकने के दबाव का दृढ़ता से विरोध करती रही है। भारत सरकार का कहना है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। निस्संदेह, भारत को अब एक और कठिन संतुलन साधने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मौजूदा चुनौतियों के बीच यदि एक सुनियोजित पुनर्निधारण की आवश्यकता है, तो ऐसा करना चाहिए। वैसे भारी दबाव के बाद भी मोदी सरकार ने ट्रंप सरकार के बार-बार दिए गए उस बयान से खुद को अलग कर लिया है कि वह रूसी तेल आयात में भारी कमी लाएगी। लेकिन अब नये प्रतिबंधों का पालन करने के लिये भारतीय रिफाइनरियों के लिये अल्पावधि में रूसी तेल सौदों से पीछे हटना निश्चित प्रतीत होने लगा है। आने वाले समय में यह दबाव कितना रहेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रंप, दोनों इस नवीनतम टकराव को किस हद तक झेलने के लिये तैयार हैं। भारतीय रिफाइनरियां आवश्यकता पड़ने पर आसानी से नये स्रोतों की ओर रुख कर सकती हैं और अमेरिकी टैरिफ में कमी करके महंगे तेल आयात की भरपाई की जा सकती है। भारत के हितों के अनुकूल निर्णय लेने की अपनी स्वायत्तता पर जोर देना, नई दिल्ली के लिये असली चुनौती है। हमने सस्ता रूसी तेल खरीदने में एक अलग राह चुनी। अब समय आ गया है कि प्रतिबंधों का लाभ उठाकर अमेरिका के साथ एक ऐसा व्यापार समझौता किया जाए, जो दोनों देशों के लिये फायदेमंद हो।

# आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि

**महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि का केंद्रीय तत्व करुणा है। रामायण का प्रारंभ ही करुणा से होता है। एक निरीह पक्षी की हत्या देखकर उन का हृदय द्रवित हो उठा। यह करुणा केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीव जगत के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है। रामायण में सीता के वनवास, भरत की विरह व्यथा, उर्मिला का मौन त्याग, शबरी की भक्ति, और जटायु का आत्मबलिदान, सभी प्रसंगों में करुणा रस की अविरल धारा प्रवाहित होती है। महर्षि वाल्मीकि ने दिखाया कि करुणा दुर्बलता नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च गुण है। श्रीराम का रावण के प्रति युद्ध के बाद का व्यवहार, विभीषण के प्रति सम्मान, और यहाँ तक कि शत्रुओं के प्रति भी मानवीय दृष्टिकोण, महर्षि वाल्मीकि की करुणामय भाव दृष्टि को प्रकट करता है। महर्षि वाल्मीकि की दृष्टि में धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक दर्शन है।श्री राम उनके लिए मर्यादा पुरुषोत्तम मनुष्य हैं, न कि निर्दोष देवता। महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम को मानवीय दुर्बलताओं और संघर्षों के साथ प्रस्तुत किया। सीता निर्वासन का प्रसंग इस बात का प्रमाण है कि महर्षि वाल्मीकि ने राजधर्म और व्यक्तिगत धर्म के बीच के द्वंद्व को ईमानदारी से चित्रित किया। उनकी भाव दृष्टि में धर्म का अर्थ है सत्य, न्याय, करुणा और कर्तव्य का समन्वय है। दशरथ की भूल, कैकेयी का मोह और अहंकार, राम का आज्ञाकारी पुत्र होना , लक्ष्मण का भ्रातृ प्रेम, सभी पात्रों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि ने दिखाया कि धर्म सदैव सरल नहीं होता, वह जटिल परिस्थितियों में कठिन निर्णय माँगता है।**

संस्कृत साहित्य के आदि स्रोत के रचयिता, महाकाव्य परंपरा के प्रवर्तक, करुणा रस के जन्मदाता महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि भारतीय काव्य चेतना का मूलाधार है। जब एक क्रौंच जोड़े के वियोग में व्याकुल होकर उनके हृदय से स्वतः स्फुरित हुआ *मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमःशाश्वतीः समाः। यत्क्रौं चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्? तब केवल एक श्लोक का जन्म नहीं हुआ, बल्कि संपूर्ण भारतीय काव्य परंपरा का उद्गम हुआ। यह श्लोक उनकी भाव दृष्टि का प्रतीक है, जहाँ करुणा, न्याय और सौंदर्य का अद्भुत संगम है। महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि का केंद्रीय तत्व करुणा है। रामायण का प्रारंभ ही करुणा से होता है। एक निरीह पक्षी की हत्या देखकर उन का हृदय द्रवित हो उठा। यह करुणा केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीव जगत के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है। रामायण में सीता के वनवास, भरत की विरह व्यथा, उर्मिला का मौन त्याग, शबरी की भक्ति, और जटायु का आत्मबलिदान, सभी प्रसंगों में करुणा रस की अविरल धारा प्रवाहित होती है। महर्षि वाल्मीकि ने दिखाया कि करुणा दुर्बलता नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च गुण है। श्रीराम का रावण के प्रति युद्ध के बाद का व्यवहार, विभीषण के प्रति सम्मान, और यहाँ तक कि शत्रुओं के प्रति भी मानवीय दृष्टिकोण, महर्षि वाल्मीकि की करुणामय भाव दृष्टि को प्रकट करता है। महर्षि वाल्मीकि की दृष्टि में धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि जीवन का व्यावहारिक दर्शन है।श्री राम उनके लिए मर्यादा पुरुषोत्तम मनुष्य हैं, न कि निर्दोष देवता। महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम को मानवीय दुर्बलताओं और संघर्षों के साथ प्रस्तुत किया। सीता निर्वासन का प्रसंग इस बात का प्रमाण है कि महर्षि वाल्मीकि ने राजधर्म और व्यक्तिगत धर्म के बीच के द्वंद्व को ईमानदारी से चित्रित किया। उनकी भाव दृष्टि में धर्म का अर्थ है सत्य, न्याय, करुणा और कर्तव्य का समन्वय है। दशरथ की भूल, कैकेयी का मोह और अहंकार, राम का आज्ञाकारी पुत्र होना , लक्ष्मण का भ्रातृ प्रेम, सभी पात्रों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि ने दिखाया कि धर्म सदैव सरल नहीं होता, वह जटिल परिस्थितियों में कठिन निर्णय माँगता है। महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि में स्त्री का स्थान अत्यंत गरिमामय है। सीता केवल पतिव्रता नारी नहीं, बल्कि स्वाभिमानी, साहसी और निर्णायक व्यक्तित्व की धनी हैं। अग्नि परीक्षा के बाद भी जब राम ने उन्हें त्यागा, तो सीता ने अपना आत्मसम्मान बनाए रखा और अंततः धरती में समा गईं। यह उनकी स्वतंत्र इच्छा का प्रतीक है। कैकेयी को महर्षि वाल्मीकि ने खलनायिका के रूप में नहीं, बल्कि एक जटिल मनोविज्ञान वाली स्त्री के रूप में चित्रित किया। मंथरा के माध्यम से उन्होंने दिखाया कि कैसे ईर्ष्या और असुरक्षा मनुष्य को गलत रास्ते पर ले जाती है। शबरी, अहिल्या, तारा, मंदोदरी, सभी स्त्री पात्रों को महर्षि वाल्मीकि ने गहन मानवीय संवेदना के मनोविज्ञान के साथ रचा है। वाल्मीकि की भाव दृष्टि में प्रकृति केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि एक सजीव पात्र है। चित्रकूट, पंचवटी, किष्किंधा, लंका, प्रत्येक स्थान का वर्णन इतना जीवंत है कि पाठक स्वयं को वहाँ अनुभव करता है। ऋतु वर्णन, वन वर्णन, नदी वर्णन, सभी में वाल्मीकि का सूक्ष्म निरीक्षण और गहन प्रकृति प्रेम प्रकट होता है। प्रकृति उनके काव्य में मनुष्य के भावों का प्रतिबिंब भी है। राम के वनवास में प्रकृति उदास है, युद्ध के समय उग्र है, और मिलन के क्षणों में प्रफुल्लित है। यह सौंदर्य बोध और प्रकृति के साथ तादात्म्य वाल्मीकि की अद्वितीय भाव दृष्टि का परिचायक है। वाल्मीकि ने मानवीय संबंधों को अद्भुत गहराई और सूक्ष्मता से चित्रित किया है। राम और लक्ष्मण का भ्रातृ प्रेम, राम और भरत का आदर्श संबंध, राम और सीता का दांपत्य, राम और हनुमान की स्वामी सेवक भक्ति का विलक्षण वर्णन, सुग्रीव और बालि का द्वंद्व, प्रत्येक संबंध में वाल्मीकि ने मानवीय भावनाओं की जटिलता को उकेरा है। विशेष रूप से भरत का चरित्र वाल्मीकि की मनोवैज्ञानिक दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण है। सिंहासन पर राम की चरण पादुका रखकर भरत का राज्य करना, त्याग और भक्ति की पराकाष्ठा है। उर्मिला का मौन त्याग, जो महाकाव्य में प्रत्यक्ष



रूप से वर्णित नहीं है, फिर भी उस दृश्य की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। वाल्मीकि की भाव सृजनात्मक क्षमता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने रावण को एकआयामी खलनायक नहीं बनाया। रावण विद्वान, पराक्रमी, शिव भक्त और महान राजा है। उसकी एक कमजोरी, काम वासना, उसके पतन का कारण बनती है। वाल्मीकि ने दिखाया कि हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों होती हैं। विभीषण के माध्यम से वाल्मीकि ने बताया कि धर्म के लिए अपने परिवार का भी विरोध करना पड़ सकता है। इंद्रजीत, कुंभकर्ण, सभी पात्रों को मानवीय गरिमा के साथ प्रस्तुत किया गया है। यह समग्र मानवीय दृष्टि वाल्मीकि को महानतम बनाती है। वाल्मीकि की रामायण में भक्ति और ज्ञान का अद्भुत समन्वय है। राम केवल शक्तिशाली योद्धा नहीं, बल्कि ज्ञानी और विवेकशील हैं। हनुमान की भक्ति में ज्ञान और बल का संयोग है। जटायु का आत्मबलिदान भक्ति की पराकाष्ठा है। वाल्मीकि ने दिखाया कि सच्ची भक्ति अंधविश्वास नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण और कर्तव्य पालन है। उनकी दृष्टि में भक्ति और कर्म, ज्ञान और प्रेम, सभी का संतुलित स्थान है। वाल्मीकि की भाव पूर्ण दृष्टि में सामाजिक और राजनीतिक चेतना स्पष्ट दिखाई देती है। राजधर्म, प्रजा पालन, न्याय व्यवस्था, सामाजिक व्यवस्था, सभी पर उनके विचार शाश्वत बन पड़े हैं। राम का वनवास पिता की आज्ञा का सम्मान है, भले ही वह स्वयं दशरथ के लिए व्यक्तिगत रूप से कितना कष्टदायक हो। शबरी और निषादराज गुह के माध्यम से वाल्मीकि ने समाज के अपेक्षाकृत विपन्न वर्गों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। यह उनकी व्यापक सामाजिक भाव दृष्टि का परिचायक है। वाल्मीकि की दृष्टि उनके काव्य शिल्प में भी प्रतिबिंबित होती है। श्लोक रचना, अलंकार, उपमा, रूपक, सभी में स्वाभाविकता है। उनकी भाषा सरल, प्रवाहमय और हृदयस्पर्शी है। वे कहीं भी कृत्रिमता का आश्रय नहीं लेते। युद्ध वर्णन में वीर रस, विरह प्रसंगों में करुण रस, प्रकृति वर्णन में शांत रस, सभी रसों का स्वाभाविक संचार उनके काव्य में है। यह काव्य शिल्प और भाव सौंदर्य का अद्भुत समन्वय वाल्मीकि को आदि कवि बनाता है। उन्होंने काव्य धारा के स्त्रोत से जो अविरल धारा उत्खनित की है वह निरंतर भी रही है। महर्षि वाल्मीकि की भाव दृष्टि केवल एक काल या समाज तक सीमित नहीं है, वह शाश्वत और सार्वभौमिक है। वह केवल संस्कृत भाषा की पूंजी नहीं, वह ऐसी चेतना है जो अभिव्यक्ति है, इसीलिए हिंदी सहित प्रत्येक भाषा का मूल आधार बनी । उनकी करुणा, मानवीयता, धर्म बोध, प्रकृति प्रेम, और समग्र जीवन दृष्टि आज भी प्रासंगिक है। शाश्वत है महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से न केवल एक महाकाव्य रचा, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति, एक दर्शन और एक आदर्श का समग्र संस्कार प्रस्तुत किया। एक संस्कृति की रचना की है। उनकी भाव दृष्टि हमें सिखाती है कि जीवन में संघर्ष, द्वंद्व और कठिनाइयां अनिवार्य हैं, लेकिन करुणा, धर्म, और मानवीयता के साथ इन्हें पार किया जा सकता है। वाल्मीकि सच्चे अर्थों में आदि कवि हैं क्योंकि उन्होंने काव्य को केवल शब्द विन्यास नहीं, बल्कि हृदय की अभिव्यक्ति, जीवन का दर्पण और मानवता का संदेश बनाया। आज जब संसार हिंसा, द्वेष और असहिष्णुता से जूझ रहा है, महर्षि वाल्मीकि की करुणामय भाव दृष्टि एक प्रकाश स्तंभ की तरह हमारा मार्गदर्शन कर सकती है। उनका संदेश सरल है। मनुष्य बनो, संवेदनशील बनो, धर्म का पालन करो, और सभी प्राणियों के प्रति करुणाभाव रखो। यही सच्ची मानवता है, यही जीवन का सार है। उनकी रचना से महर्षि वाल्मीकि किसी वर्ग मात्र के आराध्य नहीं वे मानव मात्र के वैश्विक नायक के स्वरूप में प्रतिष्ठित किए जाने चाहिए। **–विवेक रंजन श्रीवास्तव**

# चिकित्सा पद्धतियों में सामंजस्य बैठाने की आवश्यकता

**सत्य शील अग्रवाल**

जब कोई व्यक्ति रोग ग्रस्त होता है तो उसके पास मुख्यतः तीन विकल्प रहते है, कि उसे किस पद्धति से अपना इलाज कराना है। अर्थात एलोपैथिक, आयुर्वेदिक,और होम्योपैथिक। सब की अपनी पसंद रहती है। सबका एक विश्वास होता है। जिस पद्धति से उसे इलाज करवाना होता है। जहाँ उसे सर्वाधिक संतुष्टि मिलती है,वह पूर्ण रूप से स्वतन्त्र है उसे कौन सी पद्धति अपनानी है।

प्रत्येक पद्धति की अपनी सीमायें हैं तो प्रत्येक पद्धति की अपनी कुछ विशेषताएं भी होती हैं। हम यह नहीं भूल सकते कि सभी पद्धतियाँ मानव मात्र की सेवा में संलग्न हैं। अतः किसी भी पद्धति को उपेक्षित करना मानवता का अपमान है। अक्सर सुना जाता है कि एलोपैथिक डॉक्टर अन्य पद्धतियों को हीन भाव से देखते हैं। उनके लिए आयुर्वेदिक अथवा होम्योपैथिक पद्धति कोई चिकित्सा पद्धति है ही नहीं, अतः उनसे इलाज कराना मरीज के जीवन से खिलवाड़ करना है। उनकी यह सोच ही मरीज को भ्रमित करती है,विचलित करती है। जिसे कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता। माना वर्तमान समय में एलोपैथी में बहुत तेजी से मरीज ठीक हो जाता है और शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में एलोपैथी सर्वाधिक उन्नत श्रेणी में है। परन्तु अनेक रोगों का इस पद्धति द्वारा पूर्णतया निवारण संभव नहीं होता। जबकि अन्य पद्धतियों अर्थात आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक में उनके परिणाम बहुत अच्छे आते हैं और रोग को जड़ से खत्म करने का दम खम रखते हैं। अतः क्यों न प्रत्येक पद्धति के गुणों के अनुसार मरीज का इलाज किया जाय। जिस पद्धति से रोगी अधिक शीघ्र और दीर्घ समय के लिए ठीक हो सकता है उसे उसी पद्धति से ट्रीट किया जाय। सभी पद्धतियों में एक सामंजस्य बनाया जाय जो मानव हित में होगा। मेडिकल की कोई भी डिग्री देते समय विद्यार्थी को सभी पद्धतियों का ज्ञान कराया जाय ताकि मरीज के हित में उसके रोग की आवश्यकता के अनुसार पद्धति उपलब्ध करायी जा सके। यदि वह चिकित्सक उस पद्धति का विशेषज्ञ नहीं है तो मरीज को उचित सलाह दे सके और उस पद्धति के विशेषज्ञ को रेफर कर सके।

किसी चिकित्सक द्वारा अपने विशेष ज्ञान के अतिरिक्त किसी अन्य पद्धति को नकारना चिकित्सा विज्ञान का अपमान है। सभी पद्धतियां मानव हित में बनायीं गयी हैं। और प्रत्येक पद्धति की अपनी सीमायें भी होती है। उन सीमाओं को समझना भी आवश्यक है। यदि किसी विशेष पद्धति द्वारा किसी विशेष रोग का अधिक प्रभावी उपचार संभव है तो उसे स्वीकार करना चाहिए और अपने स्वार्थ से हटकर रोगी के हित में उसे दिशा निर्देश देने चाहिए।

**प्रत्येक पद्धति की अपनी सीमायें हैं तो प्रत्येक पद्धति की अपनी कुछ विशेषताएं भी होती हैं। हम यह नहीं भूल सकते कि सभी पद्धतियाँ मानव मात्र की सेवा में संलग्न हैं। अतः किसी भी पद्धति को उपेक्षित करना मानवता का अपमान है। अक्सर सुना जाता है कि एलोपैथिक डॉक्टर अन्य पद्धतियों को हीन भाव से देखते हैं।**

## सेहत मंत्र

# प्रदूषण से लड़ने में मदद करती है ब्रोकली

कुछ महीने ताज़ा हवा के बाद एक बार फिर दिल्ली की सुबह ख़राब हवा के साथ हुई है। साल का वह समय फिर आ गया है जब दिल्ली और उसके आसपास के इलाके की हवा प्रदूषण से भर जाती है। जैसे-जैसे वायु में प्रदूषण का स्तर बढ़ता रहा है, वैसे ही इस दूषित और हानिकारक हवा में यहां रहने वाले नागरिकों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। प्रदूषण से लड़ने के लिए लोगों के लिए डीटॉक्स, क्लीनिंग, प्राकृतिक उपाय गो-टू-हैक बन गए हैं। आपके फ़ेफड़े अब पूरी तरह से एयर प्यूरीफायर और फ़ेस मास्क के भरोसे हैं। ये उपाय महंगे ज़रूर हैं, लेकिन फायदेमंद भी हैं। इसके साथ ही ये भी ज़रूरी है कि आप अपने आहार में सही पोषक तत्वों को शामिल करें, जो आपके सिस्टम को साफ करने के साथ ही प्राकृतिक और सक्रिय रूप से घातक प्रदूषण से लड़ सके। गाजर और ब्रोकली ऐसी ही सब्ज़ियां हैं जो प्रदूषण से लड़ने में आपके शरीर की मदद कर सकती हैं। ब्रोकली गोभी के ही परिवार से आती है, ये कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसे सूपरफूड कहना ग़लत नहीं है, इसमें फाइबर की बड़ी मात्रा होती है, जो पाचन क्रिया को मज़बूत करता है और साथ ही टॉक्सिन्स से लड़ता भी है। वो टॉक्सिन्स जो आपके शरीर में हवा, धूल, खाने, या फिर प्रदूषण से आ जाते हैं। पोषक तत्वों से युक्त, ब्रोकली अच्छे एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन-ए, बीटा-कैरोटीन, बी-कॉम्प्लेक्स, फोलिक एसिड जैसे खनिजों की आपूर्ति करता है, जो इंफ्लामेशन, लगातार हो रही बीमारियां और सेल मेम्ब्रेन को भी मज़बूत करते हैं। इसके साथ ही ये ब्लड शुगर लेवेल को बनाए रखता है। जो आपको कई तरह की जानलेवा बीमारियों, कैंसर से बचाता है। ब्रोकली इसलिए फायदेमंद होती है क्योंकि यह कुछ प्रदूषकों को शरीर से बाहर करने की क्षमता रखती है। न सिर्फ इसके स्प्राउट्स बल्कि डंठल में भी एक घटक पाया जाता है जो शरीर के लिए अच्छा माना जाता है। चीन में हुए एक अध्ययन में पाया गया कि ब्रोकोली के स्प्राउट्स डीटॉक्स और प्रदूषण से लड़ते हैं। एक नई रिसर्च में पाया गया कि आम चाय पीने वाले लोगों की तुलना में जिन लोगों ने ब्रोकली के स्प्राउट्स की चाय पी उनके शरीर से 61 प्रतिशत बेन्ज़ीन और 23 प्रतिशत एक्रोलीन बाहर निकल गया। तो अब आपको पता है कि प्रदूषण से आसानी से कैसे लड़ा जा सकता है।

## धर्म मंत्र

# राशि अनुसार घर में रख लें कछुआ गरीबी हमेशा के लिए हो सकती है दूर

जिस प्रकार भारत में वास्तु का चलन है, ठीक उसी प्रकार चीन में फेंगशुई प्रचलित है। फेंगशुई के उपायों से घर में सकारात्मकता बनी रहती है और पैसों की कमी दूर हो सकती है। उज्जैन की एस्ट्रोलॉजर डॉ. विनिता नागर के अनुसार फेंगशुई का कछुआ घर में रख लिया जाए तो बड़ी-बड़ी परेशानियां भी दूर हो सकती हैं। **मेष राशि–** इस राशि के लोग अपने घर के मंदिर में कछुआ रखना चाहिए। ये कछुआ मिट्टी या स्फटिक का होना चाहिए। रोज सुबह इसकी पूजा करें। **वृष राशि–** वृष राशि के लोग बेडरूम में या मंदिर में हरे रंग का कछुआ रखें। **मिथुन राशि–** मिथुन राशि वाले अपने पूजा घर में कछुआ रखें। इसका रंग मटमैला होना चाहिए और ये कछुआ मिट्टी का हो तो शुभ रहेगा। **कर्क राशि–** ये लोग अपने मंदिर में मिट्टी का कछुआ रखेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। यह कछुआ आसमानी रंग का होगा तो अच्छा रहेगा। **सिंह राशि–** इस राशि के लोग लाल रंग का कछुआ अपने पूजा घर में रखें। **कन्या राशि–** कन्या राशि के लोग अपने पूजा घर में भूरे रंग का मिट्टी का कछुआ रखें। **तुला राशि–** इस राशि के लोग अपने घर में पीला कछुआ रखेंगे तो बहुत ही शुभ होगा। **वृश्चिक राशि–** जिन लोगों की राशि वृश्चिक है, वे लोग अपने मंदिर में नीला कछुआ रखें। **धनु राशि–** धनु राशि वाले लोग पीले रंग का कछुआ घर में रखेंगे तो सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। **मकर राशि–** मकर राशि के लोग अपने पूजा घर जामुनी कछुआ रखेंगे, जल्दी ही शुभ फल मिल सकते हैं। **कुंभ राशि–** कुंभ राशि के लोगों को अपनी परेशानियां दूर करने के लिए मिट्टी का काला कछुआ रखना चाहिए। **मीन राशि–** मीन राशि के लोगों को सफ़ेद या नीला कछुआ अपने घर के मंदिर में रखना चाहिए।

## पर्यटन



# भारत के अंतिम छोर कन्याकुमारी की रहस्य और रोमांच से भरी हैं चार जगह

भारत की धरती का अंतिम छोर कन्याकुमारी जो चारों तरफ से विशाल समुद्र को अपनी आगोश में समेटे हुए है। जहाँ तक नज़र उठा कर देखो बस ऐसा लगता है कि एक नीली सी चादर बिछी हुई है। नीले सागर की लहरें मानो धरती पर नीला रंग बिखेर रही हों। समुद्र की लहरों की आवाज एक अलग सुकून देती है। और अगर बात सनसेट की जाए तो यहां से खूबसूरत सनसेट आपको यकीन मानिए कहीं ओर देखने को नहीं मिलेगा। कन्याकुमारी खूबसूरत पर्यटन स्थल होने के साथ साथ तीर्थ स्थल भी है। आज हम आपको कन्याकुमारी के कुछ रहस्य और रोमांच से भरी जगहों के बारे में बताएंगे। तिरूवल्लुवर मूर्तिः कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे पर संत तिरुवल्लुवर की 133 फुट लंबी प्रतिमा बनाई गई है जहां अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर मिलते हैं। 133 फुट, तिरुक्कुरल के 133 अध्यायों या अथियाकरम का प्रतिनिधित्व करते हैं। तिरुवल्लुवर एक प्रख्यात तमिल कवि हैं जिन्होंने तमिल साहित्य में नीति पर आधारित कृति थिरूकुरल का सृजन किया। और उनकी तीन अंगुलियां अरम, पोरूल और इनबम नामक तीन विषय अर्थात नैतिकता, धन और प्रेम के अर्थ को इंगित करती हैं। पद्मानभापुरम महलः वैसे तो भारत में ऐसी बहुत सी हवेलियां हैं जिनका एक लंबा इतिहास है। लेकिन कन्याकुमारी में राजा त्रावनकोर द्वारा बनाई गई यह विशाल हवेली अपनी सुदंरता और भव्यता के लिए बहुत मशहूर है। धार्मिक के साथ-साथ आप यहां यह ऐतिहासिक महल भी देख सकते हैं। अम्मन मंदिरः कुमारी अम्मन मंदिर कन्याकुमारी, तमिलनाडु में स्थित है। समुद्र के तट पर स्थित 'कुमारी अम्मन मंदिर' दक्षिण भाषी लोगों की श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केन्द्र है। इस मंदिर का निर्माण पाण्ड्य राजवंश के शासन काल में हुआ था। नागराज मंदिर : यह कन्याकुमारी से 20 किमी दूर नगरकोल में नागराज का मन्दिर नाग देव को समर्पित है। यहाँ पर भगवान विष्णु और शिव के दो अन्य मन्दिर भी हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं ने अटल पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाई छठ पूजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी आदर्श नगर पंचायत रामनगर में सोमवार को छठ पूजा का भव्य आयोजन अटल पार्क में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडे, एवं पूर्व सभासद पवन कुमार ओझा ने पूजा स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अध्यक्ष श्री पाठक ने नगर पंचायत कर्मियों को निर्देश दिए कि वे पूरे समर्पण और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर बने रहें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए श्री पाठक ने कहा कि ह्लछठ पूजा प्रकृति और सूर्य उपासना का पर्व है, जो हमें प्रकृति से जुड़ने और उसके संरक्षण का संदेश देता है। हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन में अपनी भूमिका निभाएं।ङ्कगौरतलब है कि नगर पंचायत रामनगर का यह अटल पार्क, पूर्व में लगभग

## दरियाबाद में भी उमड़ा आस्था का सैलाब , सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद



38 लाख रुपये की लागत से निर्मित हुआ था, किंतु लंबे समय तक उपेक्षित रहा और अपना वास्तविक स्वरूप नहीं ले सका था। वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक की दूरदर्शी सोच और प्रयासों से नगर के निष्प्रयोज्य कबाड़ से इस पार्क का पुनर्निर्माण किया गया। आज यह पार्क नगर का आकर्षण बन चुका है, जहां हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर छठ महापर्व मना रहे हैं।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, निरीक्षक अखिलेश यादव, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। अटल पार्क में सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते श्रद्धालुओं का दृश्य मनमोहक और आस्था से परिपूर्ण रहा।दरियाबाद संवाददाता अमर सिंह राणा के अनुसार सूर्य उपासना के



महापर्व छठ पूजा का आयोजन दरियाबाद कल्याणी नदी के घाट राम सनेहीघाट क्षेत्र में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएँ व्रत रखकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करती हुईं भक्ति भाव में लीन दिखाई दीं।दरियाबाद बुढ़वा बाबा कल्याणी नदी के घाट व आसपास के ग्रामीण इलाकों में छठ व्रतियों ने स्थानीय कल्याणी नदी के घाट तथा कई अन्य तालाबों पर सूर्यास्त के समय सांध्य अर्घ्य और अगले दिन प्रातःकाल उषा अर्घ्य दिया। पूजा स्थल पर पूरे क्षेत्र में भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन, और ''छठ मैया के गीत'' गूंजते रहे। महिलाओं ने नई साड़ियाँ पहनकर बाँस की टोकरी में ठेकुआ, केला, नारियल, ईख, और विभिन्न फलों का प्रसाद सजाया। पुरुष श्रद्धालु व्यवस्था में लगे रहे ताकि कोई असुविधा न हो। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों ने घाटों की साफ-सफाई, रोशनी, व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा। छठ पूजा को लेकर प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतज़ाम किए गए। पुलिस बल घाटों पर तैनात रहा भोलानाथ ने बताया कि पिछले कई वर्षों में दरियाबाद क्षेत्र में छठ महापर्व का उत्साह काफी बढ़ा है, और अब यहाँ आसपास के गाँवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में शामिल होने आते हैं इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा , राजकुमार , अभिषेक यादव , रंजीत , रवि विश्कर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।।

# धूमधाम से मनाया गर्भकल्याणक महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। कस्बे में कार्तिक सुदी छठ को भगवान श्री 1008 नेमिनाथ का गर्भकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

महोत्सव की शुरुआत सुबह भगवान के विधिवत अभिषेक और पूजन कार्यक्रम से हुई। इसके बाद जैन मंदिर में विराजमान महाराज श्री 108 सोमदत्त सागर जी के चातुर्मास समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पीछी परिवर्तन, कमंडल भेंट और शास्त्र भेंट जैसे कार्यक्रम बोली के माध्यम से संपन्न हुए।

अभिषेक पूजन और शांति धारा के उपरांत भगवान 1008 नेमिनाथ स्वामी की प्रतिमा को एक रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाराबंकी के विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। के.सी. जैन एडवोकेट ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया।

रथयात्रा जुलूस में जैन समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में भक्तगण, महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालु नाचते-गाते, झूमते और भजन गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह जैन समाज के लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों और घरों के सामने भगवान की आरती पूजन की और प्रसाद वितरण किया। जुलूस में घोड़ा गाड़ी, बग्घी और हाथों में झंडियां लिए बच्चे भी शामिल थे।

शोभायात्रा त्रिलोकपुर बाजार में भ्रमण करते हुए छोटे मंदिर से प्रारंभ होकर बड़े मंदिर पर समाप्त हुई। बड़े मंदिर में पहुंचने पर समाज द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रथयात्रा के समापन पर बड़े मंदिर में भगवान का पुनः अभिषेक पूजन किया गया।

इस कार्यक्रम में के.सी. जैन, श्रीचंद जैन, कल्याणचंद जैन, राजू जैन, सुनील जैन, विजय जैन, शांति जैन, मुकेश जैन सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मसौली थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में महिला थाना, देवा थाना और बदोसराय थाने की पुलिस फोर्स के साथ त्रिलोकपुर चौकी प्रभारी संजय यादव अपनी टीम के साथ तैनात रहे।

### गैस रिफिलिंग, दो मोटर वैन राख महिला समेत दो जख्मी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र में गैस रिफिलिंग का धंधा बड़े स्तर पर फल फूल रहा है।महमूदपुर गांव मैं अवैध गया रिफिलिंग के कारण बड़ी घटना होने से बची।सोमवार को दिन में वैन के सिलिंडर में घरेलू गैस रिफिलिंग करते समय आग लग गई। इससे एक महिला व रिफिलिंग करने वाला व्यक्ति दो लोग झुलस गए। साथ ही दो वैने भी लाख हुई। वैन में आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताते हैं कि महमूदपुर गांव निवासी रमेश के घर बाहर अपनी वैन में गैस रिफिलिंग कर रहे थे। तभी वैन में आग लग गई।देखते ही पास स्थित दूसरी वैन में भी आग की चपेट में आ गई।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर बुढ़वल मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया।हादसे में बाइक सवार वीरेंद्र दुबे 30 वर्ष निवासी नगर कोतवाली बाराबंकी की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि उनके साथी आकाश मौर्य निवासी रामनगर गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों गोंडा कोर्ट में जूनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत बताए गए हैं।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया।पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश में जुटी है।

### बाप ने फटकारा तेल छिड़क नशेड़ी ने लगाया आग

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर निवासी एक शराबी युवक आरिकल 24 वर्ष ने पिता की बाट फटकार से क्षुब्ध होकर अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और युवक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। फतेहपुर सामुदायिक केंद्र में चिकित्सक के अनुसार युवक लगभग 20 प्रतिशत तक झुलसा है। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि शराब के नशे में युवक ने खुद को आग लगा ली।

### ठाकुर शिवम भदौरिया की पहल से भटकी हुई वृद्ध महिला को मिला उनका परिवार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के पशु प्रेमी और गौसेवक ठाकुर शिवम् सिंह भदौरिया जो अक्सर गौ सेवा के लिये जाने जाते है वहीं उन्होंने ने मानव सेवा का वेडा उठा रखा और मानवता की मिशाल पेश करते हुऐ हर कोई उनकी तारीफी करते नजर आ रहे है कुछ माह पूर्व रेलवे स्टेशन पर भटकती मिली वृद्ध महिला को अब उनका परिवार मिल गया है जानकारी के अनुसार, बीसलपुर के अभिषेक सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास कर महिला के परिवार को ढूंढ निकाला जांच में पता चला कि महिला का मायका बीसलपुर में है ।

# सरयू नदी तट पर मेला जैसा माहौल, छठी मइया की कृपा सब लोगन पर बनल रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आत्मशुद्धि और लोक-कल्याण का प्रतीक एवं सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश देता

लोक आस्था और सूर्योपासना के पावन छठ पर्व पर भक्ति पूर्ण वातावरण है, देर शाम बड़ी संख्या में व्रती अपने कुटुम्ब और गाजे-बाजे के साथ छठ घाट पर पहुंचे।डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मइया से सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई।जय छठी मइया के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हुआ। सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र में छठ पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सोमवार सायंकाल बड़ी संख्या में महिलाओं ने सरयू नदी तट पर पहुंचकर सूर्य एवं छठ मैया को अर्घ्य देकर जय-जयकार की। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।छठ पूजा के लिए तेलवारी करौनी घाट को विशेष रूप से संवारा गया था। यहां व्यापक तैयारियां की गईं, जिनमें प्रकाश की



व्यवस्था और महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए स्थान सुसज्जित थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मुश्तैद। इस मध्य उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, एडीओ पंचायत मनोज मिश्रा, पंचायत सचिव राजेश कुमार व मनीष कुमार, करौनी ग्राम प्रधान गौरव सिंह समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। घाट पर मेले जैसा माहौल था। सचिन गुप्ता ने बताया कि व्रतियों ने प्रसाद के लिए गेहूं, घी व शक्कर का ठेकुआ, चावल, घी और शक्कर का लड्डू तैयार किया। बांस के बने सूप, डाला, दौरा और टोकरी में प्रसाद रखा गया, जिसमें सेब, केला, अमरूद, नींबू सहित अन्य फल भी शामिल थे।

''सिद्धौर'' छठ पूजा की तैयारी को लेकर सोमवार को सिद्धौर एडीओ पंचायत कौशल कुमार ने ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुसवाई के बलिया का पुरवा का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छठ पर्व क्षेत्र पर में धूमधाम से मनाया गया

''रामनगर'' छठ मैया की पूजा सामग्री खरीदने वाले लोगों की बाजारों में हुई भीड़। सोमवार के दिन प्रातः काल से ही पूजा सामग्री खरीदने के लिए मुख्य चौराहो और बाजारों में दुकानों पर महिला पुरुष की काफी भीड़ लगी हुई थी। फलों की दुकानों पर सबसे अधिक पूजा करने वाली महिलाओं की भीड़थी फल से लेकर अन्य पूजा सामग्री छठ पूजा के चलते अधिक महंगी बिक रही थी। अन्य दिनों की अपेक्षा फलों के दाम दुगने हो गए थे ।क्योंकि इस पर्व में महिलाएं केला सबे, अनार, अदरक ,हल्दी ,अनन्यास, संतरा, मुसम्मी, पानी वाला नारियल, अमरूद, सिंघाड़ा जैसी अनेक सामग्रियों की पूजा में आवश्यकता होती है।

# अकबरपुर में छठ महापर्व की आस्था में डूबा जनपद, सूर्य उपासना से गूंजे घाट

**नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के निर्देशन में नगर पालिका प्रशासन की शानदार तैयारी,**

**अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर । अम्बेडकरनगर जनपद भर में आस्था, उत्साह और श्रद्धा के रंगों में डूबी छठ पूजा की धूम देखने को मिली। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों व घाटों पर उगते और अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। नगर विकास मंत्री श्री ए. के. शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में नगर पालिका प्रशासन द्वारा छठ महापर्व को लेकर



व्यापक तैयारियाँ की गईं थीं। घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल की व्यवस्था से लेकर बैरिकेडिंग तक हर स्तर पर प्रशासन सक्रिय दिखा। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अधिशाषी अधिकारी श्रीमती बीना सिंह के नेतृत्व में पूरी टीम ने जगह-जगह निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। ईओ श्री मती बीना सिंह ने कहा ह्लछठ पूजा हमारी भारतीय संस्कृति और महिला शक्ति का प्रतीक है। यह पर्व केवल आस्था नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वच्छता और पारिवारिक एकता का भी संदेश देता है। नगर पालिका प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी श्रद्धालु असुविधा महसूस न करे और सभी श्रद्धा के साथ सूर्य उपासना में सम्मिलित हो सकें। नगर पालिका द्वारा तैयार किया गया सेल्फी प्वाइंट इस बार का खास आकर्षण रहा। श्रद्धालुओं और युवाओं ने वहां तस्वीरें लेकर इस पर्व की यादों को संजोया। पूरे नगर में छठ मइया के गीतों और भक्ति के स्वर गूंजते रहे। छठ पर्व के अवसर पर नगर के सभी प्रमुख घाटों टांडा रोड घाट, रामनगर तालाब, बसखारी रोड घाट, और फत्तेपुर तालाब पर लोगों की भारी भीड़ रही। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भी श्रद्धालुओं को फल, प्रसाद और पेयजल वितरित कर सहयोग किया। पूरे जनपद में छठ पूजा का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक एकता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन गया। प्रशासनिक प्रयासों और श्रद्धालुओं की आस्था ने मिलकर अकबरपुर को भक्ति और स्वच्छता का उदाहरण बना दिया।

### जहांगीराबाद में केवानी नदी तट पर छठ पूजा का भव्य आयोजन, श्रद्धा और आस्था से गुंजायमान हुआ वातावरण

जहांगीराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहरों की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पूजा की धूम रही। गत वर्ष से जहांगीराबाद के निकट पतित पावनी केवानी नदी के तट पर भी छठ पूजा महोत्सव होने लगा है।इस वर्ष भी दो दिनों से बड़ी ही श्रद्धा और विश्वास के साथ उल्लास पूर्वक यह पर्व राधा कृष्ण मंदिर के निकट नदी के किनारे मनाया जा रहा है। सोमवार को मौसम खराब होने के बावजूद दर्जनों व्रती महिलाओं ने ढलते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की। मंगलवार को प्रातः उदित होते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा। ओ छठी माई सुन ले अरजिया हमारि. जैसे लोकगीतों से पूरा तट गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर अनेक लोगों ने दीपदान भी किया। विगत दो वर्षों से जहांगीराबाद के उत्तर बह रही पतित पावनी केवानी नदी के किनारे स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के समीप तट पर सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्र के कई गांवों के श्रद्धालु महिला पुरुष बड़ी ही श्रद्धा और विश्वास के साथ यह पर्व मनाते हैं।षष्ठी यानी सोमवार को पूरे दिन उपवास के बाद सायंकाल सूर्यास्त से पूर्व सुहागिनों ने गन्नों को नदी के जल में गाड़कर उसी जल में खड़े होकर सिर पर पूजन सामग्री रख ढलते सूरज को अर्घ्य दिया और सुख समृद्धि की कामना की। फलों और फूलों से भगवान सूर्य की आराधना की गई।

### साइबर सेल त्वरित कार्रवाई,ठग से वापस कराई रकम

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक ने सोमवार करीब 4:30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल को ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ। जिसमें धोखाधड़ी से ट्रांसफर करा लेने के सम्बन्ध में जैदपुर थाना क्षेत्र के कटरा बाजार निवासी मो. इसराइल पुत्र शफीक से 48,400 रूपये का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया। उक्त प्रकरण में साइबर क्राइम सेल द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित से पत्राचार कर 27,707 रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।बाराबंकी में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक ने सोमवार करीब 4:30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल को ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ। जिसमें धोखाधड़ी से ट्रांसफर करा लेने के सम्बन्ध में जैदपुर थाना क्षेत्र के कटरा बाजार निवासी मो. इसराइल पुत्र शफीक से 48,400 रूपये का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया। उक्त प्रकरण में साइबर क्राइम सेल द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित से पत्राचार कर 27,707 रूपये पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

### वीरेंद्र विश्वकर्मा क हुआ भव्य स्वागत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा के बाराबंकी आगमन पर जिला पंचायत पद के उम्मीदवार अनुभव विश्कर्मा व पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा कोटवा सड़क में अंगवस्त्र फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा , रोजगार,जातिगत जनगणना, सामाजिक समानता और न्याय हमारे प्रथम मुद्दे है। प्रदेश में कही भी किसी कमजोर,असहाय के साथ अगर अन्याय होता है तो हमारी पार्टी के कार्यकर्ता उस पीड़ित को न्याय दिलाने में हर सम्भव मदद करते है, हमारी पार्टी गरीबो की आवाज़ है,जिसको लेकर हमारी पार्टी पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा समाज एक होकर आगामी 9 नवम्बर को रमाबाई अंबेडकर मैदान लखनऊ पहुंचकर अपनी एकता दिखाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर हंसराज विश्वकर्मा, शिव शंकर विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, उदय राज रावत, जितेंद्र विश्वकर्मा , अनिल पासी ,लवकेश पासी, विमलेश रावत ,सोमनाथ गुप्ता,संजू मिश्रा, महराजदीन रावत,राजेश विश्वकर्मा,गोपी यादव,अमरेश रावत,सर्वेश पाल,नन्हे लाल विश्वकर्मा,गणेश विश्वकर्मा ,विरेन्द्र कुमार ,मोहन चौरसिया,सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ द्वारा थाना हरगांव का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

सीतापुर । आज दिनांक 27.10.25 को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय एवं पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा का जनपद सीतापुर में आगमन हुआ। महोदय द्वारा सीतापुर आगमन के उपरांत सर्वप्रथम थाना हरगांव पर पहुंचकर सलामी ली गयी। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्राविष्टियों को चेक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर का, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि एवं विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया तथा थाने पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त स्टॉफ से वार्ता के क्रम में पीडिताओं से मृदुल

# विद्यालय में फर्जी हाजिरी का खेल देख चढ़ा एसडीएम का पारा बोली, मुझे बेवकूफ मत बनाओ

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के एक्शन से शिक्षा विभाग में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल के औचक निरीक्षण ने सोमवार को परिषदीय विद्यालयों की पोल खोल दी ,और जो नज़ारा सामने आया, उसने शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर दिखा दी। जिन विद्यालयों को बच्चों का भविष्य गढ़ना था, वे ह्लफर्जी उपस्थिति रजिस्टरङ्क से ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे थे। दोपहर करीब 2:25 बजे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम गुंजिता अग्रवाल खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा के साथ नगर पंचायत स्थित बालिका जूनियर हाई स्कूल पहुंचीं। यहां दृश्य बेहद निराशाजनक था सहायक अध्यापक सिद्धार्थ प्रकाश मिश्रा कक्षा 7 और 8 की छात्राओं को एक ही कमरे में संयुक्त रूप से पढ़ा रहे थे, मानो शिक्षा कोई भीड़भाड़ का मेले जैसा आयोजन हो। कक्षा 7 में जहां रजिस्टर में 26 छात्राओं की उपस्थिति दर्ज थी, वहीं वास्तव में केवल



10 छात्राएं मौजूद थीं। पूरे विद्यालय में 165 छात्राओं में से रजिस्टर पर 65 उपस्थित दिखाए गए, पर हकीकत में सिर्फ 33 छात्राएं थीं। यह देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया। जब शिक्षकों से पूछा गया कि रजिस्टर में जादू कैसे हुआ, तो जवाबों में गुमराही और जिम्मेदारी से भागने का खुला प्रदर्शन देखने को मिला। एसडीएम ने सख्त लहजे में कहा ह्लमुझे बेवकूफ मत बनाओ। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने छात्राओं से सवाल पूछे, तो कई को यह भी नहीं पता था कि वे कौन-सा पाठ पढ़ रही हैं यह न केवल शिक्षण गुणवत्ता की दुर्दशा दिखा रहा था, बल्कि शिक्षकों की लापरवाही का प्रमाण भी था। इसके बाद एसडीएम प्राइमरी स्कूल प्रथम पहुंचीं, जहां 78 बच्चों का नामांकन था। उपस्थिति रजिस्टर में 65 बच्चों के नाम चमक रहे थे, लेकिन मैदान में सिर्फ 22 बच्चे दिखाई दिए।



बाकी बच्चों के बारे में जब पूछा गया तो सहज जवाब मिला वे घर चले गए हैं।

स्थिति इतनी बदतर थी कि दो कक्षाओं में पांच क्लासें एक साथ चल रहीं थीं, और एक कक्ष को तो ह्लस्टोर रूमङ्क बना दिया गया था, जहां अनाज की बोरियां और खाद्यान्न सामग्री रखी थी।

निरीक्षण के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने कहा कि विद्यालयों की हालत ह्लबेहद दयनीयङ्क है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि ह्लशिक्षा का मंदिर अब शिक्षकों की सुविधा का अड्डा नहीं बनेगा और संबंधित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। शिक्षक जहां जिम्मेदारी निभाने के बजाय आंकड़ों का खेल खेल रहे थे, वहीं एसडीएम का यह निरीक्षण इस बात का संकेत है कि अब दिखावे की शिक्षा पर कड़ाई की स्याही चढ़ने वाली है।

## भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने एशियाई यूथ गेम्स में विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

एजेंसी

मनामा। भारत की युवा भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने रविवार को मनामा में जारी यूथ एशियाई गेम्स में इतिहास रचते हुए गर्ल्स के 44 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 16 वर्षीय प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क में 92 किलोग्राम भार उठाकर विश्व युवा रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 66 किलोग्राम उठाया और कुल 158 किलोग्राम के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।



प्रीतिस्मिता ने पहले प्रयास में 87 किग्रा, दूसरे में 90 किग्रा और तीसरे प्रयास में 92 किग्रा का भार उठाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। स्नैच में उन्होंने 66 किग्रा का सफल लिफ्ट किया, लेकिन 68 और 69 किग्रा के प्रयासों में असफल रहीं। इस वर्ग में चीन की वू जिहोंग 156 किग्रा (68 स्नैच, 88 क्लीन एंड जर्क) के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि वियतनाम की दाओ थी येन 141 किग्रा के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। उधर, भारत के 17 वर्षीय महराजन अरुमुगापंडियन ने बॉयज़ 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने कुल 256 किग्रा (स्नैच 114 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 142 किग्रा) भार उठाया। चीन के चेन शुनफा ने 261 किग्रा (120 स्नैच, 141 क्लीन एंड जर्क) के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक संख्या 23 पर पहुंच गया, जिसमें 3 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। शनिवार तक भारत के खाते में 17 पदक (2 स्वर्ण, 6 रजत, 9 कांस्य) थे। एथलेटिक्स में गर्ल्स मेडले रिले टीम (एडविना जैसन, तन्नू, अविनाश शौर्य और भूमिका नेहाते) ने रजत पदक जीता, जबकि बॉयज़ टीम पांचवें स्थान पर रही। साइक्लिंग में अंजलि जाखड़ ने गर्ल्स इंडिविजुअल टाइम ट्रायल में चौथा स्थान प्राप्त किया, वह पदक से बस कुछ ही सेकंड दूर रह गईं। भाला फेंक में भारत की सिया बंजारा (42.32 मीटर) और मिस्ती कर्मकार (42.05 मीटर) क्रमशः सातवें और आठवें स्थान पर रहीं। स्वर्ण उज़्बेकिस्तान की परिजोदा तलाबोवा ने 53.08 मीटर थ्रो के साथ जीता। हाई जंप में यश्विता पोतानापल्ली 1.50 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दसवें स्थान पर रहीं, जबकि डिस्कस थ्रो में स्वप्निल दत्ता 51.53 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे। मुक्केबाज़ी में भारत की खुशी चंद (46 किग्रा) ने सऊदी अरब की वेरीफ मोहम्मद अलशेहरी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि आहना शर्मा (50 किग्रा) ने भूटान की संगय पेल्डोन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## श्रेयस अय्यर अंदरूनी चोट के कारण अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच में कैच लेने की कोशिश में चोटिल हुए भारत के एकदिवसीय टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। वह अभी इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में हैं। अय्यर शनिवार को मैच के दौरान एलेक्स कैरी का कैच पकड़ते समय चोटिल हो गए थे। हालांकि शुरू में ऐसा लगा कि उन्होंने चोट के असर को झेल लिया है, लेकिन खबरों के मुताबिक ड्रेसिंग रूम में लौटने पर उन्होंने बेचैनी की शिकायत की और उन्हें तुरंत आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उम्मीद है कि उन्हें कुछ और दिनों तक आईसीयू में रहना होगा, जिसके बाद उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाएगा। उनके माता-पिता उनके साथ रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड



(बीसीसीआई) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्कैन में पता चला है कि उनकी स्प्लीन में चोट लगी है। उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर है और वे ठीक हो रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम, सिडनी और भारत के स्पेशलिस्ट्स से सलाह लेकर, उनकी चोट पर करीब से नज़र रख रही है। भारतीय टीम के डॉक्टर श्रेयस के साथ सिडनी में ही रहेंगे ताकि उनकी रोजाना की प्रोग्रेस का पता चल सके। शुरू में उम्मीद थी कि अय्यर लगभग तीन हफ़्ते तक खेल से बाहर रहेंगे, लेकिन अब उनकी रिकवरी का टाइम और भी बढ़ सकता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इलाज पर कितनी जल्दी रिस्पॉन्ड करते हैं। वह भारत की टी-20 टीम का हिस्सा नहीं हैं।

## पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए जड़ा पहला रणजी शतक

एजेंसी



चंडीगढ़। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने सोमवार को चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड मुकाबले में महाराष्ट्र के लिए अपना पहला शतक जड़ा। शॉ ने दूसरी पारी में मात्र 72 गेंदों में शतक पूरा किया, जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का 14वां शतक है। इससे पहले पहली पारी में वह सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। महाराष्ट्र के लिए अपने रणजी डेब्यू मैच में शॉ ने केरल के खिलाफ दूसरी पारी में 75 रन की पारी खेली थी, जबकि पहली पारी में वह शून्य पर पवेलियन लौटे थे। 25 वर्षीय शॉ ने इस घरेलू सत्र से पहले मुंबई क्रिकेट संघ से एनओसी लेकर महाराष्ट्र टीम से जुड़ने का फैसला किया था। उन्हें यह अनुमति जून के अंत में मिली थी। पिछले सत्र में शॉ को मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था, जब उनके फिटनेस और अनुशासन पर सवाल उठे थे। उनका मुंबई के लिए अंतिम मैच दिसंबर 2024 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी फाइनल में हुआ था।

## पैट कमिंस पहले एशेज टेस्ट से बाहर स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस अगले महीने पर्थ में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए फिट नहीं होंगे और उनकी जगह स्टीव स्मिथ कप्तान होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। कमिंस जुलाई से ही पीठ के निचले हिस्से की समस्या के कारण बाहर हैं और 21 नवंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में उनके खेलने पर पहले से ही संदेह था। सीए ने एक बयान में कहा कि कमिंस ने अब फिर से दौड़ना शुरू कर दिया है और जल्द ही गेंदबाजी करना भी शुरू कर देंगे, जिससे यह उम्मीद जगी है कि 32 साल का यह खिलाड़ी 4 दिसंबर से ब्रिस्बेन में होने वाले दूसरे डे-नाइट टेस्ट में हिस्सा लेने के



लिए फिट हो सकता है। हालांकि सीरीज के लिए अभी टीम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पर्थ स्टेडियम में जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क के साथ बॉलिंग अटैक में स्कॉट बोलैंड का खेलना लगभग तय है। ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी डिपार्टमेंट में अच्छे गेंदबाज होने की वजह से बोलैंड को पिछले कुछ साल में टेस्ट लेवल पर ज़्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला है, उन्होंने ज़्यादातर अच्छा ही परफॉर्म किया है। यह 36 साल का खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की हार्ड पिचों पर खास तौर पर असरदार है और उसने अपने पिछले 14 टेस्ट मैचों में 16.53 की औसत से 62 विकेट लिए हैं। कमिंस 2017-18 सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट के बाद से एशेज मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का लगातार हिस्सा रहे हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहले एशेज जीतने और फिर उसे बनाए रखने में मदद की है। स्मिथ, जिन्हें 2018 में न्यूलैंड्स बॉल-टैम्परिंग स्कैंडल में शामिल होने की वजह से कप्तानी से हटा दिया गया था, उन्होंने अपने रिहैबिलिटेशन के बाद से कमिंस की गैरमौजूदगी में छह बार टीम की कप्तानी की है।

## रणजी ट्रॉफी में बंगाल के क़ाज़ी जुनैद सैफी बने पहले 'इंजरी रिप्लेसमेंट'

कोलकाता। बंगाल के बल्लेबाज़ क़ाज़ी जुनैद सैफी ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन में पहले इंजरी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया। उन्होंने गुजरात के खिलाफ ईडन गार्डन्स में चल रहे मुकाबले में घायल सुदीप चटर्जी की जगह ली। ओपनर सुदीप चटर्जी को रविवार को फील्डिंग के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी, जिसके चलते वे आगे खेलने में असमर्थ रहे। उनकी जगह सैफी को दूसरी पारी में नंबर तीन बल्लेबाज़ के रूप में उतारा गया। हालांकि, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज़ ने 11 गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाया और सिद्धार्थ देसाई की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट हुए। पहली पारी में चटर्जी ने 12 गेंदों पर 3 रन बनाए थे। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सत्र से इंजरी रिप्लेसमेंट नियम लागू किया है, जिसके तहत गंभीर रूप से घायल खिलाड़ियों की जगह समान भूमिका वाले खिलाड़ी को मैदान में उतारने की अनुमति दी गई है।

## देश के सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,610 रुपये से लेकर 1,25,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,15,140 रुपये से लेकर 1,15,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,760 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,140 रुपये



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,15,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,15,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,15,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,25,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,25,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,15,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## वैश्विक आर्थिक, कारोबारी अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वृद्धि की संभावना मजबूत: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक एवं व्यापार नीति की अनिश्चितताओं के बावजूद घरेलू मांग, कम मुद्रास्फीति, मौद्रिक सहजता और जीएसटी सुधारों के सकारात्मक प्रभाव के दम पर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह बात कही गई। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा, '' आर्थिक एवं व्यापार नीति के मोर्चे पर अनिश्चितता की वैश्विक पृष्ठभूमि के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में गति पकड़ी। यह इसलिए और महत्वपूर्ण है क्योंकि अगस्त में अमेरिका ने भारत पर उच्च शुल्क लगाए थे। इसमें कहा गया कि विभिन्न आपूर्ति पक्ष उच्च आवृत्ति संकेतकों (एचएफआई) ने स्वस्थ रुझान प्रदर्शित किया है जबकि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों और त्योहारों से खपत में वृद्धि के साथ मांग की स्थिति में सुधार जारी है। रिपोर्ट में कहा गया, '' घरेलू मांग, अनुकूल मानसून की स्थिति, कम मुद्रास्फीति, मौद्रिक सहजता और जीएसटी सुधारों के सकारात्मक प्रभावों से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि का दृष्टिकोण मजबूत बना हुआ है। परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के अपने वृद्धि दर के अनुमान को क्रमशः 6.4 प्रतिशत तथा 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इसमें साथ ही कहा गया कि भारत का व्यापार प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है और मजबूत सेवा निर्यात ने वस्तु व्यापार घाटे की प्रभावी रूप से भरपाई कर दी है। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रहने के बावजूद सितंबर, 2025 के वस्तु व्यापार के आंकड़ों ने निर्यात गंतव्यों के विविधीकरण के शुरुआती प्रमाण पेश किए हैं।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ जयेश लॉजिस्टिक्स का आईपीओ, तीन नवंबर को हो सकती है लिस्टिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। जयेश लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का 28.63 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 29 अक्टूबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट करने के बाद 31 अक्टूबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 3 नवंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 116 रुपये से लेकर 122 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। जयेश लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 2 लॉट यानी 2,000 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 2,44,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 23,47,000 नए शेयर जारी हो रहे हैं। आईपीओ खुलने से एक कारोबारी दिन पहले




24 अक्टूबर शुक्रवार को जयेश लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने एंकर इनवेस्टर्स से 6.78 करोड़ रुपये जुटाए। इन एंकर इनवेस्टर्स में अर्नेस्टा ग्लोबल अपॉर्च्युनिटीज फंड सबसे बड़ा इनवेस्टर रहा, जिसने कंपनी के 1.98 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसके अलावा, वीरा एआईएफ ट्रस्ट, एलआरएसडी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, फॉर्च्यून हैंड्स ग्रोथ फंड और शाइन स्टार बिल्ड कैप प्राइवेट लिमिटेड जैसे प्रमुख नाम भी एंकर बुक में शामिल हुए हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.38 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.23 प्रतिशत हिस्सा, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.27 प्रतिशत हिस्सा और मार्केट मेकर के लिए 5.11 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए इंडकैप एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं गिरिराज स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 3 नवंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.09 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 3.16 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 7.20 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 60.37 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 88.30 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 112.03 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 2.02 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। इसी तरह इस अवधि में कंपनी को 25.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 12.19 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 27.10 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 27.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 29.65 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। ये वित्त वर्ष 2022-23 में ये 4.30 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 7.46 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 10.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अब इस सत्र में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लेगी सिंधू

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यूरोपीय चरण से पहले पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2025 के सत्र की बाकी बची बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटने का फैसला किया है। हैदराबाद की 30 वर्षीय शटलर ने कहा कि यह निर्णय उनकी सहयोगी टीम और चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद लिया गया। इन चिकित्सा विशेषज्ञों में प्रसिद्ध खेल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला भी शामिल हैं। सिंधू ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''अपनी टीम के साथ विचार विमर्श करने और डॉक्टर पारदीवाला से सलाह लेने के बाद हमने महसूस किया कि मेरे लिए 2025 में शेष सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना सबसे अच्छा होगा। उन्होंने कहा, ''यूरोपीय चरण से पहले मेरे पैर में जो चोट लगी थी वह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। चोट लगना किसी भी खिलाड़ी के करियर का अहम हिस्सा होता है हालांकि इसे स्वीकार करना आसान नहीं होता है। इस तरह की परिस्थितियां आपके धैर्य की परीक्षा लेती हैं और आपको मजबूत होकर वापसी करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।

### भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच में नहीं खेल पाएंगे जंपा, संघा टीम में शामिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जंपा निजी कारणों से भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनकी जगह तनवीर संघा को टीम में शामिल किया है। यह श्रृंखला बुधवार को कैनबरा में शुरू होगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार जंपा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। तेईस वर्षीय संघा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अपनी लेग स्पिन से 10 विकेट लिए हैं। बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी थंडर के नियमित सदस्य संघा ने 2023 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यादगार शुरुआत करते हुए 31 रन देकर चार विकेट लिए थे। संघा इस वर्ष की शुरुआत में भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया ए टीम का भी हिस्सा थे। उन्होंने भारत ए के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में सात विकेट लिए थे। जंपा पर्थ में भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाए थे, लेकिन अगले दो मैच में खेले थे। पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच कैनबरा (29 अक्टूबर), मेलबर्न (31 अक्टूबर), होबार्ट (दो नवंबर), गोल्ड कोस्ट (छह नवंबर) और ब्रिस्बेन (आठ नवंबर) में खेले जाएंगे।

### टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 19.8 प्रतिशत बढ़कर 148.16 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीआईसीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई–सितंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.8 प्रतिशत बढ़कर 148.16 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। टीआईसीएल को वित्त वर्ष 2024–25 की समान तिमाही में 123.69 का शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025–26 की समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 153.98 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 142.48 करोड़ रुपये थी। टीआईसीएल ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी लाभांश आय 116.44 करोड़ रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 102.14 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि इस दौरान उसका कुल व्यय मामूली रूप से बढ़कर 11.40 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 9.43 करोड़ रुपये था।

### होंडा मोटर ने ओएमसी पावर में किया निवेश, अल्पमत हिस्सेदारी हासिल की

**नयी दिल्ली।** जापान की मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने ओएमसी पावर में पांच से 10 प्रतिशत की अल्पमत हिस्सेदारी खरीदी है। उद्योग जगत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि होंडा मोटर ने ओएमसी पावर में 5–10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है और भविष्य में वह अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकती है। ओएमसी पावर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित चंद्रा ने एक बातचीत में कहा कि दोनों कंपनियां व्यावसायिक सहयोग के लिए चार साल से अधिक समय से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि यह होंडा मोटर का भारत में किसी वितरित ऊर्जा मंच में किया गया पहला निवेश भी है।

# आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं बल्कि रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने का माध्यम: राजनाथ

एजेंसी




नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भरता के विचार को देश की प्राचीन परंपरा का आधुनिक रूप करार देते हुए कहा है कि यह सरकार के लिए केवल नारा भर नहीं बल्कि रक्षा क्षेत्र की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों से निपटने का माध्यम है। श्री सिंह ने सोमवार को यहां सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरर (एसआईडीएम) के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था और आत्मनिर्भरता का विचार इसी का आधुनिक रूप है।

उन्होंने कहा आत्मनिर्भरता का जो विचार है, वह हमारी सरकार के लिए सिर्फ एक स्लोगन भर नहीं है, बल्कि भारत की ही पुरानी परंपरा का आधुनिक रूप है। इतिहास में एक समय ऐसा भी था, जब हमारा लगभग हर गांव अपने आप में इंडस्ट्री था। भारत सोने की चिड़िया इसलिए कहलाता था क्योंकि हम अपनी जरूरतों के लिए बाहर की ओर नहीं देखते थे उसे अपनी ही जमीन पर पूरा करते थे।''

रक्षा मंत्री ने कहा कि विनिर्माण और उच्च प्रौद्योगिकी में स्वदेशीकरण को प्राथमिकता देकर सरकार ने उसी परम्परा को आधुनिक रूप देने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अब निजी क्षेत्र के लिए भी दरवाजे खोल दिये हैं और इसी भरोसे का परिणाम है कि आज देश सेमी कंडक्टर फ़ेब्रिकेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, '' आज देशभर में लगभग 19 फ़ेब्रिकेशन संयंत्र स्थापित हो रहे हैं। मोबाइल फोन विनिर्माण में भी, जहां कभी हम केवल आयातक थे वहां हम अब निर्यातक बन चुके हैं। प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र सरकार के लिए केवल आर्थिक वृद्धि नहीं बल्कि राष्ट्रीय संप्रभुता का भी आधार है। उन्होंने कहा, '' हमारे लिए रक्षा क्षेत्र केवल आर्थिक वृद्धि का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संप्रभुता का आधार है। और जब संप्रभुता की बात आती है, तो यह सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक, हर संगठन और हर उद्योग की सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है। यह बात आज, ऑपरेशन सिंदूर के बाद और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।' उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद स्थितियां कुछ ऐसी बनी कि दुनिया में शांति और कानून व्यवस्था में अनिश्चितता बढ़ गई है और उसे ध्यान में रखते हुए हमें हर क्षेत्र में स्थिति का विश्लेषण कर कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र और युद्ध के स्वरूप में जो बदलाव हो रहे हैं उनसे स्वदेशीकरण के माध्यम से ही निपटा जा सकता है।

# द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे भारत और संयुक्त अरब अमीरात

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की दो दिन की यात्रा पर आए संयुक्त अरब अमीरात की सेना के कमांडर मेजर जनरल यूसुफ़ मायुफ़ सईद अल हल्लामी ने सोमवार को यहां सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी से मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस उच्च-स्तरीय यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को बढ़ाना और विशेष रूप से प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन के क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशना है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रक्षा साझेदारी को और मज़बूत तथा गहन बनाने के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करती है। यहां पहुंचने पर मेजर जनरल अल हल्लामी का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें महानिदेशक सूचना प्रणाली और सेना डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा भारत की रक्षा क्षमताओं और भारतीय सेना के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोडमैप के बारे में भी जानकारी दी गई। मेजर जनरल अल हल्लामी मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

बाद में वह डीआरडीओ का दौरा करेंगे जहां उन्हें विभिन्न स्वदेशी हथियारों और उपकरण तथा प्लेटफार्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत से भी बातचीत करेंगे। कमांडर आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। मेजर जनरल अल हल्लामी की यह यात्रा संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच रक्षा सहयोग में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहले से ही मज़बूत रक्षा संबंधों को और मज़बूत करेगी जिससे सैन्य जुड़ाव और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग में एक मज़बूत, भविष्य-तैयार साझेदारी का मार्ग प्रशस्त होगा।

# अमित शाह ने 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' का उद्घाटन किया

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुंबई में 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' के चौथे आयोजन का उद्घाटन किया। श्री शाह ने इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारत के समुद्री विरासत पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने मैरीटाइम विज़न 2030 रोडमैप के माध्यम से भारत को एक अग्रणी वैश्विक समुद्री शक्ति बनाने के सरकार के दृष्टिकोण की भी विस्तार से चर्चा की। गृह मंत्री ने बताया कि भारत 2030 तक देश की समग्र माल ढुलाई क्षमता को 10,000 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर गहरे पानी के बंदरगाहों की एक श्रृंखला का निर्माण कर रहा है। साथ ही सरकार बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, तटीय नौवहन को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से समुद्री व्यापार को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। श्री शाह ने भारत की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति को बेहतर बताते हुए कहा कि देश 'भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर' और 'उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर' सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों के चौराहे पर स्थित है। यह बेहतरी भारत को प्रमुख वैश्विक समुद्री शक्तियों में शामिल होने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को प्राप्त करने का लक्ष्य मैरीटाइम विज़न 2030 के तहत निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विजन में तकनीकी नवाचार, सतत प्रथाओं और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को एकीकृत करने पर जोर दिया गया है। मंत्री ने निर्माणाधीन बंदरगाह वधावन के बारे में बात करते हुए कहा कि जब यह बंदरगाह पूरी तरह चालू हो जाएगा तो क्षमता और पैमाने के मामले में दुनिया के शीर्ष दस बंदरगाहों में गिना जाएगा। भारत समुद्री सप्ताह 2025 में ग्यारह देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि 85 से अधिक देशों के 500 प्रदर्शकों और 350 वक्ताओं सहित एक लाख से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन में रणनीतिक साझेदारी और निवेश के अवसरों पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें जहाज निर्माण, बंदरगाह विस्तार, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, हरित नौवहन और अंतर्देशीय जल परिवहन आदि प्रमुख क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को अंतिम रूप दिये जाने की उम्मीद है।

# 'विकसित भारत' के निर्माण में भविष्य के लिए तैयार पुलिस बल की बड़ी भूमिका : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने निवेश और विकास के लिए प्रभावशाली पुलिस व्यवस्था के महत्व पर बल देते हुए उम्मीद जताई है कि युवा अधिकारियों के नेतृत्व में भविष्य के लिए तैयार पुलिस बल 'विकसित भारत' के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि भारतीय पुलिस सेवा के 77 आरआर (2024 बैच) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की।

श्रीमती मुर्मु ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है। अपनी आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने और उसमें तेज़ी लाने के लिए सार्वजनिक और निजी निवेश की इस गति को बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि किसी भी राज्य या क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए कानून-व्यवस्था आवश्यक पूर्व-शर्त है। उन्होंने कहा, '' निवेश और विकास को बढ़ावा देने में प्रभावी



पुलिसिंग आर्थिक प्रोत्साहन जितनी ही महत्वपूर्ण है। युवा अधिकारियों के नेतृत्व में एक भविष्य के लिए तैयार पुलिस बल 'विकसित भारत' के निर्माण में एक बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा राष्ट्रपति ने कहा कि युवा अधिकारी शक्ति और अधिकार वाले पदों पर आसीन होते हैं। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि अधिकार के साथ जवाबदेही भी आती है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यों और आचरण की हमेशा सार्वजनिक जांच होगी।'' उन्हें यह याद रखना चाहिए कि वे, जो नैतिक है उसे चुनें, न कि जो सुविधाजनक है उसे। आपात स्थितियों से निपटने के दौरान भी न्यायसंगत और निष्पक्ष प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हालांकि अधिकारियों को कानूनों और प्रणालियों के माध्यम से बहुत सारी शक्तियां प्राप्त होती हैं, लेकिन वास्तविक अधिकार उनकी व्यक्तिगत और व्यावसायिक ईमानदारी से आएगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि नैतिक अधिकार उन्हें सभी का सम्मान और विश्वास दिलाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि पुलिस अधिकारी लगभग हर समय अपराध और अपराधियों से निपटता है। इससे उन पर संवेदनहीनता का प्रभाव पड़ सकता है और उनकी मानवीयता कुंद हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि प्रभावशाली अधिकारी बनने की प्रक्रिया में उन्हें अपने भीतर करुणा के मूल को अक्षुण्ण रखने का विशेष प्रयास करना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने पुलिसिंग के क्षेत्र को काफ़ी हद तक बदल दिया है। लगभग दस साल पहले 'डिजिटल गिरफ़्तारी' अभिव्यक्ति को समझना असंभव होता। अभी यह नागरिकों के लिए सबसे भयानक ख़तरों में से एक है। भारत में सबसे बड़ा और सबसे तेज़ी से बढ़ता एआई उपयोगकर्ता आधार है। इसका असर पुलिसिंग पर भी पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि आईपीएस अधिकारियों को एआई सहित नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उन लोगों की तुलना में कई कदम आगे रहना चाहिए जो इन प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल ग़लत इरादे से करेंगे।

## पेज एक का शेष

### एसआईआर का...

संविधान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि केरल में अभी स्थानीय निकायों के चुनावों के लिए अधिसूचना जारी नहीं की गयी है, इसलिए वहां दूसरे चरण में एसआईआर कराने का फैसला किया गया है। बिहार में एसआईआर के राजनीतिक विरोध के बारे में एक सवाल पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि वह ऐसा नहीं मानते कि वहां राजनीतिक दलों का विरोध था। राज्य में 12 राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के 1.06 लाख बूथ स्तरीय एजेंटों ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ बढ़-चढ़ कर सहयोग किया। सभी जिला अध्यक्षों ने भी इस कार्य में पूरा सहयोग दिया और चुनाव से पहले आयोग के दौरे में इन दलों ने नेताओं ने एसआईआर की सराहना की। श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में फाइनल मतदाता सूची सात फ़रवरी 2026 को प्रकाशित की जायेगी। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है कि किसी भी मतदाता केंद्र में 1200 से अधिक मतदाता न हों ताकि मतदान केंद्र पर भीड़ न हो। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि मसौदा सूची नौ दिसंबर को प्रकाशित की जाएंगी और नौ दिसंबर से आठ जनवरी के बीच दावे और आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची सात फरवरी, 2026 को जारी की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वैध पहचान दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन यह नागरिकता, जन्म तिथि या निवास के प्रमाण के रूप में काम नहीं करता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पश्चिम बंगाल में कोई गतिरोध नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग अपने दायित्व का पालन कर रहा है और उन्हें उम्मीद है कि राज्य सरकार अपने दायित्व का पालन करेगा। संविधान के अंतर्गत हर संस्थान का दायित्व अपना पूरा करना होता है।कानून व्यवस्था राज्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है और उम्मीद है हर राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभायेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी बारह राज्यों में सुगम तरीक़े से एसआईआर किया जाएगा। श्री ज्ञानेश कुमार ने कहा कि असम में नागरिकता से जुड़े नियम थोड़े अलग है, इसलिए वहां एसआईआर से प्रक्रिया अलग तरीके से चलेगी। उन्होंने कहा कि असम में नागरिकता के लिए अलग प्रावधान है वहाँ सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नागरिकता की जाँच का काम पूर्ण होने वाला है इसलिए यह असम पर लागू नहीं होता है।

### दायरे में आएंगे 51...

फरवरी के पहले सप्ताह तक चलने वाले एसआईआर कार्यक्रम में 5,33,093 पोलिंग बूथ/बीएलओ, राजनीतिक पार्टियों के 7,64,419 बीएलए, 10,448 मतदाता पंजीकरण अधिकारी/सहायक ( ईआरओ/एईआरओ) और 321 जिला चुनाव अधिकारी ( डीईओ ) शामिल हैं। आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश की सूची में इस समय पंद्रह करोड़ 44 लाख चौबीस मतदाता और पश्चिम बंगाल में सात करोड़ 66 लाख 24 मतदाता पंजीकृत है। तमिलनाडु में 6 करोड़ 41 लाख 15 मतदाता, राजस्थान में पांच करोड़ 48 लाख 85 मतदाता, मध्य प्रदेश में पांच करोड़ 74 लाख पांच मतदाता, गुजरात में पांच करोड़ आठ लाख 39 मतदाता, केरल में दो करोड़ 78 लाख पचास मतदाता, छत्तीसगढ में दो करोड़ बारह लाख तीस मतदाता, पुड्डुचेरी में दस लाख 21 हजार मतदाता, गोवा में ग्यारह लाख 85 हजार मतदाता, अंडमान निकोबार में तीन लाख दस हजार मतदाता जबकि लक्ष्यद्वीप में 58 हजार मतदाता पंजीकृत है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के दूसरे चरण की घोषणा करते हुए कहा कि इन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की वर्तमान सूचियों को 'आज आधी रात से फ्रीज' कर दिया जाएगा।'' इसका अर्थ है कि अब एसआईआर का काम पूरा होने से पहले इन जगहों की सूची में कोई नया नाम काटा या जोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बारह राज्यों के लिए वर्तमान में पांच लाख 33 हजार 93 मतदान केंद्र हैं लेकिन अब हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या एक हजार रखने का निर्णय लिया गया है जिसके कारण मतदान केंद्रों की संख्या में बढोत्तरी हो सकती है। आयोग ने यह भी निर्णय लिया है कि एक परिवार को मत एक ही मतदान केंद्र पर हो ताकि मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने में आसानी हो सके। आयोग ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण की शुरुआत 28 अक्टूबर से होगी। इस दौरान 28 अक्टूबर से तीन नवंबर तक प्रिंटिंग और ट्रेनिंग का कार्य होगा। इसके बाद घर-घर जाकर गणना चरण का कार्य किया जाएगा, जिसकी तारीख चार नवंबर से चार दिसंबर तक तय की गई है। उसके बाद नौ दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन और मसौदा तैयार किया जाएगा। चुनाव आयोग ने नौ दिसंबर से आठ जनवरी 2026 तक आपत्ति की अवधि को निर्धारित किया है। वहीं, नौ दिसंबर से 31 जनवरी, 2026 तक चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई और सत्यापन का कार्य किया जाएगा। सात फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

### डूबते सूर्य को...

जाता है। छठ प्रसाद को तैयार करने के लिए एक खास तैयारी की जाती है, जो त्योहार के तीसरे दिन से शुरू होने वाले त्योहार में बहुत महत्व रखता है। व्रती और उनके परिवार के सदस्य दिन में जल्दी स्नान करते हैं और प्रसाद रखने के लिए बांस के नए सूप और टोकरियां खरीदते हैं। चावल, गन्ना, ठेकुआ,पकवान, ताजे फल, सूखे मेवे, पेड़ा, मिठाई, गेहूं, गुड़, मेवा, नारियल, घी, मखाना, नींबू, सेब, संतरा, इलायची, हरी अदरक और सूप में तरह-तरह के सात्विक खाद्य पदार्थ रखे जाते हैं। जनसैलाब को देखकर यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता था कि अब अपने शहर में छठ मनाना ज्यादा पसंद करने लगे हैं। गौरतलब है कि 28 अक्टूबर मंगलवार को तड़के भी उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने छठव्रती तड़के ही घाट पहुंचने लगेंगे। इसके बाद मंगलवार को फिर घाटों में लोगों की भीड़ लगेगी। इस दौरान उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे का कठिन व्रत टूटेगा।

### उत्तर प्रदेश और...

थे। इस समय पूरा परिवार दिल्ली के सादिक नगर स्थित सरकारी आवास में रह रहा है। यूपी एटीएस इन दोनों अदनान से पूछताछ कर रही है। इनसे मिली जानकारी के बाद सलीम से भी पूछताछ की जाएगी। सीए का छात्र था अदनान अदनान भोपाल से सीए कर रहा था। पर, बाद में आतंकी संगठन की विचारधारा से प्रभावित हो गया। पिछले साल जमानत पर बाहर आने के बाद वह अन्य युवकों को कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ने में सक्रिय हो गया था। वक्फ कानून को लेकर भी नाराज थे दोनों पूछताछ में यह भी सामने आया है कि धर्मांतरण के मुद्दे के साथ वक्फ कानून बनने को लेकर भी दोनों काफी विरोध में थे। अन्य युवकों को अपने साथ जोड़ने के लिए दोनों ऐसे कारणों का उल्लेख जरूर करते थे। एटीएस इन दोनों युवकों के उत्तर प्रदेश के सम्पर्कों के बारे में विस्तार से पता कर रही है। जरूरत पड़ने पर एटीएस भी इन दोनों को रिमाण्ड पर ले सकती है।

### डिजिटल गिरफ्तारी...

प्रभाग से सहायता ले रही है। न्यायमूर्ति बागची ने समस्या की व्यापकता के बारे में आगाह किया, ''समस्या मामलों की संख्या है। हमने पोंजी मामलों में ऐसा देखा है। उस समय सीबीआई पर दबाव बहुत ज़्यादा था। क्या आप एक विशेष जाँच के लिए तैयार हैं? और यही वह अतिरिक्त व्यय है जिसकी आपको आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने एक समन्वित राष्ट्रीय समाधान प्रणाली की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि वह एक समान जाँच के पक्ष में है, लेकिन उसने सभी राज्यों का पक्ष जाने बगैर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए कहा, ''हम आज कोई निर्देश जारी नहीं कर रहे हैं। हम एक समान जाँच सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को नोटिस जारी कर रहे हैं।'' गौरतलब है कि यह मामला एक बुजुर्ग दंपति के पत्र से शुरू हुआ, जिन्होंने बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर घोटालेबाजों ने उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की। धोखेबाजों ने फ़ोन और वीडियो कॉल का इस्तेमाल किया। उन्होंने गिरफ़्तारी की धमकी देकर पीड़ितों को धन हस्तांतरित करने के लिए धमकाने के लिए उच्चतम न्यायालय के जाली आदेश भी दिखाए। इसके बाद, अंबाला में साइबर अपराध शाखा ने इस मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की। इसी तरह देश भर में ऐसे ही के अपराधों के एक संगठित गठजोड़ का खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्टों में यह भी संकेत दिया गया था कि इसी तरह के घोटाले कई अन्य राज्यों में भी हुए हैं, जिसके बाद न्यायालय ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। न्यायालय ने 17 अक्टूबर को केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब मांगा था और भारत के अटॉर्नी जनरल से भी सहायता का अनुरोध किया था। न्यायालय ने हरियाणा साइबर अपराध पुलिस, अंबाला को एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिसमें केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वित प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया गया था। हरियाणा के अतिरिक्त महाधिवक्ता(एएजी) ने आज की सुनवाई के न्यायालय को सूचित किया कि इसी तरह के अपराधों पर और भी प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और उन्होंने अधिक विवरण दाखिल करने के लिए और समय माँगा। न्यायालय ने उन्हें एक सप्ताह का समय दिया और अन्य सभी राज्यों को ऐसे घोटालों से संबंधित प्राथमिकियों का विवरण दाखिल करने के निर्देश दिए। पीठ ने निर्देश दिया।''इन दो एफआईआर के अलावा हरियाणा में इसी तरह के अपराधों से संबंधित कुछ और एफआईआर दर्ज हैं। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने विवरण प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय माँगा है और उन्हें यह समय दिया गया है। इस बीच हम सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों से संबंधित अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में दर्ज प्राथमिकियों का विवरण देने का निर्देश देते हैं। इसमें किसी औपचारिक प्रत्युतर की आवश्यकता नहीं है, केवल मामलों का विवरण रिकॉर्ड में लाया जा सकता है।

### रेलवे हॉस्पिटल में ...

सीसीयू में भर्ती मरीजों को बाहर निकाला। इस बीच सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और रैंप व सीढ़ियों के रास्ते सभी मरीजों को बाहर निकाला गया। गंभीर मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से सुरक्षित वार्ड में शिफ्ट किया गया तथा ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि ''एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आलमबाग और हजरतगंज फायर स्टेशन से एक-एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। सभी मरीजों को सुरक्षित अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया है।'' फायर अधिकारियों ने बताया कि सर्वर रूम की वायरिंग जलकर खाक हो गई है, लेकिन समय पर राहत कार्य शुरू हो जाने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। धुएं को बाहर निकालने के लिए स्मोक गन और एक्सट्रैक्शन फैन का उपयोग किया गया। वहीं रेलवे प्रशासन ने आग की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सीएमएस डॉ. संगीता सागर ने बताया कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। सभी मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ सुरक्षित हैं। स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है और सभी वार्डों में चिकित्सा सेवाएं बहाल कर दी गई हैं।

### हमारी गुलामी...

को नहीं पहचानेंगे तो ये बीमारियां कैंसर की तरह समाज को खोखला कर देंगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि ह्नमाता भूमि पुत्रोहम्... यह भूमि केवल मिट्टी का टुकड़ा नहीं, हमारी मातृभूमि और पितृभूमि है। इस धरती की सेवा ही सच्ची उपासना है। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी जैसे सीमावर्ती जिलों में भी विकास की नई धारा बह रही है। यहां सड़कें, मेडिकल कॉलेज बनने के साथ एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोला गोकर्णनाथ धाम और कबीरधाम जैसे धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार से आस्था और पर्यटन दोनों को बल मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने संत असंगदेव महाराज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे धर्म, नशा मुक्ति और राष्ट्र चेतना का अद्भुत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नशा मुक्ति पर बोलते हुए कहा कि नशा नाश का कारण है। विदेशी ताकतें हमारे युवाओं को बर्बाद करने की साजिश रच रही हैं। उन्होंने फोन का इस्तेमाल सीमित करने और आत्मविकास पर ध्यान देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने गो सेवा और नेचुरल फार्मिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर गाय के लिए सरकार 1500 रुपये प्रतिमाह दे रही है। गोमाता के संरक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों को गोशालाओं की देखरेख करनी चाहिए। रासायनिक खेती से जमीन ऊसर हो रही है। इसलिए नेचुरल फार्मिंग अपनाएं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी ने सद्गुरु कबीर असंगदेव धर्मशला का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर असंग देव महाराज, प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान, नितिन अग्रवाल, मन्नूलाल कोरी, विधायक अमन गिरी, रोमी साहनी, लोकेंद्र प्रताप सिंह, शशांक वर्मा, योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, मंजू त्यागी, सौरभ सिंह सोनू, महामंडलेश्वर प्रवक्तानंद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संतजन उपस्थित रहे।

### युवाओं के अनुशासन, सेवा...

विलेज, 75 वर्ष की स्काउटिंग प्रदर्शनी, एयर अग्निवीर, एक जिला-एक उत्पाद, सोलर, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्मी प्रदर्शनियां भी लगाई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन युवाओं में तकनीकी, सामाजिक और नेतृत्व कौशल को विकसित करने का अवसर बनेगा। इस उद्देश्य से आईटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब की स्थापना की जा रही है, जहां डिजिटल लर्निंग, लीडरशिप और इनोवेशन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया और स्मार्ट स्काउटिंग की दिशा में नया अध्याय सिद्ध होगी। बैठक में बताया गया कि आयोजन स्थल पर 100 बेड का अस्पताल, 16 डिस्पेंसरी, पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट, नियंत्रण कक्ष, 11 फायर टेंडर सहित फायर स्टेशन, प्रशासनिक कार्यालय, ओवरसीज कैफ़ेटेरिया और मीडिया सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संपूर्ण आयोजन परिसर को 24x7 सीसीटीवी निगरानी में रखा जाए, जिसमें नाइट विजन, फ़ेस डिटेक्शन और पीटीजेड कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली हर समय सक्रिय रहे। प्रकाश व्यवस्था अच्छी हो। उन्होंने यह भी कहा कि देश-विदेश से आ रहे प्रतिभागी युवाओं का लखनऊ प्रवास सुखद हो, इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न विभागों द्वारा तैनात कार्मिकों को अच्छे व्यवहार के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता और सतत विकास की अवधारणा पर विशेष बल देते हुए कहा कि जंबूरी पूरी तरह ग्रीन और सस्टेनेबल हो। अधिकारियों ने बताया कि गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, कम्पोस्टिंग, प्लास्टिक अपशिष्ट के पुनर्चक्रण तथा 'ग्रीन वॉरियर्स' कार्यक्रम के माध्यम से यह लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। ई-कार्ट परिवहन, ग्रीन प्लेज वॉल और थीमैटिक सेल्फी पॉइंट्स जैसी व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जंबूरी में आने वाले देश-दुनिया के अतिथियों के उत्तर प्रदेश भ्रमण के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि जंबूरी में स्किल वर्कशॉप, एडवेंचर और अम्यूजमेंट गतिविधियाँ जैसे रैपलिंग, वॉल क्लाइम्बिंग, स्काई साइकिलिंग, ज़िप लाइन, आर्चरी, शूटिंग, ज़ोर्निंग बॉल्स, कमांडो ब्रिज और प्लैंक ब्रिज आयोजित की जाएंगी।

# बिहार में सूर्योपासना के महापर्व कार्तिक छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में सूर्योपासना के महापर्व कार्तिक छठ के अवसर पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। गंगा नदी में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर लाखों लोगों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान भी किया। सुबह से ही आज गंगा नदी की ओर जाने वाले सभी मार्ग छठ व्रत एवं सूर्य आराधना के भक्तिपूर्ण एवं कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान रहे।पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी के घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। प्रशासन की ओर से गंगा नदी में नौका के परिचालन पर कल दोपहर तक के लिए रोक लगा दी गयी है। छठ घाटों पर पटाखे छोड़ने पर भी प्रतिबंध है। छठ व्रतियों के लिये गंगा घाटों को साफ-सुथरा किया गया है और विशेष रूप से सजाया भी गया है। इसके साथ ही गंगा नदी की ओर जाने वाले मार्गों पर तोरण द्वारा बनाये गये हैं और पूरे मार्ग को रंगीन बल्बों से सजाया गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास एक अणे मार्ग में परिवार के सदस्यों के साथ अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। बिहार में औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल देव के पौराणिक सूर्य कुंड में आज कार्तिक छठ व्रत के अवसर पर करीब आठ लाख छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाये गये देव के त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतार आज सुबह से ही लगी हुई है और लोग बारी-बारी से भगवान भास्कर का दर्शन-पूजन और अर्चन कर रहे हैं । देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और बिहार-झारखंड के कोने-कोने से आए छठव्रतियों की ओर से कल सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए जाने के साथ ही चार दिनों का यह पवित्र अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।पूरे मेला क्षेत्र और मंदिर परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है ।जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल मेला क्षेत्र में कैंप कर मेला क्षेत्र में विधि - व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। लोक मान्यता है कि देव में छठ व्रत करने से इस अवसर पर भगवान सूर्यदेव की साक्षात उपस्थित की रोमांचक अनुभूति होती है और यहां के पौराणिक सूर्यकुंड में अर्घ्य अर्पित करने से मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है । पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाले इस महापर्व के चौथे दिन कल व्रतधारी फिर नदियों और तालाबों में खड़े हो कर उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देंगे। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं को 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त होगा और वे अन्न ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि चार दिवसीय यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों और तलाबों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। इस महापर्व के दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण किये उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और उसके बाद एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आये तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

# आनंदपुर साहिब में रोजाना 12 हजार श्रद्धालुओं को ठहराने के लिए टेंट सिटी का निर्माण शुरू

■ तीन स्थानों पर बनने वाली टेंट सिटी पर खर्च होंगे 21 करोड़ रुपये, 19 से 30 नवंबर तक श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह टेंट सिटी तीन स्थानों अगमपुर, पीएसपीसीएल ग्राउंड मटौर और झिंझड़ी में स्थापित की जा रही है। सौंद ने कहा कि पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा टेंट सिटी की स्थापना पर लगभग 21.52 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस टेंट सिटी में रोज़ाना 10 से 12 हज़ार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। यहां श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। यह टेंट सिटी 19 नवंबर से 30 नवंबर तक संचालित रहेगी। उन्होंने बताया कि टेंट की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी जानकारी शीघ्र सार्वजनिक की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि टेंट सिटी तक पहुंचने वाली सड़कों का नवीनीकरण कार्य भी पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि इन आयोजनों की सफलता और सुचारू रूप से प्रबंधन के लिए पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया गया है और इस दिशा में विभाग पूरी निष्ठा और समन्वय के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से इन पवित्र आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है।

# मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना का योगदान दिल्ली के इतिहास में हमेशा स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। उनके नेतृत्व और दूरदृष्टि ने दिल्ली को न केवल एक आधुनिक शहर में बदलने का सपना देखा, बल्कि उसे वास्तविकता में भी बदलने के लिए अथक परिश्रम किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार ने उनकी स्मृति में पंजाबी बाग चौक का नाम मदनलाल खुराना के नाम पर रखा है। यह नामकरण दिल्ली के विकास में उनके अथक परिश्रम को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक ईमानदार प्रयास है। उनकी पुण्यतिथि पर हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं और उनका योगदान हमेशा दिल्लीवासियों के हृदय में जीवंत रहेगा।

# गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश वर्ष के उपलक्ष्य में निकाला गया नगर कीर्तन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। सिख पंथ के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार शाम को नगर कीर्तन निकल गया। प्रेम नगर पुल के पास स्थित ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा से नगर कीर्तन का शुभारंभ गुरुद्वारा के मुख्य संरक्षक एवं श्री निर्मल संतपुरा पीठाधीश्वर संत जगजीत सिंह शास्त्री महाराज ने हरी झंडी दिखा कर किया।

हरिद्वार के प्रमुख बाजारों से होता हुआ नगर कीर्तन ललतारो पुल स्थित गुरुद्वारे में समाप्त हुआ। नगर कीर्तन का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, लंगर लगाए गए और आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए सिख पंथ की स्थापना की थी और निर्मल पंथ चलाया था। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव के विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे।गुरुद्वारा सिंह सभा ललतारो पुल के प्रधान महंत हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि सिख धर्म सबको जोड़कर मानवता की मिसाल कायम करता है। सभा के सचिव हरदीप सिंह ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने समाज में कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ अलख जगाई। इस अवसर पर सभा के उप प्रधान रेशम सिंह, सुरजीत सिंह, खुराना बीबी, सिम्मी तनेजा, बीबी कुलवंत कौर, बीबी रानी आदि नगर कीर्तन में शामिल रहे। नगर कीर्तन में सबसे आगे घोड़े पर सवार पंच प्यारे, उनके पीछे पुरुष एवं महिला पंच प्यारे तलवार लेकर चल रहे थे और उनके पीछे गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी चल रही थी। गुरु नानक देव जी के जीवन चरित्र पर कई झांकियां कीर्तन में शामिल थी। बैंड बाजे नगर कीर्तन में शामिल थे। नगर कीर्तन के साथ श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुरुआत हो गई है। 5 नवंबर को प्रकाश पर्व के अवसर पर हरिद्वार के विभिन्न गुरुद्वारा में समारोह किए जाएंगे और गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग चढ़ाया जाएगा। और शबद कीर्तन का आयोजन होगा।

# भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है छठ महापर्व : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली पहली बार छठ महापर्व को इतनी भव्यता और श्रद्धा के साथ मना रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर व्रती और श्रद्धालु के लिए सुगम, सुरक्षित और दिव्य वातावरण सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आज यमुना तट न केवल पूर्वांचल की आस्था से आलोकित है, बल्कि दिल्ली के बदलते स्वरूप का प्रतीक भी बना है। छठ का प्रसाद हमारी संस्कृति की सबसे सुंदर अभिव्यक्तियों में से एक है। डाला में जब माताएं-बहनें स्नेह से प्रसाद सजाती हैं तो वह क्षण भक्ति, संयम और समर्पण का जीवंत प्रतीक बन जाता है। छठ का प्रसाद सिर्फ अन्न नहीं, आस्था का अंश है जो हर घर में शांति, संतोष और मंगल का संदेश लेकर आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने यमुना की स्वच्छता को आस्था और संकल्प का आंदोलन बनाया है।

# सारण में आचार संहिता का उल्लंघन करने पर तीन शिक्षक निलंबित

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सारण जिले के तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने और निर्धारित आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। सारण जिला प्रशासन ने मामले की जांच के बाद तीनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जिन शिक्षकों पर कार्रवाई हुई है, उनमें राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छपरा की विशिष्ट शिक्षिका प्रियंका कुमारी, मध्य विद्यालय रतनपुरा, छपरा सदर के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार सिंह और नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, धेनुकी, देवरिया, जलालपुर के पंचायत शिक्षक चन्द्रमोहन कुमार सिंह शामिल हैं।

# पंजाब के तरन तारन में उपचुनाव के लिए तैनात होंगे 1200 कर्मचारी, कराया गया पूर्वाभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। विधानसभा क्षेत्र तरन तारन में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनज़र जिला चुनाव कार्यालय ने पोलिंग स्टाफ को पहला रिहर्सल सोमवार को माई भागो कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कराया गया। इस रिहर्सल का जायज़ा लेने के लिए पंजाब के संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सकतर सिंह बल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर तरन तारन विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम गुरमीत सिंह तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने लगभग 1200 पोलिंग कर्मचारियों को ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट सहित मतदान दिवस की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें मतदान के दिन की कार्यप्रणाली और सावधानियों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रेसाइडिंग अधिकारियों (पी आर ओज ) को ईवीएम-वीवीपैट की मॉक ड्रिल करवाई गई, जिसमें सभी प्रत्याशियों (नोटा सहित) को कम से कम 5 वोट डालकर कुल 100 वोटों की डेमो प्रक्रिया के माध्यम से मशीन की कार्यप्रणाली समझाई गई। पीआरओज ने ईवीएम और वीवीपैट की 100 प्रतिशत विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। सकतर सिंह बल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और तत्परता से निभाएँ। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक सदस्य को ईवीएम सहित पूरी चुनाव प्रक्रिया की गहन जानकारी अवश्य प्राप्त करनी चाहिए ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया में ज़रा सी भी गलती अस्वीकार्य होती है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को अपनी तैयारी पूर्ण रखनी चाहिए। रिटर्निंग अधिकारी गुरमीत सिंह ने बताया कि पोलिंग स्टाफ की अगली रिहर्सल 2 नवंबर को आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उपचुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पूरा चुनाव कार्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं स्वतंत्र वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने हलके के मतदाताओं से अपील की कि वे बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# पंजाबी गायक राजवीर की मौत पर केंद्र चंडीगढ़ और पंजाब सरकार को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब के मशहूर गायक राजवीर जवंदा की सड़क हादसे में हुई मौत का संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के आधार पर केंद्र सरकार, चंडीगढ़ प्रशासन, पंजाब सरकार तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने सभी पक्षों से इस मामले में जवाब मांगा है। दरअसल, पंजाबी गायक राजवीर जवंदा 27 सितंबर को बीएमडब्ल्यू बाइक पर बद्दी से शिमला जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक के आगे दो सांड आने से हादसा हो गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 11 दिन तक फोर्टिस हार्ट अस्पताल में उपचाराधीन रहने के बाद 12वें दिन उनका निधन हो गया। पंजाबी गायक की मौत के बाद उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता नवकिरन सिंह द्वारा एक याचिका दायर की गई है, जिसमें याची ने कहा है कि हादसे के तुरंत बाद उचित इलाज न मिलने से उसकी मौत हुई थी, जिस अस्पताल में पहले उन्हें ले जाया गया, वहां प्राथमिक उपचार भी नहीं मिला। याचिका में निजी अस्पतालों में इलाज के लिए ठोस मैकेनिज्म (प्रणाली) बनाने की मांग की गई है। याचिका में यह दलील दी गई है कि हादसे के बाद जिस निजी अस्पताल में राजवीर को तुरंत ले जाया गया, वहां उन्हें उचित इलाज नहीं मिला। यहां तक कि उन्हें प्राथमिक उपचार तक नहीं दिया गया। याचिका में राजवीर केस को आधार बनाकर भविष्य में पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा के अस्पतालों में उचित इलाज के लिए एक ठोस मैकेनिज्म बनाने की मांग की गई है।

# माणा गांव में देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। भारतीय सेना एवं उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का आज माणा गांव में समापन हो गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नृत्य एवं संगीत प्रस्तुति के विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रतिभा और सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय सेना ने उत्तराखंड सरकार, स्थानीय समुदायों और सभी आगंतुकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस महोत्सव को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। सेना ने परंपराओं के संरक्षण, जनसशक्तिकरण और एकता की भावना को देवभूमि की पवित्र धरा पर आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गढ़वाली बैंडों और प्रसिद्ध लोकगायकों के मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ-साथ भारतीय सेना के बैंड प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी ने युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित किया व सेना के साथ उनके जुड़ाव को और सुदृढ़ किया। वहीं अलकनंदा आरती ने उत्तराखंड की आध्यात्मिक आभा को सजीव किया। महोत्सव ने देवभूमि की जीवंत संस्कृति को लोकनृत्य, लोकसंगीत, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन एवं ट्रेकिंग अनुभवों के माध्यम से साकार किया। गढ़वाल क्षेत्र के शिल्पकारों, किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों में हस्तनिर्मित वस्तुएँ, पारंपरिक धरोहर सामग्री और जैविक उत्पादों को व्यापक सराहना मिली, जिससे स्थानीय लोगों को आजीविका के नए अवसर प्राप्त हुए। महोत्सव ने केवल सांस्कृतिक उत्सव के रूप में ही नहीं, बल्कि अपने व्यापक उद्देश्यों, शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देना, पलायन को रोकना, रोजगार सृजन और सीमा क्षेत्रों के आर्थिक विकास को भी सफलतापूर्वक प्राप्त किया। इस आयोजन ने स्थानीय शिल्पकारों, किसानों और युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोले, जिससे 'वाइब्रेंट विलेजेज' की परिकल्पना को सशक्त आधार मिला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ़ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, उत्तर भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डी.जी. मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जोकीहाट जन सुराज के उम्मीदवार का एआई क्रियटेड अश्लील वीडियो पर कार्रवाई की मांग

अररिया। बिहार में अररिया जिले के जोकीहाट विधानसभा से जन सुराज के उम्मीदवार पूर्व सांसद सरफराज आलम के एआई के माध्यम से क्रिएटेड अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किए जाने के मामले में सरफराज आलम ने प्रशासन से आरोपित की शिनाख्त कर कार्रवाई की मांग की है। सरफराज आलम ने मामले में कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास की कोशिश की गई,लेकिन जनता पूरी तरह से वाकिफ है। उन्होंने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रशासन यदि सचेत रहती तो ऐसा करने का कोई हिम्मत हो नहीं करता। मामले को लेकर थाना समेत प्रशासनिक अधिकारी को आवेदन देकर आरोपित की शिनाख्त कर कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय हो कि जन सुराज के उम्मीदवार सरफराज आलम और उसके प्रचार में लगी बॉलीवुड कलाकार अपर्णा मल्लिक की एक एआई से अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।सरफराज आलम पूर्व केंद्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं और जोकीहाट के पूर्व विधायक के साथ ही अररिया के पूर्व सांसद रहे हैं।जोकीहाट विधानसभा से जन सुराज पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063